

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





11 आउट होना मेरी नाराजगी का सबब...

इस बार विद्रोह का मकसद शिवसेना को... 12



वर्ष : 10 | अंक : 71 | पटना, मंगलवार, 26 जुलाई 2022 | श्रावण मास कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C

न्यूनतम तापमान 28.0°C

मौसम विभाग के अनुसार गर्मी से राहत मिलेगी और बारिश होने की संभावना है।

**पोल**

**क्या महाराष्ट्र में शिवसेना के बाद कांग्रेस को लगेगा झटका?**

| | |
|---|---|
| हां | 50% |
| नहीं | 40% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 52,510 |
| चांदी | 54,900 |
| सेंसेक्स | 55,766 |
| निफ्टी | 16,631 |

# उद्योगपतियों को पसंद आई बिहार की टेक्सटाइल व लेदर पॉलिसी

**इन्वेस्टर्स मीट**

- लुधियाना में बिहार इन्वेस्टर्स मीट में 30 से ज्यादा कंपनियां हुई शामिल
- राज्य में निवेश की संभावना पर गंभीरता से विचार का जताया इरादा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



बिहार की टेक्सटाइल पॉलिसी देश के बड़े टेक्सटाइल हब लुधियाना के उद्योगपतियों को पसंद आई है। बिहार में बना उद्योग का माहौल भी पंजाब के उद्योगपतियों को बिहार में निवेश के लिए आकर्षित कर रहा है। सोमवार को लुधियाना में बिहार इन्वेस्टर्स मीट हुआ जिसमें लुधियाना की टेक्सटाइल की कंपनियां खासकर होजरी, यार्न, सर्दी के कपड़ों के निमार्ता व एफएमसीजी, ऑटो कंपोनेंट्स और अन्य सेक्टर से जुड़े उद्योगपति शामिल हुए। लुधियाना में हुए बिहार इन्वेस्टर्स मीट में शामिल होने वाले प्रमुख उद्योगपति रहे नाहर ग्रुप के चेयरमैन कमल ओसवाल, क्रिमिका ग्रुप के सीएमडी अनूप वेक्टर, गर्ग एक्रेलिक ग्रुप ऑफ कंपनीज के सीएमडी संजीव गर्ग, अरिसुदाना ग्रुप के सीएमडी गगन खन्ना, दीपक फास्टनर्स ग्रुप के दीपक कालरा और संजीव कालरा, सत्यम ऑटो इंडस्ट्रीज के सीएमडी गौतम मुंजाल व अन्य। लुधियाना में हुए बिहार इन्वेस्टर्स मीट में टेक्सटाइल, एफएमसीजी, ऑटो कंपोनेंट्स और अन्य सेक्टर की 30 से ज्यादा कंपनियां शामिल हुईं। इस अवसर पर उद्योग मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा कि बिहार के लोगों ने पूरे देश में अपनी मेहनत से उद्योग को सफल बनाया है और बना रहे हैं। बिहार की श्रमशक्ति बिहार की ताकत हैं, ये पंजाब के उद्योगपति अच्छी तरह जानते हैं। उन्होंने कहा कि टेक्सटाइल सेक्टर के साथ साथ हर तरह उद्योगों के लिए हमारी पॉलिसी भी बेहतरीन है। कहा कि आप जहां उद्योग चला रहे हैं, चलाएं लेकिन उद्योग का नया विस्तार बिहार में करें ताकि पूर्वोत्तर भारत के बड़े बाजार तक आपकी पहुंच आसान हो।

**द्रौपदी मुर्मू ने देश के 15वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली**

# जनता का हित सर्वोपरि : मुर्मू

## मैंने अपने अब तक के जीवन में जनसेवा में ही जीवन की सार्थकता को अनुभव किया





नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को संसद भवन के केंद्रीय सभागार में देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद की शपथ ली। भारत के मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना उन्हें 15वें राष्ट्रपति पद की शपथ दिलाई। राष्ट्रपति मुर्मू ने हिन्दी में शपथ लेने के बाद पुस्तिका में हस्ताक्षर किए। इसके साथ ही वह देश की पहली महिला आदिवासी राष्ट्रपति बन गईं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शपथ लेने के बाद पहली बार संसद को संबोधित करते हुए कि राष्ट्रपति के रूप में उनका चुनाव करोड़ों भारतीयों के विश्वास का प्रतिबिंब है। ये हमारे लोकतंत्र की ही शक्ति है कि उसमें एक गरीब घर में पैदा हुई बेटी, दूर-सुदूर आदिवासी क्षेत्र में पैदा हुई बेटी, भारत के सर्वोच्च संवैधानिक पद तक पहुंच सकती है। उन्होंने कहा,मैं भारत के समस्त नागरिकों की आशा-आकांक्षा और अधिकारों की प्रतीक इस पवित्र संसद से सभी देशवासियों का पूरी विनम्रता से अभिनंदन करती हूं। उन्होंने कहा, कल यनी 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस भी है। ये दिन, भारत की सेनाओं के शौर्य और संयम दोनों का ही प्रतीक है। मैं आज, देश की सेनाओं को तथा देश के समस्त नागरिकों को कारगिल विजय दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं देती हूं।' राष्ट्रपति मुर्मू के इस संबोधन में अमृतकाल की सिद्धि का संकल्प भी समाहित है।

**अमृतकाल में नया दायित्व मिला**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि ये भी एक संयोग है कि जब देश अपनी आजादी के 50वें वर्ष का पर्व मना रहा था तभी मेरे राजनीतिक जीवन की शुरूआत हुई थी। और आज आजादी के 75वें वर्ष में मुझे ये नया दायित्व मिला है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा,मैं देश की ऐसी पहली राष्ट्रपति भी हूं जिसका जन्म आजाद भारत में हुआ है। सबका प्रयास और सबका कर्तव्य के आधार पर होगा काम।हमारे स्वाधीनता सेनानियों ने आजाद हिंदुस्तान के हम नागरिकों से जो अपेक्षाएं की थीं, उनकी पूर्ति के लिए इस अमृतकाल में हमें तेज गति से काम करना है। इन 25 वर्षों में अमृतकाल की सिद्धि का रास्ता दो पटरियों पर आगे बढ़ेगा-सबका प्रयास और सबका कर्तव्य।'

**भविष्य के भारत की नींव रख रहे युवा**

उन्होंने कहा, मैं अपने देश के युवाओं से कहना चाहती हूं कि आप न केवल अपने भविष्य का निर्माण कर रहे हैं बल्कि भविष्य के भारत की नींव भी रख रहे हैं। देश के राष्ट्रपति के तौर पर मेरा हमेशा आपको पूरा सहयोग रहेगा। मैंने जंगल और जलाशयों के महत्व को अपने जीवन में महसूस किया है। मैंने अपने अब तक के जीवन में जनसेवा में ही जीवन की सार्थकता को अनुभव किया है।

**खड़गे की सीट को लेकर विवाद**

राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल ने सोमवार को कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों के इस दावे का खंडन किया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के शपथ ग्रहण समारोह में उच्च सदन के नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को ऐसी सीट पर बैठाया गया जो उनके पद की गरिमा के अनुरूप नहीं थी। गोयल ने उच्च सदन में कहा कि कांग्रेस के एक नेता और इस सदन के सदस्य ने बेबुनियाद ट्वीट कर जनता को गुमराह करने की कोशिश की।

**भारत में गरीब भी देख सकता है सपना**

देश की प्रथम नागरिक मुर्मू ने कहा,राष्ट्रपति के पद तक पहुंचना, मेरी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, ये भारत के प्रत्येक गरीब की उपलब्धि है। मेरा निर्वाचन इस बात का सबूत है कि भारत में गरीब सपने देख भी सकता है और उन्हें पूरा भी कर सकता है। मेरे इस निर्वाचन में पुरानी लीक से हटकर नए रास्तों पर चलने वाले भारत के आज के युवाओं का साहस भी शामिल है। ऐसे प्रगतिशील भारत का नेतृत्व करते हुए आज मैं खुद को गौरवान्वित महसूस कर रही हूं।'

**मुर्मू का पदभार ग्रहण करना ऐतिहासिक क्षण : मोदी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के 15वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने पर द्रौपदी मुर्मू को बधाई दी और कहा कि उनका देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद को संभालना भारत के लिए ऐतिहासिक क्षण है, खासकर गरीबों, वंचितों और कमजोर वर्गों के लिए। उन्होंने कहा, पूरे देश ने आज गर्व से द्रौपदी मुर्मू को भारत के राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेते देखा।

# मानसून सत्र : सदन में हंगामा करने पर कांग्रेस के चार सांसद निलंबित

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



लोकसभा में तख्तियां लेकर महंगाई के विरोध में नारेबाजी के बाद कांग्रेस के चार सांसदों को सदन से निलंबित कर दिया गया। कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर, ज्योतिमणि, राम्या हरिदास और टीएन प्रतापन को पूरे सत्र के लिए निलंबित किया गया है। वहीं लोकसभा की कार्यवाही 26 जुलाई, सुबह 11 बजे के लिए स्थगित कर दी गई है। सदन की कार्यवाही स्थगित करने के पहले अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठे राजेंद्र अग्रवाल ने कांग्रेस के चार सांसदों को हंगामा करने के लिए नामित किया और नियम 374 के तहत कांग्रेस के चार सांसदों को सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया। महंगाई के मुद्दों पर केंद्र से चर्चा की मांग को लेकर विपक्षी सांसदों ने सोमवार को सदन में नारेबाजी की और तख्तियां दिखाईं।

**सरकार चर्चा को तैयार**

लोकसभा अध्यक्ष बिड़ला ने कहा, तीन बजे बाद सदन में चर्चा करवाने के लिए तैयार हूं। सरकार चर्चा कराने को तैयार है। उन्होंने कहा कि लेकिन यदि पोस्टर ही दिखाना हैं तो तीन बजे बाद सदन के बाहर दिखाइएगा। हंगामे के कारण सदन कार्रवाई शुरू होने के करीब 20 मिनट बाद दोपहर तीन बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

**लोकसभा अध्यक्ष ने दी नसीहत**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उनको नसीहत दी। स्पीकर ओम बिरला ने कहा, ये लोकतंत्र का मंदिर है, सदन की गरिमा बनाए रखना सदस्यों की जिम्मेदारी है। सरकार चर्चा करने के लिए तैयार है। मैं सदस्यों से सदन में पोस्टर नहीं लाने का आग्रह करता हूं। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा, अगर आप चर्चा करना चाहते हैं तो मैं इसके लिए तैयार हूं, लेकिन अगर सदन में केवल तख्तियां दिखाना चाहते हैं तो दोपहर तीन बजे के बाद सदन के बाहर ऐसा कर सकते हैं। देश की जनता चाहती है कि सदन चले। बिरला ने चेतावनी दी कि सदन में तख्तियां लाने वाले किसी भी सांसद को कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## संक्षिप्त खबर

### पूर्वांचल एक्सप्रेसवे दुर्घटना में हुई मौत पर सीएम ने जताया शोक

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिला के लोनी कटरा थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव के पास पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर हुयी सड़क दुर्घटना में बिहार के रहनेवाले 8 लोगों की हुई मौत पर मर्माहत हैं। उन्होंने इस घटना को काफी दुःखद बताया है। मुख्यमंत्री ने इस घटना में मृत लोगों के शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने इस घटना में बिहार के मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 02-02 लाख रुपए अनुग्रह अनुदान देने की घोषणा की है। उन्होंने बिहार के रहनेवाले घायलों के समुचित इलाज की भी व्यवस्था करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया है। मुख्यमंत्री ने हादसे में घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।

### सीएम योगी ने हेलीकॉप्टर से की कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हेलीकॉप्टर से कांवड़ यात्रा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कांवड़ियों पर फूल भी बरसाए। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि सोमवार को दिल्ली की दो दिवसीय यात्रा से वापसी के दौरान मुख्यमंत्री ने हेलीकॉप्टर से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा का जायजा लिया और कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा भी की। योगी ने पूर्व में ही प्रशासनिक अधिकारियों को हेलीकॉप्टर से कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा करने और कांवड़ यात्रा की निगरानी करने के निर्देश दिए थे। कोरोना महामारी के बाद यह पहला मौका है, जब प्रदेश में कांवड़ यात्रा आयोजित की जा रही है। सड़कों पर शिव भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा है।

# आबकारी नीतिः एक और शिकायत, एलजी ने दिए जांच के आदेश

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली सरकार की नई शराब नीति पर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना पहले सीबीआई जांच के आदेश दे चुके हैं। अब उनको एक और नई शिकायत मिली है, जिसके बाद उन्होंने दूसरी जांच के आदेश भी दे दिए हैं। उपराज्यपाल कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने काली सूची में डाले गये फर्म के पक्ष में आबकारी लाइसेंस के माध्यम से साठगांठ के आरोप पर दिल्ली के मुख्य सचिव से रिपोर्ट मांगी हैं। दिल्ली सरकार की मुश्किलें अब और बढ़ सकती हैं। पहली शिकायत मामले पर ही दिल्ली की सियासत अभी गरम है, अब नई शिकायत पर भी जांच के आदेश हो गए हैं।

**घोषणा** | **प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने जारी की नई सूची**

# जदयू प्रदेश पदाधिकारियों की सूची जारी, 6 नए प्रदेश उपाध्यक्ष बने

**मनोनयन**

- 24 महासचिव, 26 प्रदेश सचिव तथा चार प्रदेश प्रवक्ताओं का मनोनयन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



जदयू प्रदेश पदाधिकारियों की सूची जारी की गई है। प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने सोमवार को प्रदेश कमिटि की नई लिस्ट जारी की है। श्री कुशवाहा ने बताया कि पूर्व में जारी प्रदेश पदाधिकारियों को यथावत रखा गया। इसके साथ ही 6 प्रदेश उपाध्यक्ष, 24 महासचिव, 26 प्रदेश सचिव तथा चार प्रदेश प्रवक्ताओं को तत्काल प्रभाव से मनोनीत किया गया है।

जिन नेताओं को प्रदेश उपाध्यक्ष की कुर्सी दी गई है उनमें विधान पार्षद राधाचरण साह को भोजपुर, मुनेश्वर चौधरी सारण, निहोरा प्रसाद यादव-पटना, विक्रम कुंवर सिवान, महेश्वर प्रसाद यादव और मुनेश्वर सिंह गया शामिल हैं। प्रदेश महासचिव की लिस्ट में विधान पार्षद रीना यादव के साथ-साथ पूर्व विधायक वशिष्ठ सिंह और हेम नारायण शाह शामिल हैं। पूर्व विधायक प्रदीप सिंह को भी प्रदेश महासचिव बनाया गया है। कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे सदानंद सिंह के बेटे शुभानंद मुकेश को भी प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है। इसके अलावा लोक प्रकाश सिंह और अन्य नेताओं को भी प्रदेश महासचिव बनाया गया है। मंजित सिंह, सनील कुमार सिंह, अंजूम आरा एवं परिमल कुमार को प्रदेश प्रवक्ता बनाया गया है। वहीं, रीना यादव, वशिष्ठ सिंह, देव नारायण सिंह, प्रदीप सिंह, सुभानंद मुकेश, डॉ धर्मेंद्र कुमार चंद्रवंशी, गोविंद सिंह, मुर्तजा अली कैसर, रामनाथ रमण, नंदकिशोर चौधरी, सुनील कुमार, विजेंद्र नारायण यादव, जागेश्वर राय कमलेश सिंह, अनिल सिंह, शांतनु सिंह, अशोक कुमार बादल, अरुण कुशवाहा, लोक प्रकाश सिंह, मनोज उपाध्याय, अमरेंद्र सिंह चंद्रवंशी, रमेश ऋषि देव, डॉक्टर बी वी प्रभाकर एवं अक्षय झा को प्रदेश महासचिव बनाया गया है। इसके साथ ही प्रमोद पटेल, अब्दुल कयूम, राजेंद्र सिंह जॉर्ज, कौशल किशोर कुशवाहा, नरेंद्र पटेल, जितेंद्र पटेल, नीलू पटेल, श्याम कुमार राय, राजकुमार गुप्ता, राजीव रंजन पटेल, ओमप्रकाश सिंह सेतु, विक्रम कुमार उर्फ सिंह सुशील उपाध्याय, अब्दुल बाकी, चंदन यादव, सत्य प्रकाश तिवारी, राणा राम कृष्णा, राजू गुप्ता, प्रभात रंजन सिंह उर्फ दीपक सिंह पवन मिश्रा, मुकेश विद्यार्थी, प्रहलाद सरकार, नंदकिशोर कुशवाहा, मनीष यादव, विनोद राय एवं अखिलेश मेहता को प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है।




## संक्षिप्त खबरें

### हथुआ सैनिक स्कूल से छात्र लापता

गोपालगंज। जिले के हथुआ स्थित सैनिक स्कूल से एक छात्र लापता हो गया। सोमवार की सुबह छह बजे के करीब छात्र की लापता होने की सूचना पर स्कूल प्रशासन सकते में आ गया। इसको लेकर स्कूल प्रशासन द्वारा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सहित कई जगहों पर खोजबीन की गयी। लेकिन छात्र के बारे में कोई सुराग नहीं मिलने पर हथुआ थाने में इसकी सूचना दी गयी है। लापता छात्र मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के कैलारस तहसील के नीरारा गांव निवासी सुरेन्द्र कुमार धाकड़ के 13 वर्षीय पुत्र अंकित धाकड़ बताया जाता है। जो हालही में अपने घर से स्कूल आया था। स्कूल से छात्र को लापता हो जाने की सूचना मिलते ही स्कूल प्रशासन ने पुलिस को इसकी जानकारी देते हुए छात्र के परिजनों को भी इसकी जानकारी दी गई है। वैसे छात्र के अचानक लापता होने को गंभीरता से लेते हुए पुलिस इस मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

### नवनिर्वाचित राष्ट्रपति को जीत की बधाई

टेटिया बंबर। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू की ऐतिहासिक जीत को सुनकर लोगों ने बधाई दी बधाई देने वाले लोगों में समाजसेवी रमन कुमार रंजन प्रखंड जदयू अध्यक्ष रामनाथ सिंह प्रखंड भाजपा अध्यक्ष राम मोहन केसरी जदयू के नेता गोरेलाल मंडल लखन लाल चौरसिया सरवन कुमार सिंह भाजपा नेता डॉक्टर नरेंद्र प्रसाद केशरी श्री हेमंत सिंह सुधांशु सिंह कर्म सिंह अजय मंडल प्रखंड लोजपा अध्यक्ष रामविलास विभाकर सिंह जदयू नेता सह पूर्व प्रखंड प्रमुख निरंजन निशाद विनोद बिंद सहित कई लोगों ने बधाई दी है।

### थावे में तीन वारंटी गिरफ्तार

गोपालगंज। जिले के थावे थाने की पुलिस ने छापेमारी कर तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष मिथिलेश प्रसाद सिंह ने बताया कि गिरफ्तार वारंटियों में जादोपुर थाने के पतहरा गांव के इंदल सहनी, कबिलासपुर गांव के रामबड़ाई महतो और अवधेश महतो शामिल हैं। पूछताछ के बाद तीनों वारंटियों को सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### कार की ठोकर से स्कूटी सवार दो महिलाएं घायल

गोपालगंज। जिले के कुचायकोट थाने के ढोढवलिया गांव के पास सोमवार को एनएच पर एक अनियंत्रित कार चालक ने एक स्कूटी में ठोकर मार दी। जिससे स्कूटी पर सवार दो महिलाएं घायल हो गईं। दोनों महिलाओं को स्थानीय लोगों ने सीएससी में इलाज के लिए भर्ती कराया। प्राथमिक इलाज के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। घायल महिलाओं में रामपुर बाबू गांव की गुड़िया तिवारी व रंभा तिवारी शामिल हैं।

### आपसी विवाद में मारपीट में दो लोग घायल

गोपालगंज। जिले के महम्मदपुर थाने के घोंघाराहां गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में दो लोग घायल हो गए। घायलों में चंदन कुमार तथा मुकेश कुमार शामिल हैं। जिनका इलाज सीएचसी में चल रहा है। घटना की सूचना पाकर पंहुची पुलिस घायलो का बयान दर्ज कर मामले की छानबीन करने में जुट गयी है।

### छापेमारी में शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

गोपालगंज। जिले के बैकुंठपुर थाने की पुलिस ने कतालपुर गांव में छापेमारी कर पांच लीटर देसी शराब के साथ तस्कर शत्रुघ्न राम को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष धनंजय कुमार राय ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### लछवार दुर्गा मंदिर से निकाली गयी कलश यात्रा

गोपालगंज। जिले के थावे प्रखंड की लछवार पंचायत के लछवार दुर्गा मंदिर से सावन माह के दूसरे सोमवार को गाजे-बाजे व घोड़े के साथ कलश यात्रा निकली गयी। इसमें 1101 कन्याओं समेत हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिर के मुख्य पुजारी लालका बाबा की देखरेख में दुर्गा मंदिर परिसर से निकली कलश यात्रा इटवा धाम पहुंची। जहां पर मंत्रोच्चार के बीच जल भरा गया। हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। उसके बाद सिंहपुर होते हुए कलश यात्रा लछवार दुर्गा मंदिर परिसर में स्थित शिव मंदिर में पहुंची। यहां जलाभिषेक किया गया। श्रद्धालुओं बीच पूड़ी हलुआ का प्रसाद वितरण किया गया।

# 10.18 करोड़ की लागत से बनेगा सासाराम में कोर्ट भवन

रोहतास ब्यूरो, प्रात: किरण




**निर्माण**

- जी-फोर के बदले जी प्लस फाइव मंजिला इमारत होगी
- अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा भवन, लिफ्ट से लेकर आटोमेटिक फायर अलार्म, रेन वाटर हार्वेस्टिग, स्ट्राम वाटर ड्रेन समेत अन्य सुविधाएं उपलब्ध होगी

**सासाराम।** भवन की कमी का दंश झेल रहे रोहतास जिला मुख्यालय सासाराम का व्यवहार न्यायालय वर्षों से भवन की कमी का दंश झेल रहा था, अब अच्छी खबर है। सरकार ने यहां पर छह नए भवन निर्माण की अनुमति दी है जो ग्राउंड फ्लोर के अलावा पांच मंजिला होगा। जिला कोर्ट में बनने वाले नए भवन पर 10.18 करोड़ रुपये खर्च होंगे, वहीं अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय को पूर्व से स्वीकृत राशि में भी संशोधन किया गया है। वहां भी जी-फोर के बदले जी प्लस फाइव मंजिला इमारत होगी, जिसमें कोर्ट हाजत भवन भी होगा।

इसपर 33 करोड़ 81 लाख 43 हजार रुपये खर्च होंगे। जहां जल जीवन, हरियाली मिशन की झलकियां भी दिखेगी। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा भवन, लिफ्ट से लेकर आटोमेटिक फायर अलार्म, रेन वाटर हार्वेस्टिग, स्ट्राम वाटर ड्रेन समेत अन्य सुविधाएं उपलब्ध होगी। नए कोर्ट भवन पर खर्च होने वाली राशि की प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है। 26 हजार वर्ग फीट में होगा भवन। अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय डेहरी के भवन 56 हजार वर्गफीट के होंगे। ग्राउंड लेवल पर जहां वाहनों को खड़ा करने की व्यवस्था होगी, वहीं अन्य तल पर न्यायालय कक्ष व कार्यालय के अलावा अन्य कार्य के लिए कमरा बनाया जाएगा। भू-तल के अलावा पांच मंजिला भवन के सभी तल का अलग-अलग एरिया होगा। जिला प्रशासन ने अनुमंडलीय कोर्ट भवन निर्माण के लिए डेहरी में ही एसपी आवास के समीप आठ एकड़ भूमि उपलब्ध कराई गई है, अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय डेहरी में फिलहाल पांच कोर्ट कार्यरत हैं, जिसमें एसडीजेएम व मुंसिफ के एक-एक और तीन न्यायिक दंडाधिकारी का कोर्ट शामिल है। जहां पर अनुमंडल क्षेत्र से जुड़े डेहरी, अकोढ़ीगोला, तिलौथू, रोहतास व नौहट्टा अंचल से संबद्ध थाना व ओपी से संबंधित फौजदारी व दीवानी मामलों की सुनवाई होती है। वर्तमान में अनुमंडल कार्यालय परिसर में कोर्ट का संचालन होता है। सासाराम मुख्य न्यायालय में तीन दर्जन से अधिक कोर्ट संचालित होते हैं। भवन के अभाव में दिक्कत से कामकाज होता है। एक दर्जन से अधिक कमरा पूरी तरह जर्जर हैं, जहां पर कार्य करने में न्यायिक पदाधिकारियों व कर्मियों को बरसात के मौसम में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बारिश होने पर मुकदमों से संबंधित अभिलेख बर्बाद हो जाते हैं। न्यायालय प्रशासन को स्वयं प्रत्येक वर्ष मरम्मति भी कराना पड़ता है।

# छात्र संगठनों का गुस्सा फूटा, किया प्रति कुलपति के शरीर पर मोबिल का छिड़काव

भागलपुर, प्रात: किरण संवाददाता



**कार्य**

- अंग क्रांति सेना और अखिल बिहार छात्र एकता के कार्यकर्ता वार्ता करने पहुंचे प्रति कुलपति आवास, वार्ता के दौरान ही हुआ यह कार्य

तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के स्थाई कुलपति को लेकर तकरीबन 9 दिनों से विश्वविद्यालय में तालाबंदी है, इसी बाबत अंग क्रांति सेना के कार्यकर्ता और अखिल बिहार छात्र एकता के छात्र प्रति कुलपति से वार्ता करने उनके आवास पर पहुंचे, जहां पर प्रति कुलपति से वार्ता के दौरान अंग क्रांति सेना के कार्यकर्ता और अखिल बिहार छात्र एकता के संयोजक ने प्रति कुलपति के चेहरे पर जली हुई मोबिल का छिड़काव कर दिया। प्रति कुलपति पर मोबिल छिड़कने के बाद प्रति कुलपति के आवास परिसर का माहौल ही बदल गया।

तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ. रमेश कुमार पर वार्ता के दौरान अंग क्रांति सेना और अखिल बिहार छात्र एकता संयोजक के द्वारा प्रति कुलपति पर मोबिल डालते ही विश्वविद्यालय के कई अधिकारी इकट्ठा होना शुरू हो गए। वहीं प्रति कुलपति ने बताया कि मैं अपने आवास पर खाना खा रहा था तभी गेटमैन ने आकर मुझसे कहा कोई पत्रकार मिलना चाहते हैं तभी मैंने सोचा की विश्वविद्यालय में बंदी चल रही है इसी बाबत पत्रकार आए होंगे, वैसे भी हमारे आवास पर प्रिंट मीडिया के पत्रकार आए दिन मिलने आया करते हैं, यही सोचकर मैं जब उन लोगों को अपने आवास के अंदर बुलाया तो देखा अंग क्रांति सेना के कुछ कार्यकर्ता और अखिल बिहार छात्र एकता के कार्यकर्ता थे जो पत्रकारों के नाम का सहारा लिया है, तभी उक्त लोगों से विश्वविद्यालय के विषयों को लेकर वार्ता के दौरान मेरे ऊपर बिना कुछ कहे सुने जली हुई मोबिल निकाल कर उढेल दिया। इस तरह का घिनौना कार्य कहीं से कतई सही नहीं है। इस पर जल्द से जल्द कार्रवाई होनी चाहिए कुछ देर बाद विश्वविद्यालय के तमाम अधिकारियों के साथ प्रति कुलपति ने बैठक की है। मामले को लेकर प्रति कुलपति ने कहा है कि जो भी इस तरह का घिनौना कार्य किए हैं उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। वही कुलपति ने एसएसपी से बात करते हुए उन सभी दोषियों की जल्द एफआईआर कर गिरफ्तारी की मांग की गई है।

## राष्ट्रपति मुर्मू के शपथ ग्रहन को लेकर पारंपरिक नृत्य संगीत का आयोजन



अररिया, प्रात: किरण संवाददाता

भारत की नयी राष्ट्रपति के रूप में द्रौपदी मुर्मू के पदभार ग्रहण करने पर अररिया के बेला में आदिवासी पुरूषों एवं महिलाओं ने पारंपरिक गीत बजाकर उसपर नृत्य किया जौर जश्न मनाया।

आयोजन में सम्मलित सभी आदिवासी समुदाय के लोग अपने समुदाय के राष्ट्रपति बनने से खासा उत्साहित दिखे। आयोजन में उपस्थित बेला पंचायत के पूर्व मुखिया सफीकुल्लह ने अपने संबोधन में कहा कि ये बहुत ही गर्व की बात है कि एक आदिवासी समुदाय की महिला आज भारत की प्रथम महिला बनी। साथ ही अपने संबोधन में महामहिम के जीवन पर भी प्रकाश डाला।

बताते चले कि आदिवासी उरांव नृत्य कला परिषद अपने नृत्य से जिला मुख्यालय अररिया तक अपनी शानदार प्रस्तुति के लिए जानी जाती रही है। कार्यक्रम में कृष्ण कुमार उरांव, शिवनरायन उरांव, सुरेंद्र उरांव, मिथुन उरांव, सुशील उरांव, शुनिल उरांव, ग्राम पंचायत बेला के वर्तमान मुखिया जमशेदआलम, इंद्रदेव यादव, राजेन्द्र राय, शिवनरायन मंडल आदि उपस्थित थे।

## हथुआ शाखा नहर में हुआ सुरंग, अधिकारियों ने जेसीबी से कराया बंद

**गोपालगंज।** जिले के फुलवरिया प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत राज फुलवरिया अंतर्गत छतु बथुआ गांव के समीप से होकर गुजरी हथुआ शाखा नहर के पश्चिमी बांध में सुरंग हो जाने के कारण तेजी से पानी का बहाव हो रहा था। जिसकी सूचना स्थानीय लोगों ने हथुआ शाखा नहर के स्थानीय कर्मी वशिष्ठ यादव को दी। स्थानीय कर्मी सुरंग के पास पहुंचे तथा इसकी सूचना वरीय पदाधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही वरीय पदाधिकारियों में जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता इंजीनियर निरंजन प्रसाद, कार्यपालक अभियंता इंजीनियर भुवनेश्वर प्रसाद, सहायक अभियंता इंजीनियर सरफराज आलम तथा कनीय अभियंता विशंभर कुमार दल बल के साथ हथुआ शाखा नहर के सुरंग के पास पहुंचे। जहां घंटों जांच उपरांत जेसीबी की मदद से सुरंग को बंद करवाया गया। इस दौरान जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता इंजीनियर निरंजन प्रसाद ने बताया कि पानी की तेज बहाव तथा पेड़ झांकियों की बीच चूहों द्वारा बनाए गए बिल को खोदकर यह सुरंग बन गया था। जिसे स्थानीय लोगों की चतुराई भरी सूचना से बांध टूटने से पहले ही मरम्मत करवा दिया गया है।

# महिलाओं ने वृक्षारोपण कर मनाया सावन महोत्सव

गया, प्रात: किरण संवाददाता



जिले के सिकरिया मोड़ स्थित ब्रह्मयोनी पहाड़ के तराई के समीप ओटीए गोल्फ ग्राउंड में हमारा पेड़ हमारा पर्यावरण ग्रुप के महिला पर्यावरण साथियों ने पर्यावरण रैली निकाली। इस अवसर पर नारी शक्तियों ने गीत गाकर सावन महोत्सव मनाया। बारिश के लिए की महिलाओं ने पूजा अर्चना की।

ईश्वर और प्रकृति की पूजा कर अछी वर्षा की कामना की। महिलाओं ने सैकड़ों फलदार पैधो का वृक्षारोपण भी किया। महिलाओं ने कहा कि हमारे जीवन मे प्रत्येक पौधों का काफी महत्व है। हम सभी को पौधरोपण कार्य निरंतर जारी रखना होगा। महिलाओं ने कहा कि पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए बृक्षारोपण अति जरूरी है। महिलाओं ने कहा कि हमारा पेड़ हमारा पर्यावरण ग्रुप ने जो मुहिम चलाया है तो काफी सराहनीय कदम है, जिसका सहयोग करना हम सभी का कर्तब्य है। जलवायु परिवर्तन मानवीय जीवन के लिए बड़ी चुनोती है। जिसका विकल्प मात्र प्रकृति का संरक्षण और अधिक से अधिक पौधरोपण करना है। महिलाओं ने सावन महोत्सव के अवसर पर वृक्षारोपण कर गया ही नही बल्कि पूरे बिहार के लिए हमारा पेड़ हमारा पर्यावरण ग्रुप ने ऐतिहास रचा है। वही महिलाओं द्वारा किये जा रहे ऐतिहासिक कार्य के लिए पुरुषों ने महिलाओं पर पुष्प वर्षा की। नारी शक्ति को नमन किया। आज का सावन महोत्सव उत्सव, प्रकृति रक्षा, और नारी सशक्तिकरण का अनूठा समागम रहा। मौके पर नीलम पासवान, प्रो प्रतिभा, सुनीता यादव, श्वेता राज, डॉली शर्मा, डॉ आरती कुमारी, सुश्री कृति, उषा सिन्हा, सरिता अग्रवाल, रानी गुप्ता, अंजू अग्रवाल, निशा नंदनी, मंजू कुमारी, सुशीला देवी, सविता किरण, रीना देवी, सुशीला देवी, जीरा देवी, बसंती देवी, साधना देवी, अनिता देवी, खुशबू कुमारी, बिभा देवी, नवनीत कुमारी, ममता, नर्मदा, सुचित्रा, अनामिका, अंजू, सुषमा, जुली, खुशबू, भूमि, रिया सहित 200 से ज्यादा महिला शामिल थी।

## प्रशिक्षण का आयोजन

**अरवल।** करपी प्रखंड मुख्यालय स्थित सभा कक्ष में पंचायत समिति सदस्यों के तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख संगीता देवी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बीडीओ ने कहा कि कई ऐसे सदस्य हैं जो पहली बार जीत कर आए हैं। पंचायत समिति सदस्य के कार्यों एवं उनके अधिकारों की जानकारी हो इसके लिए पंचायती राज विभाग के द्वारा पंचायत समिति सदस्यों के प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। इस प्रशिक्षण शिविर में सभी प्रतिनिधियों को उनके कार्यों एवं अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। प्रखंड प्रमुख ने सभी उपस्थित सदस्यों से आग्रह किया कि प्रशिक्षण को गंभीरता पूर्वक सुने एवं अपने अधिकारों का प्रयोग करें ।सभी समिति के सदस्यों की मान सम्मान की रक्षा की जाएगी। जिला पंचायत संसाधन केंद्र के प्रशिक्षक मुन्ना दास एवं विजय कुमार के द्वारा सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया। इस प्रशिक्षण में प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण मुस्कान श्री, निर्भय कुमार ,रूस्तम जेया ,मेराज अंसारी, राजीव कुमार तथा धनंजय कुमार भी उपस्थित थे।

# तीन सौ छात्रों को ऑन द स्पॉट मिला नियुक्ति पत्र

**रोजगार**

- गुजरात के बाइक कम्पनी ने दिया होनहार छात्रों को ऑफर
- मुकुल आई टी आई में लगा रोजगार मेला

गोपालगंज, प्रात: किरण संवाददाता



एक तरफ जहां रोजगार के लिए प्रशिक्षण प्राप्त युवकों को दर दर भटकना पड़ रहा है। तो वहीं मीरगंज शहर के मुकुल आई टी आई अपने प्रशिक्षण प्राप्त युवकों को ऑन द स्पॉट रोजगार के लिए ऑफर देकर एक कृतिमान स्थापित कर रहा है। सोमवार को इस आई टी आई में प्रशिक्षण प्राप्त युवकों को रोजगार मिल सके इसके लिए संस्थान ने रोजगार मेला का आयोजन किया। जिसमें गुजरात के सुजुकी मोटर प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी ने तीन सौ छात्रों का इंटरव्यू लिया। जिसमें दो सौ पचास छात्रों ने सफलता हासिल किया। जिनको ऑन द स्पॉट ऑफर लेटर कम्पनी के एच आर देवाशीष महापात्रा ने दिया। इस अवसर पर आई टी आई के डायरेक्टर मुकुल कुमार श्रीवास्तव ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि होनाहार छात्रों का दरवाजा हमेशा खुला हुआ है। वैसे जिन्होंने सफलता हासिल नहीं किया उनके लिए फिर से रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। इनको निराश होने की आवश्यकता नहीं है बल्कि मेहनत से गहन अध्ययन करने की आवश्यकता है। यह संस्थान प्रशिक्षण के साथ साथ रोजगार की भी गारंटी देते आया है और देता रहेगा। इधर प्राचार्य मधुकर श्रीवास्तव ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त छात्रों का कैंपस सेलेक्शन गुजरात की सुजुकी कम्पनी ने किया। कम्पनी ने संस्थान से इलेक्ट्रीशियन, फिटर, वेल्डर, डिप्लोमा मैकेनिकल का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके छात्रों का लिखित परीक्षा लिया। फिर इंटरव्यू के बाद चयन किया गया। चयनित सभी छात्रों को कम्पनी ने ऑफर लेटर दे दिया है। इस मौके पर फोरमैन सुधीर कुमार श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, मृत्युंजय कुमार, जितेंद्र कुमार, उपेन्द्र कुमार, सुकुल साह, रमाकांत सिंह, अनुराग कुमार सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी आदि थे।

## सोमवारी को कृष्णा डाक बम अजगैबीनाथ धाम से जल लेकर बैधनाथ धाम के प्रस्थान

**भागलपुर।** अजगैबीनाथ धाम मे सावन के दुसरी सोमवारी को कृष्णा डाक कावड़िया पहुची। वहीं कृष्णा डाक कावड़िया ने उत्तरवाहिनी गंगा में स्नान करते हुये बाबा भोलेनाथ की पुजा अर्चना करते हुये उत्तरवाहिनी गंगाजल लेकर देवघर बाबा धाम के निकल पड़ी। कृष्णा डाक बम को देखने के लिए शहर सहित कावड़ियों की भीड उमडी पडी। कई लोगों ने माता कृष्णा बम कहते प्रमाण कर आशीर्वाद लिये। आपको बताते चले कि कृष्णा बम कि उम्र.80 वर्ष हो चुकी हैं। वो 80 वर्ष होने पर भी 105 किलोमीटर कि कांवर यात्रा मात्र 24 घंटे के अंदर पहुंच कर भोलेनाथ को जलाभिषेक कर पूजा अर्चना करती है। इस दौरान उन्होंने बताया कि कोरोना महामारी मे दो वर्ष श्रावणी मेला नहीं लगने पर नहीं पहुची थी। वर्तमान समय में श्रावणी मेला का आयोजन होने पर पहले सोमवारी को बैधनाथ मे जल चढाने नहीं पहुची थी, लेकिन जो जल को लेकर प्रथम उज्जैन महाकाल शिव मंदिर में जल चढाने पहुची थी।

# मानदेय भुगतान को ले आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ की बैठक आयोजित

कैमुर, प्रात: किरण संवाददाता



बकाया मानदेय भुगतान सहित अन्य समस्याओं को ले बिहार आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ प्रखड शाखा अधौरा की बैठक स्थानीय प्रखण्ड कार्यालय पर आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता उमरावती देवी व संचालन अशोक श्रीवास्तव ने किया।

कार्यकम के मुख्य अतिथि नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव सह सीएफटीयूआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामायण पांडेय एलौन ने कहा की आंगनबाड़ी सेविकाएं एवं सहायिकाएं अपने कार्यक्षेत्र में हर सरकारी काम बखुबी से कर रही है तथा अतिरिक्त कार्यो में भी सरकार का सहयोग कर रही हैं, अतः सरकार इन्हें सरकारी कर्मचारी घोषित करते हुए मानदेय की जगह वेतनमान की घोषणा करे। श्री एलौन कई सेविकाओं तथा सहायिकाओं का मानदेय भुगतान सन 2018 से बकाया रहने पर चिंता जताते हुए इसे तत्काल भुगतान कराने की मांग सरकार से किया। वही महंगाई के अनुसार पोषाहार की राशी उपलब्ध कराने, सभी केंद्रों पर बर्तन उपलब्ध कराने, विभागीय मोबाइल जमा कराने, सभी मदो की राशि विवरणवार समय से बैंक में उपलब्ध कराने की मांग जिलाधिकारी, प्रोग्राम पदाधिकारी से किया गया। बैठक को सीएफटीयूआई बिहार के महामंत्री सुरेन्द्र प्रसाद सिहं, आआंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के प्रदेश महासचिव पुनम कुमारी, सरोज देवी, दुर्गा कुमारी मेहता, अशोक श्रीवास्तव, शोभा श्रीवास्तव, राणा प्रताप सिह, परमेश्वर सिह प्रमुख, शिवदेव सिहं, कवींद्र सिह, डॉ. रामलाल सिह, कुशुम यादव, हिरामुनी देवी, कुमारी ममता, दीपशिखा, लीलावती देवी, निर्मला देवी, अवदेश राम सर्वजीत भारती, लक्ष्मण राम, रामकुमार सहित अन्य लोगों ने सम्बोधित किया।

# सोमवारी को लेकर लाखों शिव भक्तों ने मंदिर में की पूजा अर्चना

भागलपुर, प्रात: किरण संवाददाता



अजगैबीनाथ धाम मे सावन के दुसरी सोमवारी को लेकर लाखों शिव भक्तों ने शिवलिंग पर जल अर्पित कर की पुजा अर्चना। पूरा मंदिर परिसर बोल बम के जयकारों से अजगैबीनाथ हुये गुंजयमान।

आपको बताते चलें कि दुसरे सोमवारी को शिव भक्त अजगैबीनाथ के उत्तरवाहिनी गंगा मे स्नान करते हुए अजगैबीनाथ मंदिर परिसर पहुंच कर शिवलिंग जल चढाने के लिए शिव भक्तों कि भीड़ उमड़ने लगी हैं। मंदिर में बिहार झारखंड सहित अन्य कई राज्यों से आये कावड़िया ने भी अजगैबीनाथ धाम पहुचकर बाबा भोलेनाथ की बनी अष्टधातु से बनी शिवलिंग की पुजा अर्चना करते हुये बोल बम के जयकारों के साथ देवघर स्थित बैधनाथ धाम के लिये प्रस्थान के लिए निकल पड़े हैं। पुराने समय से ऐसी मान्यता हैं कि सावन मास मे प्रत्येक सोमवार को बाबा भोलेनाथ को जल चढाने से शिव भक्तों कि सारी मनोकामनाएं पुर्ण होते हैं। वहीं कांवडिया मुजफ्फरपुर के अजय कुमार ने बताया कि कावड़िया संघ मुजफ्फरपुर से दस लोग की टीम सुलतानगंज पहुचे है। बाबा भोलेनाथ हम सबो कि सारी मनोकामनाएं पूर्ण की हैं। इस लिये बाबा भोलेनाथ के दरबार 15 वर्षों से अजगैबीनाथ धाम से जल लेकर बैधनाथ धाम पैदल यात्रा करते हैं। इसको लेकर जिला प्रशासन के निर्देश पर गंगा घाटों मे एसडीआरएफ कि टिम लगाये गये थे।

# एसएसपी ने कई थाने का किया निरीक्षण, कई थानों के भवन का निर्माण कार्य जल्द होगा शुरू

भागलपुर, प्रात: किरण संवाददाता



जिले के एसएसपी बाबूराम पीरपैंती और बाखरपुर ओपी थाना के साथ साथ कई थाना का औचक निरीक्षण किया हैं। निरीक्षण के दौरान एसएसपी में थाना के स्टेशन डायरी, सहित कई पंजियो का करीब दो घण्टे तक निरीक्षण किया हैं। इसके बाद पीरपैंती थाना परिसर पहुचे करीब आधा घण्टा तक थाना का भवन, बैरक आदि का निरीक्षण कर रख रखाव जायजा लिया। थाना का रख रखाव देख संतुष्टि जताई है। एसएसपी ने मीडिया को बताया कि बाखरपुर ओपी का रूटीन निरीक्षण किया गया है।

इस दौरान थानेदार को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है, जो भी कमी है उसे त्वरित दुरुस्त करने का निर्देश भी दिया गया है। एसएसपी ने कहा कि जल्द ही बाखरपुर ओपी और एकचारी दियारा ओपी थाना को अपना भवन होगा। दोनो थाने के लिए अंचलाधिकारी के माध्यम से जमीन चिन्हित कर प्रस्ताव के लिए भेज दिया गया है। उक्त जमीन पर जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा। उन्होंने कहा कि पीरपैंती, बाखरपुर इशीपुर क्षेत्र झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्र हैं, जहां से शराब कारोबारी के मंसूबों को हर हाल में विफल कर शराब तस्कर को रोकना पुलिस का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और विधि व्यवस्था नियंत्रण करना पुलिस की पहली प्राथमिकता है। वही दियारा इलाके में आपराधिक घटनाओं को लेकर एसएसपी ने कहा की बाखरपुर दियारा में किसान निर्भीक रहे, पुलिस 247 घण्टा सेवा में लगी है। एसएसपी ने एसडीएपीओ शिवानंद सिंह, इंस्पेक्टर आरआर सिंह, पीरपैंती थानाध्यक्ष राज कुमार प्रसाद के साथ बिहार झारखंड के बॉर्डर व सीमाई क्षेत्र मिजाचौकी पहुंच कर उक्त मार्ग से गुजरने वाली हर मार्ग के बारे मे विस्तृत जानकारी ली है।

# अंतरराज्यीय वाहन चोरी गिरोह का हुआ पर्दाफास

गोपालगंज, प्रात: किरण संवाददाता



जिले के सिधवलिया थाने की पुलिस ने चोरी के वाहन की तस्करी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए गिरोह में शामिल पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि सात वाहनों को भी जब्त किया।

उल्लेखनीय है कि थानाध्यक्ष धनंजय कुमार को सूचना मिली कि थानाक्षेत्र के लरौली गाँव के जितेंद्र कुमार सिंह द्वारा चोरी के वाहन की तस्करी की जा रही है। थानाध्यक्ष ने टीम बनाकर जितेंद्र सिंह के घर छापेमारी की जंहा से चार बोलेरो ,दो अल्टो कार और एक अपाची बाइक के साथ जितेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के क्रम में जितेंद्र सिंह के निशानदेही पर थानाक्षेत्र के डंगसी गाँव से चालक पिंटु कुमार मांझी, सिवान के बबुनिया मोड़ से पचरुखी थाना क्षेत्र के जसौली गाँव के सरल प्रसाद, चैकी बाबा मोड़ से जीवीनगर थानाक्षेत्र के श्रीकांत बंगरा निवासी भोला सिंह तथा चट्टी परसागढ़ से सारण जिले के एकमा निवासी बमबम पांडेय को पुलिस ने गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया कि इस गिरोह का काम चोरी के वाहनों की खरीद बिक्री करना था। बताया जा रहा है कि इस गिरोह के तार निकटवर्ती जिलों के साथ साथ उत्तर प्रदेश और नेपाल से भी जुड़ा हुआ है। पुलिस ने गिरफ्तार पांचों आरोपियों को न्याययिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### संजय जायसवाल अपने गिरेबां में झांकें: युवा राजद

पटना। राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के विरुद्ध भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल द्वारा दिए गए बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए युवा राजद के प्रदेश प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी अरुण कुमार यादव ने कहा कि जगदानंद बाबू जैसे वरिष्ठ समाजवादी नेता के विरुद्ध स्तरहीन बयानबाजी करने के पहले संजय जायसवाल को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। श्री यादव ने कहा कि संजय जायसवाल को वो दिन याद रखना चाहिए जब राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव जी के नीति सिद्धान्तों में आस्था रखते हुए जगदानंद बाबू के मार्गदर्शन में राजद से अपनी राजनीति यात्रा शुरु किए थे। उस समय जगदानंद बाबू का चरण वंदन और गुणगान करने से थकते नहीं थे। श्री यादव ने कहा कि राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह जी ने सच्च ही कहा पाकिस्तान एजेंटों के रूप में जो भी लोग पकड़े गए, वे सभी आरएसएस के लोग और हिन्दू थे। भाजपा नेताओं को सच्ची बात सुनने की आदत नहीं है इसलिए सच्ची बातों को सुनकर तिलमिला उठते हैं। भाजपा का चाल, चरित्र और चेहरा जनता के सामने में उजागर हो गया है। भाजपा को आगामी लोकसभा चुनाव में जनता सबक सिखाएगा।

### ज्ञान भवन में स्वनिधि महोत्सव का आयोजन 27 को

पटना। पटना नगर निगम द्वारा शहर के रेहड़ी-पटरी वालों में केंद्रीय स्वनिधि योजना के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए आजादी का अमृत महोत्सव के तहत बुधवार 27 जुलाई को स्वनिधि महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। ज्ञान भवन में इसका शुभारंभ उपमुख्यमंत्री करेंगे। इसके साथ ही बिहार सरकार के कई गणमान्य मंत्री एवं विधायक भी कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे। बता दें कि सरकार ने रेहड़ी-पटरी वालों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से स्वनिधि योजना शुरू की और मेले के दौरान लोगों में समक्ष योजना के कारण सफलता प्राप्त करने वाले कुछ लोगों की कहानियों को प्रस्तुत किया जाएगा। इसके साथ ही लगभग 5500 स्ट्रीट वेंडर्स को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया जाएगा। लगभग 50 से अधिक स्टॉल के माध्यम से स्ट्रीट वेंडर्स एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा अपने प्रोडक्ट की प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

# राज्य में वर्ष 2025 तक एनीमिया के प्रसार को कम करने की रणनीति पर जोर: मंगल पांडेय

## प्रति वर्ष तीन फीसदी एनीमिया के प्रसार को कम करने का उद्देश्य

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि वर्ष 2025 तक राज्य में एनीमिया प्रसार को कम करने की रणनीति पर विभाग विशेष जोर दे रहा है। इसको लेकर एनीमिया मुक्त भारत अभियान के क्रियान्वयन को सुदृढ़ करने के लिए विभाग ने सभी जिलों के सिविल सर्जन को पत्र के माध्यम से निर्देशित किया है। विभाग ने आईएफए टेबलेट एवं सिरप का शत-प्रतिशत अनुपूरण सामुदायिक उत्प्रेरक के माध्यम से आशा द्वारा कराए जाने का जिलों को निर्देश दिया है। श्री पांडेय ने कहा कि एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम पर पदाधिकारियों एवं कर्मियों को जानकारी प्रदान करने के लिए हिंदी में सरल एवं संक्षिप्त पुस्तिका विकसित की जाएगी।

एनीमिया मुक्त भारत रणनीति के तहत सभी आयु वर्ग के बच्चों, किशोरों, गर्भवती एवं प्रजनन आयु वर्ग के लोगों में प्रति वर्ष तीन प्रतिशत अनीमिया के प्रसार को कम करना उदेश्य है। इसे लेकर आयरन युक्त भोज्य पदार्थों के फायदे, खाना बनाने के लिए लोहे की कढ़ाई का उपयोग एवं बच्चों के बीच स्कूलों में आईएफए संबंधित जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा विभाग सभी जिलों में हीमोग्लोबीनोमीटर के माध्यम से समुदाय में रक्त जांच को बढ़ावा देने का कार्य करेगा। साप्ताहिक आयरन फोलिक एसिड अनुपूरण एवं एनीमिया मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम की गहन समीक्षा एवं विभाग के अधिकारियों की बेहतर भागीदारी के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आईसीडीएस विभाग के साथ राज्य स्तरीय समन्वय सह समीक्षात्मक बैठक एवं कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

श्री पांडेय ने कहा कि राज्य में वर्ष जुलाई 2019 से एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। इस अभियान के दौरान पूरे राज्य में छह से 59 माह आयु वर्ग, 5-9 वर्ष के बच्चे, 10-19 वर्ष आयुवर्ग के किशोरों एवं किशोरियों, 20-24 आयुवर्ग की प्रजनन महिलाओं के अलावा गर्भवती महिलाएं और धात्री माताओं को एनीमिया से मुक्त करने के लिए लक्षित किया गया है। इसमें छह से 59 माह के बच्चों को सप्ताह में दो बार आयरन फोलिक एसिड (आईएफए) सिरप एक एमएल आशा के माध्यम से गृह भ्रमण के दौरान दिया जा रहा है। जबकि 5-9 साल के बच्चों को सप्ताह में गुलाबी आयरन फोलिक एसिड की एक गोली प्राथमिक विद्यालय में प्रत्येक बुधवार को मध्याह्न भोजन के बाद शिक्षकों के माध्यम से दिया जा रहा है। विद्यालय नहीं जाने वाले लड़के-लड़कियों को आशा के माध्यम से दवा की खुराक दी जाती है। इसके अलावा 10-19 वर्ष के किशोर-किशोरियों को सप्ताह में एक बार नीली गोली विद्यालय में एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर प्रत्येक बुधवार को भोजन के बाद शिक्षकों द्वारा विद्यालय नहीं जाने वाली किशोरियों को आंगनबाड़ी सेविका के माध्यम से दिया जाता है। साथ ही प्रजनन उम्र की 20-24 वर्ष की महिलाओं को सप्ताह में एक बार लाल गोली बीएचएसएनडी स्थल पर आशा के माध्यम से दी जाती है। गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को 180 लाल आयरन फोलिक एसिड की गोली आरोग्य दिवस पर एएनएम के द्वारा सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में दिया जा रहा है।

# तेजस्वी यादव खींच रहे भारी भरकम जीप

## तेजी से वायरल हो रहा वीडियो



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव राजनीति के साथ-साथ फिटनेस पर भी विशेष ध्यान दे रहे हैं। फिटनेस के लिए इस कई तरह तरह से व्यायाम कर रहे हैं। इस कड़ी में उनके द्वारा जीप खींचने का वीडियो खूब वायरल हो रहा है। इससे पहले क्रिकेट खेलते हुए उनका वीडियो वायरल हुआ था। वे गेंद पर जोरदार तरीके से प्रहार कर रहे थे। दरअसल नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का वजन इन दिनों तेजी से बढ़ रहा है। जिसको लेकर पिछले दिनों बिहार दौरे पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उन्हें बढ़ते वजन को कम करने की सलाह दी थी। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री की सलाह को 33 वर्षीय नेता ने गंभीरता से लेना शुरू कर दिया है। जिसके बाद वह लगातार अपना वजन कम करने को लेकर मेहनत कर रहे हैं। वायरल वीडियो में तेजस्वी यादव अकेले ही जीप को पीछे की तरफ खिंचते हुए नजर आ रहा हैं जिसमें वह कामयाब भी हो जाते हैं। बिहार के नेता प्रतिपक्ष का यह वीडियो सामने आने के बाद तेजी से शेयर किया जा रहा है और इसे काफी पसंद किया जा रहा है। इस वीडियो में तेजस्वी यादव जीप खींचते हुए नजर आ रहे हैं। तेजस्वी यादव का वीडियो उनकी मां पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के 10 सर्कुलर स्थित आवास का है। वे अपने पापा लालू यादव की पुरानी जीप को खींच रहे हैं। यह जीप तब की है जब लालू यादव युवा हुआ करते थे।

### पटना जिले के 573 वार्डों से डोर टू डोर कचरा उठाने का काम हुआ शुरू

पटना। पटना जिले की पंचायतों के 573 वार्डों में डोर टू डोर कचरा उठाने का काम शुरू हो गया है। इसके लिए 64 स्वच्छता सुपरवाइजर और 91 ई-रिक्शा का इस्तेमाल किया जा रहा है। कचरा प्रबंधन के लिए इन क्षेत्रों में 115 पंचायत स्तर पर स्वच्छता कर्मी भी काम कर रहे हैं। सोमवार को जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह के निर्देश पर डीडीसी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान पर जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक हुई। इसमें ग्राम पंचायतों हेतु कार्य योजना का निर्माण, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन, कचरा प्रसंस्करण इकाई का निर्माण, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, मानव बल का चयन, यंत्रों की अधिप्राप्ति सहित विभिन्न बिन्दुओं पर समीक्षा की गई तथा अद्यतन प्रगति का जायजा लिया गया। वित्तीय वर्ष 2024-25 तक अभियान अंतर्गत जिले में 309 ग्राम पंचायतों को आच्छादित किया जाना है।

# भाजपा संयुक्त मोर्चा कार्यकारिणी की बैठक की तैयारी युद्धस्तर पर

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



- तैयारी को लेकर प्रदेश कार्यालय में हुई समीक्षा बैठक

भारतीय जनता पार्टी संयुक्त मोर्चा कार्यकारिणी की पटना में दो दिवसीय बैठक को सफल बनाने के लिए प्रदेश भाजपा जोरशोर से जुटी है। इसे लेकर सोमवार को भाजपा प्रदेश द्वारा बनाई गई 24 समितियों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें अब तक किए गए तैयारियों को लेकर विमर्श किया गया। इस बैठक का महत्व इसलिए भी बढ़ गया है कि संयुक्त मोर्चा कार्यकारिणी की बैठक के तौर पर पहली बार ऐसा आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन पार्टी के अध्यक्ष जे पी नड्डा जी करेंगे तथा समापन में गृह मंत्री अमित शाह जी उपस्थित रहेंगे। इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजय जायसवाल, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, बिहार प्रदेश के सह प्रभारी और सांसद हरीश द्विवेदी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र जी, संगठन महामंत्री भीखुभाई दलसानिया, उपाध्यक्ष राजेश , सह संगठन मंत्री महतो जी, एमएलसी अनिल शर्मा सहित कई लोग उपस्थित रहे। इस विषय पर और अधिक जानकारी देते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव रंजन ने कहा कि भाजपा की सभी सातों मोचाओं की एक साथ आयोजित हो रही यह कार्यकारिणी प्रधानमंत्री मोदी जी का अभिनव प्रयोग है। इस विभिन्न राज्यों के भाजपा कार्यकताओं की आपसी एकता व समन्वय में बढ़ोतरी होगी। एक भारत श्रेष्ठ भारत की अवधारणा के अनुरूप हो रहे इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए बिहार का चुनाव करना प्रधानमन्त्री मोदी के बिहार के प्रति प्रेम, लगाव व विश्वास को दिखलाता है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लगातार बैठकें हो रही हैं। पहली बार आयोजित हो रहे इस संयुक्त मोर्चा कार्यकारिणी की बैठक को लेकर अन्य जिलों के कार्यकताओं में भी गजब का उत्साह है। कार्यकर्ता को इस बात की काफी खुशी है कि मंडल से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकताओं को पहचान मिल रही है। श्री रंजन ने बताया कि इस दौरान अन्य राज्यों के जो भी पदाधिकारी जिले में जाएंगे वह मंडलों के अध्यक्ष के साथ बैठक करेंगे और मीडिया तथा सोशल मीडिया के साथ बात करेंगे। इस क्रम में पौधारोपण भी किया जाएगा। इसके अलावे धार्मिक व पौराणिक स्थलों पर भी भाजपा के कार्यकर्ता जाएंगे और इस दौरान लाभुकों से भी मिलने सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# श्याम कुमार राय बने जदयू के प्रदेश सचिव

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



- पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का जताया आभार
- बोलें-पार्टी को और मजबूत बनाने का करेंगे काम

प्रदेश के सत्ताधारी पार्टी जनता दल यूनाईटेड के प्रदेश पदाधिकारियों की सूची सोमवार को जारी की गई है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने प्रदेश कमिटि की नई सूची जारी की है। पूर्व में कार्यरत प्रदेश पदाधिकारियों को यथावत रखते हुये दल के अन्य नेताओं को कमिटी में जगह दी गई है। तत्काल प्रभाव से मनोनीत प्रदेश पदाधिकारियों की सूची जारी की गई है। जिसमें श्याम कुमार राय, जिला वैशाली को भी प्रदेश सचिव के पद पर मनोनीत किया गया है। श्री राय को प्रदेश सचिव बनाए पर कार्यकताओं में जश्न का माहौल है। श्री राय को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। श्री राय ने बताया कि पार्टी ने मुझ पर भरोसा जताकर जो जिम्मेवारी सौंपी है, उसे ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करूंगा। पार्टी को और मजबूत बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि गांव-गांव पहुंचकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा किये गये कार्यों एवं पार्टी की नीति व सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। श्री राय ने प्रदेश सचिव की जिम्मेवारी सौंपे जाने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार जताया है। बता दें कि पार्टी द्वारा जारी प्रदेश पदाधिकारियों की सूची के मुताबिक 6 प्रदेश उपाध्यक्ष, 24 महासचिव, 26 प्रदेश सचिव तथा चार प्रदेश प्रवक्ताओं को तत्काल प्रभाव से मनोनीत किया गया है।

# भाजपा नेताओं को राजद और लालू परिवार से बाहर निकलने की जरूरत : गगन

## हर क्षेत्रों में बिहार फिसड्डी

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने भाजपा नेताओं को राजद और लालू परिवार के दायरे से बाहर निकलकर संवैधानिक व्यवस्था के तहत मिले जिम्मेवारियों को ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने की सलाह दी है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा केन्द्र और राज्य सरकार में शामिल है। फिर भी हर क्षेत्रों में बिहार फिसड्डी साबित हो रही है। बिहार को इसका हक नहीं मिल रहा है। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा और विशेष पैकेज तो दूर बिहार का वाजिब हक में भी कटौती किया जा रहा है। इसके उलट सरकार के पार्टनर दल द्वारा हीं बिहार को अस्थिर करने की साजिश भी की जा रही है। प्रायोजित आतंकवाद और धार्मिक उन्माद के नाम पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिहार को बदनाम किया जा रहा है। चुकी आतंकवाद और धार्मिक धुर्वीकरण भाजपा के राजनीतिक मिशन का सबसे महत्वपूर्ण हथियार है। देश के अन्दर यैसी कई घटनाओं में भाजपा से जुड़े लोगों के नाम सार्वजनिक भी हो चुके हैं। 2017 में मध्य प्रदेश में आतंकवाद विरोधी दस्ते ने आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में भाजपा आईटी सेल के संयोजक ध्रुव सक्सेना को दस सहयोगियों के साथ गिरफ्तार किया था। इसी प्रकार मध्य प्रदेश से हीं 2019 में बजरंग दल के नेता बलराम सिंह को आतंकी फंडिंग मामले में गिरफ्तार हुआ था। इसी साल जोधपुर से प्रदीप कुमार, सूरतगढ़ से नितिन और चुरू से राम सिंह की गिरफ्तारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी से सम्पर्क के सिलसिले में हो चुकी है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल जी की पहचान चुकी लालू जी की चरण वंदना से हीं मिली थी ।

# शपथ ग्रहण एक मात्र औपचारिकता है : उपेन्द्र कुशवाहा



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

- द्रौपदी मुर्मू के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री के शामिल नहीं होने पर बोलें जदयू नेता

द्रौपदी मुर्मू के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शामिल नहीं होने को लेकर प्रदेश में सियासी सरगर्मियां तेज हो गई है। विपक्षी दलों ने निशाना साधा है। इस पर जदयू संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि हर कार्यक्रम में प्रत्येक व्यक्ति शामिल हो, इसकी जरूरत नहीं होती है। राष्ट्रपति का चुनाव संपन्न हो गया है, शपथ ग्रहण तो एक मात्र औपचारिकता होती है। यदि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए तो इसपर बहुत गौर करने की जरूरत नहीं है। मुख्यमंत्री को बहुत सारा काम रहता है, इसीलिए वो शपथ ग्रहण में शामिल होने नहीं जा पाए। पिछले दिनों फुलवारी शरीफ मामले पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल ने कहा था कि बिहार आतंक का नया गड्ढ़ बन गया है। अब इसपर पलटवार करते हुए उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि संजय जायसवाल को यदि इस प्रकार की जानकारी है, तो वो मुख्यमंत्री या सम्बंधित अधिकारी को शेयर करें। जिस तरह से बयान दे रहे हैं, ऐसा लगता है कि उसको बहुत बात की जानकारी है, जिसको वो छुपा रहे हैं। ऐसे में उन्हीं पर आरोप लग सकता है। जदयू नेता ने बीजेपी अध्यक्ष जीपी नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह के बिहार दौरे पर कहा कि उनकी पार्टी का कार्यक्रम में वो लोग आ रहे हैं। बिहार के सबसे बड़े नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं, बाकि किसी के आने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। एनडीए में सबकुछ ठीक है।

# रेल मंत्री से मिले सांसद राम कृपाल यादव

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



- मसौढ़ी रेल ओवर ब्रिज के निर्माण की सारी बढ़ाएं दूर हुई
- रल मंत्रालय ने नए अलाइनमेंट की दी मंजूरी
- अब बिहार सरकार भी देगी एप्रोच रोड की प्रशासनिक स्वीकृति

पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री और सांसद राम कृपाल यादव ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिलकर पटना गया रेल खंड के तरेगना रेलवे गुमटी पर बाधित आरओबी के निर्माण कार्य को शुरू कराने का मांग पत्र सौंपा। सांसद ने रेल मंत्री को बताया की आरओबी के निर्माण की स्वीकृति वर्ष 2016-17 में रेल मंत्रालय द्वारा दी गई थी। बिहार सरकार ने लागत का 50 प्रतिशत वहन करने की भी अनुमति दी थी। तदोपरांत आरओबी का निर्माण कार्य शुरू हुआ था। स्थानीय मसौढ़ी बाजार के दुकानदारों द्वारा अप्रोच सड़क के अलाइनमेंट में परिवर्तन हेतु आंदोलन हुआ। उसके बाद रेलवे ने निर्माण कार्य को बंद कर दिया। उसके बाद पुल निर्माण निगम, बिहार सरकार ने अप्रोच रोड के अलाइनमेंट का फिर से सर्वे किया और उसके अलाइनमेंट में मामूली परिवर्तन कर स्वीकृति के लिए पूर्व मध्य रेलवे, हाजीपुर को समर्पित किया है। नए अलाइनमेंट की स्वीकृति में पूर्व मध्य रेलवे, हाजीपुर द्वारा काफी समय लगाया जा रहा है। उसके बाद रेल मंत्री ने महाप्रबंधक पूर्व मध्य रेलवे को निर्देश दिया की रेलवे जल्द ही स्वीकृति प्रदान करते है। रेल मंत्री के निर्देश देने के एक घंटे के अंदर ही पूर्व मध्य रेलवे ने पुलनिर्माण निगम को नए अलाइनमेंट की स्वीकृति प्रदान कर दी। विदित हो की मसौढ़ी के तरेगना रेलवे गुमटी पर काफी जाम की स्थिति बनी रही है। स्थानीय लोग जाम की भीषण समस्या से त्राहिमाम कर रहे हैं और काफी आंदोलित भी है। सांसद ने अग्निवीर योजना के विरोध प्रदर्शन के दौरान तरेगना स्टेशन और दानापुर स्टेशन पर हुई तोड़ फोड़ की घटना में हुए नुकसान की जल्द से जल्द मरम्मत का भी आग्रह किया। साथ ही पटना गया रेल खंड पर तिनेरी, छोटकी मसौढ़ी, नीमा, नदवा, डुमरी, पुनपुन, पोठही, परसा बाजार में पूर्व से जारी कई लोकल ट्रेनों के ठहराव को पुनः बहाल करने की भी मांग की।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पारस ने दी बधाई

पटना। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति कुमार पारस ने देश के 15 वें राष्ट्रपति का शपथ ग्रहण करने वाली द्रौपदी मुर्मू को अपने तथा अपनी पार्टी की तरफ से बधाई दी। कहा कि भारत के लोकतंत्र की खुबसूरती है कि समाज के सबसे निचले पायदान पर आदिवासी समाज में जन्म लेनेवाली महिला तथा निकाय चुनाव से अपनी राजनीति जीवन की शुरूआत कर अपने सरल स्वभाव के कारण कई पदों को सुशोभित करने वाली प्रथम आदिवासी महिला देश के सर्वोच्च पद को ग्रहण कर देश के लिए गौरव कायम कर नया इतिहास रचा। यह सबके लिए गर्व की बात है। आगे श्री पारस ने कहा कि द्रौपदी मुर्मू महिला सशक्तिकरण का जीता-जागता मिशाल है जो गर्व की बात है। देश के दलित वंचित समाज की महिलाओं के आशा की किरण बनकर द्रौपदी मुर्मू ने साबित किया कि व्यक्ति इमानदारी और दृढ़ संकल्प के साथ कोई भी काम करें उसे मंजिल अवश्य मिलती है इसके पहले भी बहुत से देश के महिलाओं ने विश्व के मानचित्र पर देश का नाम रौशन किया है।

**समापन** कृषि विभाग में नवनियुक्त पदाधिकारियों का 72 दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

# कार्यक्षेत्र में बेहतर तरीके से कार्यों का निष्पादन करेंगे पदाधिकारी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



- कृषि विभाग के सचिव एन सरवण कुमार ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया मार्गदर्शन

कृषि विभाग में नवनियुक्त पदाधिकारियों का 72 दिवसीय प्रशिक्षण सोमवार को समाप्त हुआ। इस मौके पर विभाग के सचिव डॉ एन सरवण कुमार ने कहा कि वर्ष 1988 तथा 1990 के बाद बिहार कृषि सेवा कोटि-1 (शष्य) वर्ग-2 अनुमंडल कृषि पदाधिकारी एवं समकक्ष के पदों पर पदाधिकारियों की नियुक्ति हुई है। विभाग ने यह निर्णय लिया कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को संस्थागत प्रशिक्षण के साथ-साथ क्षेत्रीय प्रशिक्षण भी दिया जाये, ताकि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी कृषि विभाग के सभी गतिविधियों से अवगत हो सके। उन्होंने बताया कि 24 दिनों का बामेती में, 15 दिनों का पंचायत स्तर पर कृषि समन्वयक के दायित्व, 15 दिनों का प्रखण्ड स्तर पर प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी के दायित्वों का निर्वाहन तथा खरीफ 2022 में बीज वितरण का कार्य सम्पन्न किया गया, 11 दिनों का जिला स्तर पर, 04 दिनों का मुख्यालय का विभिन्न कार्यालयों में प्रशिक्षण दिया गया तथा नवनियुक्त पदाधिकारियों द्वारा अर्जित ज्ञान को एक दूसरे से साझा करने के लिए बामेती में 03 दिनों का प्रस्तृतीकरण सत्र प्रशिक्षण का एक अंग के रूप में रखा गया। उन्होंने कहा कि राज्य स्तर पर बामेती के प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षु प्रतिभागी पदाधिकारियों विभाग के संगठनात्मक संरचना, पदाधिकारियों के कार्य एवं कर्तव्य, कृषि रोड मैप, बीज, उर्वरक एवं कीटनाशी अधिनियम, विभागीय योजनाओं, कार्यक्रमों, संवाद कौशल, समय प्रबंधन, तनाव प्रबधंन, स्वयं का प्रबंधन, निर्णय लेने की क्षमता का विकास, आपदा प्रबंधन, ई-कम्पलाईन्स डैश बोर्ड, मुख्यमंत्री जनता दरवार, कृषि क्षेत्र में कार्यरत अर्द्धसरकारी संगठन, बिहार में कृषि अनुसंधान, शिक्षा एवं प्रसार प्रणाली, आईटी नेटवर्क एवं आईटी प्लेटफार्म के माध्यम से सोसल मिडिया कवरेज तथा लेखा एवं कार्यालय प्रबंधन से संबंधित विषयों पर विशेष रूप से जानकारी प्रदान की गई। सचिव ने कहा कि इन सभी नवनियुक्त प्रशिक्षु पदाधिकारियों को राज्य, जिला स्तर के क्षेत्रीय कार्यालयों, बोर्डों, निगमों या संस्थानों में भ्रमण कराकर कृषि विभाग अन्य संस्थानों के द्वारा संचालित कृषि क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं, एवं इसके अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रदान कर उनका ज्ञानवर्द्धन किया गया। भ्रमण के दौरान विभाग द्वारा संचालित सभी संबंधित योजनाओं के नोडल पदाधिकारियों एवं कार्यालय के वरीय पदाधिकारियों के द्वारा कृषि विभाग याअन्य संस्थानों के कार्यों एवं इसके क्रियान्वयन से संबंधित जानकारी दी गई। प्रशिक्षण का मुख्य उद्येश्य नवनियुक्त पदाधिकारियों को विभाग से संबंधित कार्यकलापों एवं कार्यशैली की संपूर्ण जानकारी प्रदान कर उन्हें दक्ष निपुण बनाना है ताकि वे अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर तरीके से कार्यों का निष्पादन कर सके। डॉ कुमार ने कहा कि सभी 182 प्रशिक्षु पदाधिकारियों के द्वारा सैद्धांतिक वर्ग एवं क्षेत्र भ्रमण में प्राप्त प्रशिक्षण के दौरान अर्जित ज्ञान को साझा करने हेतु बामेती में दिनांक 23-25 तक प्रस्तुतीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके लिए सभी पदाधिकारियों को 16 समूहों में विभक्त कर प्रत्येक समूह के सदस्यों के द्वारा पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतीकरण दिया गया। प्रस्तुतीकरण का मूल्यांकन विभाग के वरीय पदाधिकारियों के द्वारा किया गया। प्रस्तुतीकरण में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रशिक्षु पदाधिकारियों के समूहों को प्रशस्ति-पत्र एवं मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त सभी नवनियुक्त पदाधिकारी पूर्ण रूप से कार्य करने हेतु दक्ष हो गये हैं और अब वे अपने-अपने पदस्थापन क्षेत्रों में सही तरीके से कृषक हित में विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को कार्यान्वित करने में सक्षम होंगे। इस अवसर पर कृषि विभाग के विशेष सचिव विजय कुमार, अपर निदेशक (शष्य) धनंजयपति त्रिपाठी, निदेशक, बामेती आभांशु सी जैन, संयुक्त निदेशक (शष्य), मुख्यालय अरविन्द कुमार झा, संयुक्त निदेशक, उद्यान राधा रमण सहित विभागीय अन्य पदाधिकारी एवं सभी नवनियुक्त पदाधिकारी उपस्थित थे।

### खेल प्रतिभाओं की पहचान में शारीरिक शिक्षा शिक्षकों की भूमिका अहम : संजय कुमार

पटना। बिहार शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से 7 से 27 जुलाई तक चल रहे राज्य के माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों के 300 शारीरिक शिक्षकों के लिए शारीरिक शिक्षा,योग एवं खेल के विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में सोमवार को खेल विभाग के उपनिदेशक संजय कुमार और आईआईटी पटना के खेल निदेशक डॉ करुणेश कुमार शामिल होकर प्रशिक्षणार्थियों का उत्साहवर्धन किया। पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में चल रहे इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के छठे व अंतिम बैच के प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए खेल विभाग के उपनिदेशक संजय कुमार ने कहा कि आज तक जितने भी खेल के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की प्रतिभा की पहचान करने और निखारने में सबसे अहम भूमिका उसके विद्यालय के शारीरिक शिक्षा शिक्षक की रही है। प्रदेश को खेल के क्षेत्र में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने में आप सभी शारीरिक शिक्षकों के बिना संभव नहीं है। आईआईटी पटना के खेल निदेशक डॉ करुणेश कुमार ने कहा कि शारीरिक शिक्षा का महत्व इसी से लगाया जा सकता है देश के प्रीमियम संस्थान आईआईटी में खेल और शारीरिक शिक्षा को अहम स्थान दिया गया है।

# लोजपा-(रा.) का जांच दल सारण में घटना स्थल का किया दौरा



पटना, प्रात: किरण संवाददाता

पटना। छपरा जिला के खोदाईबाग में हुए बम विस्फोट के कारण कई घर और दुकान के ध्वस्त होने और कई लोगों की जान मलवे में दबकर जान चली गई। इस घटना की जांच के लिए आज लोजपा-(रा.) का जांच दल घटना स्थल पर पहुंचा। जांच दल में पार्टी के प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी,पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. सत्यानंद शर्मा,युवा लोजपा-(रा.) के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार पासवान, पार्टी प्रवक्ता दिनेश पासवान, जिला प्रभारी साजेश पासवान घटना स्थल पर गये। जांच दल की राय में जिला प्रशासन पूरी घटना पर प्रदा डालने की कोशिश कर रहा है। गैस सिलेंडर का फटना घटना का कारण बता रही है। जांच दल ने घटना स्थल पर जो देखा और पाया कि पूरा घर जो छत का था वह जमींदोज हो गया। आसपास की कई दुकानें ध्वस्त हो गई। गैस सिलेंडर फटने से कभी भी कोई मकान पूरी तरह से ध्वस्त नही हो सकता है। निश्चित रूप से पटाखा का कारोबार होता था और गैर लाइसेंसी था। बड़े पैमाने पर बारूद के विस्फोट होने के कारण ही ऐसी घटना हो सकती है। जिसके कारण अनेकों लोगों की जान गई और कई मकान, दुकान ध्वस्त हो गये। प्रशासन अपनी विफलताओं को छुपाने के लिए गलत बयानी कर रही है इसकी उच्चस्तरीय जांच कराने की जरुरत है। उक्त आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुन्दन पासवान ने दी।

## संक्षिप्त खबरें

### बाराबंकी में हुए सड़क हादसे में लदौरा के युवक की हुई मौत

कल्याणपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र लदोरा गांव निवासी स्वर्गीय उपेन्द्र राय 32वषीय पुत्र ओमप्रकाश राय के उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में सड़क दुर्घटना में मौत हो गया। मोत की खबर सुनते ही गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया। दिल्ली से 1 जुलाई को ओमप्रकाश अपने घर बीमार मां से मिलने अपने धर आया हुआ था माता के तबीयत खराब होने के कारण वह आया था। मां से मिलने के बाद रविवार को दिल्ली लौट रहा था। मतक दिल्ली में होटल के व्यवसाय से जुड़ा हुआ था। दिल्ली जाने के लिए रविवार को मुजफ्फरपुर से बस पकड़ा जहां बाराबंकी में हादसे में उसकी मौत हो गई। पत्नी कृष्णा देवी 2 वर्षीय पुत्र रौनक कुमार मुजफ्फरपुर में ही रह कर पढ़ाई करता था। वहीं अकेले दिल्ली में होटल के व्यवसाय से जुड़ा हुआ था। जहां मौत की खबर सुनकर गांव में शोक व्याप्त हो गया। वहीं थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने इस मामले से अनभिज्ञता जताई है।

### नोखेश्वर धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

सरायरंजन। सरायरंजन प्रखंड के गोस्वामी मठ हरसिंगपुर स्थित नोखेश्वर धाम इन दिनों श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। दूरदराज के श्रद्धालु इस मंदिर में आकर जलाभिषेक कर रहे हैं। श्रावण मास की दूसरी सोमवारी को भी यहां जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं का तांता दिन भर लगा रहा। ऐसी मान्यता है कि जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से इस शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हैं, उनकी सर्व मनोकामनाएं पूर्ण होती है।

### नून नदी के किनारे बाढ़ पूर्व तैयारी का स्थानीय विधायक व अधिकारियों ने किया निरीक्षण

मोरवा। मोरवा प्रखंड क्षेत्र के ताजपुर थाना अंतर्गत चकसिकंदर और चकपहार पंचायत के नून नदी के किनारे बाढ़ पूर्व तैयारी को लेकर स्थानीय विधायक रणविजय साहू एवं जल संसाधन विभाग के कार्यपालक अभियंता, एसडीओ, जेई के साथ बाढ़ पूर्व तैयारियों का निरीक्षण कर विधायक ने दिए कई आवश्यक निर्देश। वहीं मौके पर दोनों पंचायत के कई लोग मौजूद थे।

### मंडल कारा में यूनियन बैंक के सौजन्य से आयोजित मशरूम प्रशिक्षण का हुआ समापन

समस्तीपुर। मंडल कारा के बापू सभागार में यूनियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा दस दिवसीय मशरूम प्रशिक्षण का समापन प्रभारी उपाधीक्षक अमरेन्द्र कुमार के अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने आरसेटी को साधुवाद देते हुए कहा कि बंदियों को मशरुम उत्पादन करने की विधि सिखने से उनके जीवन में बदलाव आयेगा। इस अवसर पर निदेशक अशोक कुमार ने कहा कि बंदियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए कारा प्रशासन के सकारात्मक पहल से बंदियों को मशरूम बनाने का प्रशिक्षण दिया गया है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा संचालित आरसेटी के अंतर्गत दिया गया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 30 बंदियों को प्रशिक्षण दिया गया। औसेफा के निदेशक देव कुमार ने कहा कि इस प्रशिक्षण का मूख्य उद्देश्य बंदियों को स्वरोजगार से जोड़ना है। जो कारा से मुक्त होने के पश्चात कम लागत में मशरुम उत्पादन कर आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बन सकते हैं। प्रशिक्षण में शामिल सभी बंदियों का परीक्षा लेकर प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। मौके पर फैकेल्टी श्रवण कुमार झा आदि थे।

# कपूरी आश्रम में राजद पंचायती राज प्रकोष्ठ का सम्मेलन आयोजित

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता



सोमवार को कपूरी आश्रम समस्तीपुर स्थित जिला राजद कार्यालय परिसर में राजद पंचायती राज प्रकोष्ठ का सम्मेलन आयोजित हुआ। सम्मेलन का उद्घाटन पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र प्रसाद विद्यार्थी तथा राजद जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सहनी ने संयुक्त रूप से किया।

अध्यक्षता तथा संचालन राजद जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सहनी तथा धन्यवाद ज्ञापन राजद पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला प्रधान महासचिव मो० जकी अहमद आरजू ने की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राजद पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र प्रसाद विद्यार्थी ने कहा कि जब तक गांवो का विकास नहीं होगा तब तक देश का विकास नहीं होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार त्रि -स्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। पंचायत प्रतिनिधियों को उचित भत्ता व सुविधाएं नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों को विधायक तथा सांसद की तरह वेतन, पेंशन तथा अन्य सुविधाएं मिलनी चाहिए। राजद पंचायत प्रतिनिधियों के हक-हकूक की लड़ाई लड़ेगी तथा इसके लिए चरणबद्ध आंदोलनों की शंखनाद करेगी।

अपने सम्बोधन के क्रम में राजद जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सहनी ने कहा कि सूबे में बेहद तेजी से अपराध की घटनाएं बढ़ रही है जो चिन्ताजनक है। शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार नहीं मिल रहा है। बिहार में चहुँ ओर भय, भ्रष्टाचार व अराजकता का आलम है तथा प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है।

कार्यक्रम को राजद पर्यावरण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष संजीव कुमार राय, राजद पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव मनोज कुमार सिंह, प्रदेश महासचिव दिनेश ठाकुर, राजद प्रदेश महासचिव पी.पी.शर्मा, जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर, जिला महासचिव ललन यादव, जिला पार्षद ममता देवी, जिला पार्षद राजेश यादव, राजद पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला प्रधान महासचिव मो० जकी अहमद आरजू, राजद शिक्षक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष शत्रुध्न यादव, राजद किसान सेल के जिलाध्यक्ष राजेश्वर महतो, राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मो० नसीम अब्दुल्लाह, सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष महेश राय, कार्यालय सचिव रोशन यादव, राजद दलित सेल के प्रदेश सचिव राजेन्द्र राम, राजद नेता गंगा यादव, बबलू यादव, महेश राय, उमा राय, दिनेश दास, कौशल कुमार राठौड़, रिंकू सिंह, प्रभाकर पासवान तथा डॉ रजनीश कुशवाहा आदि ने भी सम्बोधित किया।

## आत्मिक बल के लिए स्वास्थ्य रक्षा जरूरी



सरायरंजन, प्रात: किरण संवाददाता

स्वास्थ्य शरीर में ही स्वस्थ आत्मा का निवास होता है। यदि हम आत्मिक बल चाहते हैं तो स्वास्थ्य रक्षा की ओर ध्यान देना हमारा परम कर्तव्य है। यह बात उत्क्रमित मध्य विद्यालय लाटबसेपुरा के प्रधानाध्यापक अनंत कुमार राय ने सोमवार को कहीं। वे विद्यालय के छात्रों को खेलकूद के पूर्वाभ्यास के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य रक्षा तथा मनोरंजन के लिए खेलों का सदा से महत्व रहा है। बालकझबालिकाओं की दिनचर्या का यह सदा ही अनिवार्य अंग रहा है। इसी निमित्त आज शिक्षकों की मौजूदगी में बालकझबालिकाओं को विभिन्न खेलों का पूर्वाभ्यास कराया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि खेलों से बच्चों का उत्साह बढ़ता है तथा मन प्रसन्न होता है। इससे शरीर में चुस्तीझफुर्ती आती है, जिससे उनकी कार्यकुशलता बढ़ती है। मौके पर विद्यालय के शिक्षक राजेश कुमार दत्त, कमलेश कुमार राम, संजीव कुमार राय, अजय कुमार, राजू कुमार, शिखा अंबष्ट, रेखा मिश्रा, कंचन रानी, संगीता कुमारी, ममता कुमारी, गायत्री कुमारी, नीलम कुमारी आदि मौजूद रहे।

## प्रबंध समिति के सदस्य बने ईश्वरचन्द्र झा 'ईश्वर करुण'

मोहद्दीनगर, प्रात: किरण संवाददाता



मोहद्दीनगर,वर्ष 1938 में स्थापित मोहद्दी नगर स्थित राजकीयकृत उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रबंध समिति का सदस्य ईश्वरचन्द्र झा 'ईश्वर करुण' को बनाया गया है। श्री करुण क्षेत्र के प्रसिद्ध शिक्षाविद तो हैं ही ,राष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय साहित्यकार भी हैं और कई सम्मानों से विभूषित हैं। प्रबंध समिति में सम्मिलित किए जाने के लिए श्री करुण ने विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष और माननीय विधायक श्री राजेश कुमार सिंह का आभार जताते हुए कहा कि माननीय विधायक महोदय क्षेत्र के विद्यालयों में शैक्षणिक विकास सहित समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं।

श्री करुण ने विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक श्री शत्रुघ्न राय के साथ छात्रों से वर्ग में मुलाकात की और उनका प्रोत्साहन किया।शीघ्र ही छात्रों के अभिभावक और शिक्षकों की बैठक आयोजित की जाएगी और अधिक से अधिक छात्रों की उपस्थिति सुनिश्चित करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएँगे। विद्यालय से एन सी सी युनिट को पुनः लाने के लिए प्रयास किया जाएगा।ज्ञातव्य हो कि यह उच्च विद्यालय क्षेत्र का अति प्रतिष्ठित विद्यालय रहा है और यहाँ से अध्ययन करने वाले छात्र आईएएस सहित उच्च और महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत रहे हैं और वर्तमान में भी हैं।

### टेंपो चालक की मनमानी के विरुद्ध बस मालिकों ने थाने में दिया आवेदन

**विभूतिपुर।** विभूतिपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर उत्तर निवासी विनोद कुमार साह ने टेंपो चालक की मनमानी को लेकर थाने में लिखित आवेदन देकर जांच कर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन के माध्यम से बताया गया कि दलसिंहसराय से रोसरा जाने एवं आने वाली बसें को टेंपो चालक के द्वारा बलपूर्वक रोककर सिमरिया घाट बस स्टैंड के सामने गाली गलौज करते हुए ड्राइवर एवं खलासी को गाड़ी से उतार दिया गया एवं गाड़ी को बस स्टैंड में खड़ा कर दिया। जिससे बस मालिकों को काफी नुकसान हुआ। घटना को लेकर दर्जनों बस मालिक विनोद कुमार साह, अनिल सिंह, शिवनाथ यादव, मनीष कुमार, अभिषेक कुमार, राजकुमार, मदन साह, अरुण साह, राम सुदीन सिंह, दिनेश साह, राजकुमार राय, राजकुमार सिंह, दिनेश कुमार साह, पवन कुमार साह आदि बस मालिकों ने टेंपो चालक मनीष राय, राजेश कुमार महतो, संजय ठाकुर, चंदन कुमार सिंह, चुनचुन पौदार, महेंद्र महतो एवं अज्ञात टेंपो चालकों की मनमानी के विरुद्ध थाने में लिखित आवेदन देकर उचित कार्रवाई करने की मांग किया है।

## विद्यापतिधाम के दुर्गा मंदिर के प्रांगण में शिव दर्शन अध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी लगाई गई

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता



श्रावण मास के दूसरी सोमवारी के अवसर पर शिव भक्तों को परमपिता परमात्मा शिव के सत्य परिचय से अवगत कराने हेतु विद्यापतिधाम के दुर्गा मंदिर के प्रांगण में शिव दर्शन अध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी लगाई गई। जिसका उद्घाटन विद्यापति धाम मंदिर समिति के अध्यक्ष गणेश गिरी और डॉ० आरके सिंह, फिजिशियन, विद्यापतिधाम के द्वारा फीता काटकर किया गया।

इस मौके पर शिव भक्तों को आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी पर समझाते हुए पटोरी से पधारीं बीके रंजना बहन ने कहा कि अपने भक्तों की करुण पुकार सुन स्वयं परमपिता परमात्मा शिव इस भारत भूमि पर अवतरित हो अपने सत्य परिचय से उन्हें अवगत कराते हैं। परमपिता परमात्मा शिव सृष्टि की सर्व मनुष्यात्माओं व देवात्माओं के भी पिता हैं। इसलिए उनके लिए कहते हैं- शिव परमात्माय नमः। वह रूप में बिंदु, किंतु गुणों में सिंधु हैं। शिवलिंग में तीन लकीरों के बीच लाल बिंदी उनके ज्योति स्वरूप का यादगार है। उनके ऊपर भांग, धतूर, बेलपत्र आदि चढ़ाने का अर्थ है- अपनी बुराइयां उनपर अर्पित करना।

वह हम सभी को शुभ संदेश देते हैं कि अभी की अति कल्याणकारी वेला में जब कलियुगी सृष्टि का परिवर्तन हो शीघ्र ही सतयुगी सृष्टि आने वाली है, स्वयं को आत्मा निश्चय कर मुझे एक को याद करो तो मैं तुम्हें जन्म-जन्मांतर के पापों से मुक्त कर सुख, शान्ति और समृद्धि से भरी सतयुगी सृष्टि का अधिकार वर्से में दूंगा।

आज के एक दिवसीय प्रदर्शनी में मुख्य रूप से दलसिंहसराय से सोनिका बहन, विनोद भाई, विजय भाई, विनोद ठाकुर भाई, जयजयराम भाई, विजय भाई, सुशील भाई आदि उपस्थित थे।

## बीएड परीक्षा के दौरान आंदोलन करने के विरुद्ध एसडीओ के समक्ष आइसा का प्रदर्शन

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता



आइसा जिला सचिव सुनील कुमार ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 26 जुलाई को सदर अनुमंडलाधिकारी के समक्ष प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए लॉज एवं छात्रों के बीच जनसंपर्क आइसा जिला सचिव सुनील कुमार अध्यक्ष लोकेश राज, कॉलेज इकाई उपाध्यक्ष दीपक यदुवंशी के नेतृत्व में चलाया गया। आइसा जिला सचिव सुनील कुमार ने कहा कि बीआरबी कॉलेज समस्तीपुर में 13 जुलाई से 18 जुलाई 2022 तक बीएड परीक्षा का परीक्षा केंद्र बनाया गया था।

यहां बीएड फाइनल ईयर का परीक्षा चल रहा था! इस अवधि में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बैनर तले बाहरी अराजक तत्वों के द्वारा आंदोलन चलाया गया है। आंदोलन में एक भी कॉलेज का छात्र नहीं था और न ही पढ़ाई-लिखाई से वास्ता रखने वाला कोई लोग थे।

ये लोग छात्र-शिक्षक और कर्मचारियों के साथ मारपीट कर कैंपस में वर्चस्व एवं आर्थिक उगाही के साथ कैंपस को सेफ जोन समझकर जमाबड़ा लगाने वाले लोग हैं। कॉलेज इकाई उपाध्यक्ष दीपक यदुवंशी ने कहा कि जुलाई को कॉलेज गेट पे कॉलेज कर्मचारियों के साथ मारपीट भी किया गया जिसके विरुद्ध मुफ्फसिल थाना कांड संख्या 283/22 दर्ज की गई है लेकिन इस अराजक तत्वों के प्रति पुलिस उदासीन है।

आइसा जिला अध्यक्ष लोकेश राज ने कहा कि इन अराजक तत्वों पर परीक्षा नियमावली के उलंघन के खिलाफ उचित कार्रवाई करने तथा महाविद्यालय कैंपस में शैक्षणिक माहौल बिगाड़ने वाले विद्यार्थी परिषद के अराजक तत्वों के समूह पर रोक लगाने को लेकर 26 जुलाई को छात्र संगठन आइसा के बैनर तले शहर के पटेल गोलंबर से जुलूस निकाल कर अनुमंडलाधिकारी के समक्ष प्रर्दशन किया जाएगा।

### विद्युत ऊर्जा चोरी की प्राथमिकी दर्ज

**विभूतिपुर।** विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत विद्युत आपूर्ति प्रशाखा नरहन के कनीय अभियंता हरिशंकर साहनी ने विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर 2 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करवाई है। जिसमें बताया गया कि महम्मदपुर सकड़ा वार्ड नंबर 3 निवासी सुरेश राय बिना मीटर के एलटी तार से टोका फंसाकर कृषि कार्य हेतु मोटर चला रहा था। जिससे विभाग को 28 हजार 543 रुपए की क्षति हुई है। वहीं उसी वार्ड के कुशेश्वर यादव के द्वारा सर्विस तार में कटिंग कर विद्युत ऊर्जा चोरी किया जा रहा था। जिससे विभाग को 27348 रुपए का क्षति हुआ है। वहीं उसे कुशेश्वर यादव के यहां पहले से ही 2044 रुपए का बिल बकाया है। इसी को लेकर उक्त अभियुक्त के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## दूसरे दिन खाली हाथ लौटे एसडीआरएफ की टीम, नहीं मिली लाश

विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता



विभूतिपुर थाना क्षेत्र के बोरिया स्थित बूढ़ी गंडक नदी के बांध पर खून के छींटे मिलने के बाद हत्या कर बुढ़ी गंडक नदी में फेंकने की आशंका जताते हुए प्रशासन की मौजूदगी में एसडीआरएफ की टीम दूसरे दिन के शव खोजने में विफल रहे। जिसके बाद टीम को खाली हाथ वापस जाना पड़ा। बता दें कि 24 जुलाई 2022 की सुबह बोरिया स्थित बांध पर खून के धब्बे के साथ-साथ पुलिस ने एक साइकिल, मोबाइल एवं गमछा बरामद किया। उपर्युक्त बरामद सामान की पहचान महथी उत्तर पंचायत बबलू सहनी का किया गया। वहीं घटना को लेकर बबलू साहनी की पत्नी बिन्दा देवी ने अपने पति की हत्या की आशंका जताते हुए एक ही परिवार के 4 लोगों का आरोपित करते हुए थाने में आवेदन दिया था। वहीं लोगों ने शंका जताया कि बबलू साहनी की हत्या कर साक्ष्य छुपाने हेतु बुढ़ी गंडक नदी में शव दिया है। जिसके बाद स्थानीय गोताखोर के द्वारा शव की खोज शुरू की गई। नहीं मिलने के बाद एसडीआरएफ की टीम बुलाई गई। लेकिन एसडीआरएफ की टीम घटना के दूसरे दिन बाद भी शव खोजने में विफल रहा। बता दें कि एसडीआरएफ की टीम में विनोद कुमार मंडल, चंद्रशेखर कुमार, मनीष कुमार, कुंदन पासवान, शिव शंकर सिंह, सोनू कुमार अकेला शामिल थे।

## क्या अंक प्रतिशत ही ज्ञान और सफलता का पैमाना है : कृष्णा कुमार

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता



सीबीएसई मैट्रिक, इंटर परीक्षा का परिणाम प्रकाशित हुआ। जिन बच्चों ने 90 प्रतिशत से ऊपर अंक पाए उन्हें परिवार वाले के साथ-साथ समाजों ने पुरजोर तरीके से अपनाया। 70 प्रतिशत वाले तक का भी स्वागत हुआ। 60 प्रतिशत वाले तक को हिदायतें मिली। फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम एवं अन्य सोशल साइट्स प्लेटफॉर्मो पर तीन दिन से मैंने बड़ी कोशिश की है तस्वीर खोजने कि की कोई द्वितीय, तृतीय स्थान या कुछ अंको से प्रथम स्थान पाने वाला मुँह में मिठाई लिए परिवार और समाज का अभिवादन पा रहा हो।

लेकिन अभी तक मैं असफल रहा। मैं अमूमन तौर पर किसी से रिजल्ट पूछता नहीं लेकिन कल एक पढ़ाए हुए बच्चे को फोन से उसका रिजल्ट पूछ लिया, इसलिए पूछा कि उसके पास होने पर मुझे संदेह था। उसने बताया सर जस्ट फर्स्ट डिवीजन आया और फोन रख दिया लेकिन बाद में किसी अन्य स्त्रोत से पता चला बच्चा सेकेंड डिवीजन है।

मुझे बड़ी चिंता हो रही है, साथ ही साथ डर भी है कि शिक्षा कहीं तनाव का स्वरूप ना ले ले। सूचना मिली है कई परिवारों में तो माता-पिता द्वारा मानसिक रूप से प्रताड़ित भी किया है। सेकंड या थर्ड आना गुनाह तो नहीं? कमोबेश उस मिठाई पर उनका भी अधिकार है, सम्मान का हकदार तो वो भी हैं। अगर सेकंड, थर्ड आना अपराध है तो अपराध का जिम्मेदार इन दोनों स्थानों को गढ़ने वाले हैं, सजा उन्हें मिलनी चाहिए।

शिक्षा नीति में परिवर्तन कर प्रथम या फेल की पद्धति अपनाई जानी चाहिए। या समाज को अपनी विकृत मानसिकता में बदलाव लानी चाहिए। जिस कठिन समय में बच्चों को अपने माता-पिता की अत्यधिक आवश्यकता है उस समय उन्हें तिरस्कृत किया जा रहा है। जबकि दूरगामी सोच के साथ उन्हें बच्चों के साथ खड़ा रहना चाहिए। यही कारण है शिक्षा बोझ बनता जा रहा है।

बच्चे शॉर्टकट रास्ता अपना रहे हैं। माता-पिता बच्चों के नम्बर को अपने मान-सम्मान, प्रतिष्ठा से जोड़ रहे हैं। मैं समझता हूँ 90 प्रतिशत से अधिक 50 प्रतिशत या उससे कम अंक प्राप्त करने वाले को ऊर्जावर्धन, प्रोत्साहित करने की जरूरत है। अगर हमारे परिवार के बच्चे को पड़ोसी या जाननेवाले से अधिक अंक प्राप्त हुआ तो उनको नीचे दिखाने, अपने बच्चों का बड़ाई छांटने का रिवाज तो हमारा पुराना रहा है। इससे बच्चे हीन भावना से ग्रसित होने लगते हैं। मछली के पेड़ पर चढ़ने से उसकी काबिलियत आँकी नहीं जा सकती।

इसलिए टॉपर का अभिवादन करने से बेहतर है औसतों के संघर्ष का साथी बनना। औसत विद्यार्थी अंक के रेस में जीतेगा या नहीं जीतेगा ये मैं नहीं जानता। लेकिन इतना जानता हूँ जिंदगी के रेस में, मानवता के रेस में जरूर जीतेगा।

फर्स्ट बेंचर तो परिवार पालते हैं लेकिन बैक बेंचर समाज का पालनहार होता है और यही अबतक का इतिहास रहा है। विकसित समाज का निर्माण कुछ एक के बेहतरीन होने से नहीं सबों के बेहतर होने से बनता है।

## कल्याणपुर से अपहृत युवक का शव कटिहार के बारसोई रेलवे ट्रैक से बरामद

कल्याणपुर, प्रात: किरण संवाददाता



कल्याणपुर थाना क्षेत्र के रामपुरा गांव निवासी रामविलास महतो के 20 वर्षीय पुत्र रमन कुमार को अज्ञात अपराधियों द्वारा वीरसिहपुर चौक के समीप से शनिवार को अज्ञात बाईक सवार अपराधियों कर लिया था। इसके बाद युवक ने फोन कर अपने परिवार के लोगों को घटना की जानकारी दी थी। इसके बाद परिजन स्थानीय पुलिस को सूचना दिया।

सूचना मिलते ही कल्याणपुर थाने की पुलिस मामले की जांच में जुट गई। वहीं इस मामले में मृतक के पिता रामविलास महतो के द्वारा थाने में एक मामला अपहरण का दर्ज कराया गया था, जिसमें 4 लोगों को आरोपित किया गया था। इसी दौरान सोमवार को युवक की जानकारी मिली कि कटिहार के बारसोई थाना क्षेत्र के रेलवे ट्रैक किनारे एक युवक का शव मिला है। जिसके बाद कटिहार पुलिस ने मृतक युवक के बात से एक आधार कार्ड बरामद की जिससे युवक की पहचान हुई और कटिहार पुलिस ने कल्याणपुर पुलिस को सूचना दिया। जिसके बाद स्थानीय पुलिस ने घटना की जानकारी युवक के परिजनों को दिया। जिसके बाद परिजनों ने सोमवार को कटिहार पहुंचकर युवक के शव लेकर अपने घर पहुंचे इसके बाद परिजन व ग्रामीणों ने घटना से आक्रोश में आकर समस्तीपुर-दरभंगा मुख्य पथ के रामपुरा गांव स्थित एक लाइन होटल के समीप करीब 2 घंटे के लिए सड़क जाम कर दिया। जिससे यातायात बाधित हो गया। वहीं सड़क जाम कर लोग अपराधियों को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे। घटना की जानकारी मिलते ही कल्याणपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंचे और मृतक के परिजनों को आश्वासन दिया कि 1 सप्ताह के अंदर अपराधियों की गिरफ्तारी की जाएगी। जिसके बाद सड़क जाम समाप्त हुआ फिर यातायात बहाल हुई। वह इस मामले में कल्याणपुर थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने बताया कि कटिहार पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार युवक की मौत ट्रेन से गिरकर हो गई है, वैसे मामले की जांच की जा रही है।

### प्रेमी पर है प्रेमिका के अपहरण और हत्या का आरोप

**रोसड़ा।** समस्तीपुर जिला के हसनपुर थाना के मुर्रह गांव में एक प्रेमी पर प्रेमिका के अपहरण कर हत्या करने का मामला चर्चा में है। संबंधित मामले में तथाकथित प्रेमी समेत आधे दर्जन लोग आरोपित किए गए है। इस संबंध में हसनपुर थाना कांड संख्या 187/2022 दर्ज किया गया है। घटना में घटना के संबंध में दर्ज एफआईआर में पीड़ित पिता ने अपनी पुत्री के अपहरण एवं हत्या का आरोप लगाते हुए घटना की तिथि 5 जुलाई 2022 की संध्या 7:00 बजे होना बताया है। संबंधित एफआईआर के मुताबिक छोटू महतो ने तथाकथित प्रेमिका को मोटरसाइकिल से अपहरण किया है। इस मामले में छोटू महतो के अलावे चंदन महतो, राज कपूर महतो, लालबाबू महतो, ललित महतो तथा टकेश महतो को आरोपित किया गया है। संबंधित मामले में हसनपुर थाना प्रभारी द्वारा अनुसंधान के लिए एसआई रविकांत कुमार को नियुक्त किया गया है। 5 जुलाई 2022 को घटित घटना का एफ आई आर 18 जुलाई 2022 को दर्ज किया गया है। मामले को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चा जारी है।

## संक्षिप्त खबरें

### गरीबनाथ मंदिर परिसर में दो महिला पाकिटमार गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर।गरीबनाथ मंदिर परिसर से पाकेटमारी के आरोप में सीवान की तीन महिलाएं भीड़ के हत्थे चढ़ गई।उग्र भीड़ ने तीनों महिलाओं को जमकर पीटा।सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह भीड़ के चंगुल से तीनों महिलाओं को छुड़ाया और हिरासत में ले लिया।पिटाई की वजह से घायल हुई महिलाओं को इलाज के लिए पुलिस सदर अस्पताल ले गई।पिछले कुछ दिनों से लगातार गरीबनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं के चेन, पर्स और मोबाइल चोरी हो रही थी।सीसीटीवी फुटेज में महिलाएं चेन छीनते हुए दिख रही थीं।पूछताछ में महिलाओं ने पुलिस को बताया कि जलाभिषेक के लिए वो मंदिर आईं थी।

### दिल का दौरा पड़ने से पिपरासी के पूर्व प्रमुख मौत

बगहा।पिपरासी के पूर्व प्रमुख यशवंत नारायण यादव का निधन दिल का दौरा पड़ने से सोमवार की सुबह चार बजे हो गई।वह लगभग 50 वर्ष के थे।पूर्व प्रमुख के निधन से मधुबनी प्रखंड सहित गंडक पार के लोगो मे शोक की लहर है।मधुबनी प्रखंड क्षेत्र के समाजसेवी मधुबनी के पूर्व प्रमुख मन्नू सिंह चंदेल,यशवंत प्रताप सिंह,डॉक्टर बीपी सिंह यादव,दिनेश राय,यूपी पडरौना विशुनपुरा के पूर्व व्लाक प्रमुख विक्रमा यादव सहित अन्य लोगो ने पूर्व प्रमुख के निधन पर काफी दुख व्यक्त किया है।इन लोगो ने संयुक्त रूप से बताया कि पूर्व प्रमुख स्वर्गीय यशवंत नारायण यादव काफी मिलनसार व्यक्ति थे।वे पिपरासी प्रखंड से दो बार प्रमुख पद पर रहते हुए प्रखंड क्षेत्र के लोगो के सुख दुख में हमेशा शामिल होते हुए लोगो का काफी सहयोग करते रहे।उनके पिता स्वर्गीय रामनगीना प्रसाद भी धनहा विधान सभा से विधायक रहे।पूर्व प्रमुख स्वर्गीय यशवंत नारायण यादव भी अपने पिता के मार्ग पर चलते हुए इस क्षेत्र के लोगो का काफी सेवा किए।पूर्व प्रमुख के मौत से गंडक पार के चार प्रखंड मधुबनी,पिपरासी, भितहा व ठकराहा प्रखंड क्षेत्र के लोगो मे शोक की लहर है।

### ट्रेन से कटकर महिला की मौत

गोपालगंज।पूर्वोत्तर रेलवे के थावे सिवान रेलखण्ड पर जिगना ढाला के समीप ट्रेन से कटकर एक अज्ञात महिला की मौत हो गयी।सूचना पाकर पंहुची जीआरपी ने षव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इसकी जानकारी देते हुए जीआरपी प्रभारी ने बताया कि सोमवार की सुबह थावे सिवान रेलखण्ड पर जिगना ढाला के समीप ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात महिला की मौत हो गयी है।

# शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराएं महावीरी झंडा व मुहर्रम: जिलाधिकारी

सोनू भारद्वाज, प्रात: किरण



**निर्देश**

- गड़बड़ी करने वालों पर होगी कड़ी से कड़ी कार्रवाई: पुलिस अधीक्षक

**बेतिया।** जिलाधिकारी, कुंदन कुमार ने कहा कि आगामी 02 अगस्त को महावीरी झंडा/अखाड़ा तथा 09 जुलाई को मुहर्रम त्योहार/पर्व मनाया जाना है। उक्त त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराना सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि सभी प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को सजग एवं सतर्क रहकर अपने-अपने दायित्वों एवं कर्तव्यों का निवर्हन करना है। उन्होंने कहा कि बिना अनुज्ञप्ति के किसी भी प्रकार का जुलूस नहीं निकलना चाहिए।

अनुज्ञप्ति में आयोजकों का पूरा डिटेल रखें, ग्रुप फोटोग्राफ लें। सभी से शपथ पत्र ले कि किसी भी तरह की विधि-व्यस्वस्था की समस्या होती है तो उनकी जिम्मेवारी होगी। उन्होंने कहा कि यह भी ध्यान रखें कि अगर जुलूस में बाईक शामिल होता है तो इसका भी पूरा डिटेल रखें तथा वीडियोग्राफी/ फोटोग्राफी कराना सुनिश्चित किया जाय। जिलाधिकारी समाहरणालय सभाकक्ष में आगामी पर्व-त्यौहारों के अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारित करने हेतु की जा रही तैयारियों की समीक्षा के दौरान प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को निदेशित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जुलूस हेतु रूट वेरिफिकेशन कर ली जाय। आयोजक जुलूस निकालने के पूर्व वोलेंटियर तैनात करेंगे, उन्हें पहचान पत्र निर्गत करेंगे तथा शांतिपूर्ण तरीके से जुलूस आदि निकालना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि संवेदनशील गलियों, मुहल्लों, रास्तों में ड्रोन के माध्यम से रूफ टॉप की जांच करा लिया जाय। आवश्यकतानुसार रूफ टॉपों पर आवश्यक संसाधनों के साथ मजिस्ट्रेट एवं पुलिस फोर्स को तैनात किया जाय। उन्होंने निदेश दिया कि डीजे संचालन पर पूरी तरह प्रतिबंध है। इस हेतु डीजे संचालकों के साथ मिटिंग करते हुए उन्हें सख्त हिदायत दिया जाय। साथ ही भड़काउं नारा एवं गाना आदि का प्रसारण भी नहीं होने पाएं, इसका विशेष ख्याल रखा जाय। इसके साथ सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्मों की सतत निगरानी भी की जाय। इस हेतु साईबर सेल को पूरी तरह एक्टिव रहना है। जिलाधिकारी ने निदेश दिया कि ड्रॉप गेट का निर्माण कर रोको-टोको अभियान चलाया जाय। प्रत्येक आने जाने वाले वाहनों, व्यक्तियों की गहन तलाशी ली जाय। जांच का प्रॉपरवीडियो ग्राफी कराना सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि विधि-व्यवस्था प्रभावित करने वाले संदेहास्पद व्यक्तियों सहित असमाजजिक एवं अपराधिक तत्वों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाय। इस हेतु धारा-107 एवं 110 के तहत तीव्र गति से कार्रवाई की जाय। उन्होंने कहा कि संवेदनशील स्थलों तथा जुलूस निकलने वाले रूटों पर नियमित फ्लैग मार्च एवं फुट मार्च किया जाय। इस दौरान भी रोको-टोको अभियान सख्ती के साथ सुनिश्चित किया जाय। फ्लैग एवं फुट मार्च में एसएसबी की भी सहायता ली जाय। उन्होंने कहा कि होटलों, लॉजों, धर्मशालाओं की नियमित रूप से जांच करायी जाय तथा औचक छापेमारी कराना सुनिश्चित किया जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि आपतिजनक सामग्रियों को लेकर सभी को विशेष सावधानी बरतनी है। संवेदनशील धार्मिक स्थलों पर निगरानी के लिए कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जाय। अतिसंवेदनशील स्थलों में एक्जिट एवं एंट्री प्वाइंट पर गहन जांच कराना सुनिश्चित किया जाय। साथ ही ऐसे स्थलों पर मजिस्ट्रेट, पुलिस दंडाधिकारी सहित पर्याप्त संख्या में पुलिस फोर्स की प्रतिनियुक्ति की जाय। उन्होंने कहा कि सूचना तंत्र को पूरी तरह एक्टिव रखना है। आ-सूचना संग्रह के माध्यम से प्रत्येक छोटी-छोटी गतिविधियों पर निगरानी रखनी है तथा त्वरित गति से निरोधात्मक कार्रवाई करनी है। उन्होंने निदेश दिया कि जिलास्तर से लेकर पंचायत स्तर तक के सभी सूचना तंत्रों को जिम्मेदारी सौंपी जाय। उन्होंने कहा कि जिलास्तर से लेकर प्रखंडस्तर तक कंट्रोल रूम फंक्शनल रखना है। साथ ही क्यूआरटी का गठन करते हुए आवश्यक संसाधनों के साथ हमेशा अलर्ट मोड में रखना है ताकि विषम परिस्थिति में त्वरित गति से कार्रवाई करते हुए विधि-व्यवस्था का संधारण किया जा सके।

### कम्युनिस्ट नेता का निधन पार्टी ने जताया शोक

**मुजफ्फरपुर।** एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के वयोवृद्ध नेता और लंबे समय तक एसयूसीआई( कम्युनिस्ट) के मुरौल प्रखंड कमिटी के सचिव रह चुके कामरेड चंद्रकांत मिश्र का कल रात 10 बजे दिल का दौरा पड़ने से देहांत हो गया। आज उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव महम्मदपुर में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में शामिल होकर एसयूसीआई( कम्युनिस्ट) के बिहार राज्य सचिव अरुण कुमार सिंह, जिला सचिव अर्जुन कुमार एवं राज्य कमिटी के सदस्य लाल बाबू महतो ने उनके पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए बिहार राज्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने कहा कि कॉमरेड चंद्रकांत मिश्र 70 के दशक के शुरूआती दिनों में ही कामरेड शिवदास घोष के विचारों से प्रभावित होकर एस यू सी आई (कम्युनिस्ट) के सदस्य बने और जीवन के अंतिम समय तक पार्टी से जुड़े रहे।वे लंबे समय तक मुरौल प्रखंड कमिटी के सचिव रहे तथा कई वर्षों तक जिला कमिटी के भी सदस्य रहे। उनके नेतृत्व में मुरौल प्रखंड में खेत मजदूरों एवं भूमिहीनों की कई बड़ी - बड़ी लड़ाइयां हुई तथा सैकड़ों भूमिहीन परिवारों को उन्होंने जमीन का बासगीत पर्चा दिलवाकर बसाने का काम किया जो सुबोध नगर के नाम से जाना जाता है। उनके निधन से गरीबों तथा कमजोर तबके के लोगों को भारी क्षति हुई है। उनके सम्मान में पार्टी का झण्डा एक दिन के लिए झुका दिया गया।

# भाकपा-माले ने बैरिया प्रखंड कार्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन

बेतिया, प्रात: किरण संवादाता



भाकपा माले ने बैरिया प्रखंड कार्यालय पर प्रदर्शन कर सभा किया। सभा के पुर्व बैरिया बाजार,थाना होते हुए प्रखंड मुख्यालय होते प्रखंड कार्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए भाकपा माले नेता सुनील कुमार राव ने कहा कि सरकार का महत्वाकांक्षी योजना जिसमें सभी गरीबो को 5 डिस्तील जमीन, जो भूमिहीन है, उनको सरकारी जमीन या खरीदकर देना है। लेकिन सरकार के इस योजना को अंचल कार्यालय के माध्यम से कहीं भी लागू नहीं कराया जा रहा है। गरीब भूमिहीन पूर्व में दर्जनों बार आवेदन भरकर दिया है लेकिन अंचल कार्यालय आज तक सर्वे नही कराया।

अपने स्तर से भी अँचल कार्यालय कुछ पहलकदमी नहीं लेता है। इनके राजस्वकर्मी दलालों को रखकर रिश्वत वसूल करवाते है। जहां कहीं भी गरीब सरकाटी गैरमजरावा, सीलिंग, बंदोबाली की जमीन पर बसे हुए हैं उनको जमीन की कामजी दातावेज अंचल प्रशासन उपलब्ध कराने के बजाय उसे उजाड़ने में लगा है। गजरवा बाजार के गरीबों को उजाड़ दिया। प्रखण्ड मुख्यालय से जुड़े खाना 289 खेसरा 1941 में वर्षों पूर्व गरीबों के कुल 19 परिवारों को बंदोबस्त किया है, लेकिन उसी जमीन में बसे दर्जनों अन्य परिवारों को उजाड़ने के लिए अंचल थाना के साथ मिलकर गरीबों को प्रताडित कर रहा है। आज के धरना के माध्यम से हम मांग करते है कि उपरोक खाना खेसरा में बसे दर्जनों परिवारों को पुलिस के माध्यम से प्रताड़ित करने के बजाय ऐसे जमीन में बसे प्रखंड के सभी गरीबों का सर्वे करा / आवेदन लेकर उन्हे प्रचा दिया जाय। तथा प्रधानमंत्री आवास दिया जाए। माले नेता सह मुखिया महासंघ के प्रवक्ता नवीन कुमार ने कहा कि प्रखण्ड के सिसवा सरैया पंचायत के वार्डन-4 में वर्षों से बसे गरीबों के परिवारों में बंटवारा के बाद वास/ आवास जमीन की कमी की वजह से नारकीय जिंदगी जी रहे हैं। उन्हें आवास भूमि की जरूरत है। आवास भूमि के लिए मुख्यमंत्री तक को आवेदन दिए किंतु अंचल कार्यालय में आवेदन गायब कर दिया जाता है। वहां खाता 204 खेसरा 86 रकबा 12 बिगहा में है। लेकिन उनको कागजी रूप नहीं दिया जा रहा है। हम मांग करते है कि उन सभी के जमीनों को कागजी रूप दिया जाय तथा जिसको वास भूमि की जरूरत है उनको भी वास भूमि दिया जाए।

### मीरगंज में काम से लौट रहे युवक को बदमाशों ने मारा चाकू

**गोपालगंज।** जिले के मीरगंज थाना क्षेत्र के जिगना ढाला के समीप अपने घर जा रहे एक युवक को कुछ बदमाशों ने रोककर उसका मोबाइल छीनने की कोशिश की। जिसका विरोध करने पर बदमाशों ने युवक को चाकू गोदकर बुरी तरह जख्मी कर दिया और मोबाइल लेकर फरार हो गए। वहीं स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए गोरखपुर रेफर कर दिया। जहां युवक की स्थिति नाजुक बनी हुई है। बताया जाता है की मिरगंज थाना क्षेत्र के मटिहानी गांव निवासी राधेश्याम सिंह के 22 वर्षीय पुत्र अभय कुमार सिंह हथुआ स्थित दवा दुकान में काम करता है रोज की तरह देर रात काम खत्म कर अपने घर लौट रहा था। तभी कुछ बदमाश उसे रोककर उसका मोबाइल मांगने लगे। नही देने पर जोर जबरदस्ती करते हुए उसका मोबाइल छीनने की कोशिश की। जिसके बाद युवक ने विरोध किया बदमाशों ने युवक पर चाकू से हमला कर दिया। युवक के पेट समेत कई जगह चाकू मारी गयी है।

# मानदेय भुगतान को ले आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ की बैठक आयोजित

रोहतास ब्यूरो, अ ई अंजुम

सासाराम। बकाया मानदेय भुगतान सहित अन्य समस्याओं को ले बिहार आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ प्रखड शाखा अधौरा की बैठक स्थानीय प्रखण्ड कार्यालय पर आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता उमरावती देवी व संचालन अशोक श्रीवास्तव ने किया। कार्यकम के मुख्य अतिथि नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव सह सीएफटीयूआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामायण पांडेय ₹एलौन₹ ने कहा की आंगनबाड़ी सेविकाएं एवं सहायिकाएं अपने कार्यक्षेत्र में हर सरकारी काम बखुबी से कर रही है तथा अतिरिक्त कार्यों में भी सरकार का सहयोग कर रही हैं, अतः सरकार इन्हें सरकारी कर्मचारी घोषित करते हुए मानदेय की जगह वेतनमान की घोषणा करे। श्री एलौन कई सेविकाओं तथा सहायिकाओं का मानदेय भुगतान सन 2018 से बकाया रहने पर चिंता जताते हुए इसे तत्काल भुगतान कराने की मांग सरकार से किया।वही महंगाई के अनुसार पोषाहार की राशी उपलब्ध कराने, सभी केंद्रों पर बर्तन उपलब्ध कराने,विभागीय मोबाइल जमा कराने, सभी मदो की राशि विवरणवार समय से बैंक में उपलब्ध कराने की मांग जिलाधिकारी, प्रोग्राम पदाधिकारी से किया गया। बैठक को सीएफटीयूआई बिहार के महामंत्री सुरेन्द्र प्रसाद सिहं, आआंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के प्रदेश महासचिव पुनम कुमारी, सरोज देवी, दुर्गा कुमारी मेहता, अशोक श्रीवास्तव, शोभा श्रीवास्तव, राणा प्रताप सिह, परमेश्वर सिह प्रमुख, शिवदेव सिहं, कवींद्र सिह, डॉ. रामलाल सिह, कुशुम यादव, हिरामुनी देवी, कुमारी ममता, दीपशिखा, लीलावती देवी, निर्मला देवी, अवदेश राम सर्वजीत भारती, लक्ष्मण राम, रामकुमार सहित अन्य लोगों ने सम्बोधित किया।

### डायन के आरोप में महिला की पिटाई ,एसकेएमसीएच रेफर

**बोचहां।** रामपुर जयपाल गांव निवासी दुखिया देवी ने थाने में पहुंचकर गांव के ही रहने वाले पांच लोगों पर डायन का आरोप लगाते हुए गाली गलौज करते हुए बेरहमी से पिटाई करने व पचास हजार रुपया छीन लेने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़ित महिला ने थाना को दिए आवेदन में बताया है कि उसके ही गांव के राजा कुमार, राहुल कुमार, चंदन ठाकुर, सूरज ठाकुर, कपिलेवश्वर ठाकुर, ने मेरे घर में घुसकर डायन का आरोप लगाया और गाली गलौज करने लगा । विरोध करने पर जान मारने के नियत से जमीन पर पटक दिया और गर्दन पर पैर रखकर गला दबाने लगा। इस दौरान घिघियाने की आवाज सुनकर उसका बेटा और पति जब बचाने आया तो उसके साथ भी वे मारपीट करने लगे। जिससे वे जख्मी हो गये। पीड़ित महिला का पति कारपेंटर का काम करता है। घर पर रह कर लकड़ी का दरवाजा - खिड़की बनाने का आर्डर लेता है। ग्राहक सुनील शर्मा पीड़िता के घर सौ पीस लकड़ी का दरवाजा व खिड़की का 50हजार रुपये एडवांस देने आया था। मारपीट के दौरान ग्राहक सुनील शर्मा से भी पैसा छीन लिया।

# मेयर के रूप में महादलितों का उत्थान होगी मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता: राजकुमार चौधरी

पूर्णिया, प्रात: किरण संवादाता



- निगम के भावी मेयर प्रत्याशी ने महादलित समुदायों के बीच चलाया जनसंपर्क अभियान

नगर निगम क्षेत्र के महादलित और दलित समाज को आने वाले दिनों में सभी स्तर से ऊपर उठाने का वायदा करते हुए पूर्णिया नगर निगम के भावी मेयर प्रत्याशी राजकुमार चौधरी ने कहा कि अगर आप सभी का समर्थन और सहयोग हमें मिलेगा तो आप ने जो अपनी तरक्की का सपना संजोकर रखा है वह साकार हो जाएगा।

पूर्णिया नगर निगम क्षेत्र के सभी 46 वार्ड क्षेत्रों से उपस्थित रहे महादलित समाज के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते हुए पूर्णिया के मेयर प्रत्याशी राजकुमार चौधरी ने महादलितों के उत्थान की योजनाओं को प्राथमिकता के तौर पर सरजमीं पर उतारने का वायदा दोहराया और उपस्थित जनों को स्पष्ट शब्दों में बता दिया कि इस बार पहली बार आपको अपने शहर का मेयर चुनने का सीधा अधिकार मिला है तो आप किसी भी पहले वाले किसी मेयर चेयरमैन के फेर में फंस कर उनके हाथ फिर से अपने जीवन को गिरवी रखकर उनकी लूट खसोट का शिकार मत बनिएगा।

उन्होंने कहा कि मैं सेवा भावना के साथ आपके बीच बतौर मेयर प्रत्याशी उतरने को तैयार हूं और मेरा वायदा है कि नगर निगम की सारी सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ आपको आपके घर बैठे ही दिलाने का काम करूंगा। भावी मेयर प्रत्याशी राजकुमार चौधरी ने इस अवसर पर उपस्थित जनों को गमछे ओढ़ा कर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर उपस्थित महादलित समाज के प्रतिनिधियों को भावी मेयर प्रत्याशी राजकुमार चौधरी के समर्थन में एकजूट होने का आहवान सहयोगी शशि चौधरी, गुड्डू चौधरी सहित राम प्रवेश राय ने भी किया और इन सभी वक्ताओं ने भी महादलित समाज को आश्वस्त किया कि राजकुमार चौधरी के रूप में पूर्णिया को पहली बार सच्चा सेवक मिलने की गारंटी पक्की हुई है। इस मौके पर शांतनु जायसवाल, राहुल भारती, नूनू झा, प्रभाकर चौधरी, अमन कुमार सिंह, प्रीतम झा, गौतम जायसवाल, गुडू सिंह, कन्हैया चौधरी आदि उपस्थित थे।

# गुप्ता धाम के सीता कुंड में डूबा 18 वर्षीय युवक



रोहतास ब्यूरो, प्रात: किरण

सासाराम। रोहतास ज़िला चेनारी थाना क्षेत्र के गुप्ताधाम स्थित सीता कुण्ड में डूबकर रविवार की शाम एक 18 वर्षीय बच्चे अमन की मौत हो गई। उसके परिजन आज सोमवार को सुबह पटना सिटी से गुप्ताधाम पहुंचे हैं जो चेनारी थाना पहुंचकर बेटे के डूबने की सूचना दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक अमन कुमार उर्फ अंशु कुमार पिता अमोल कुमार पटना सिटी देवी स्थान चनपुरा का रहने वाला है। वह पांच दोस्तों के साथ गुप्ताधाम आया था। दोस्तों के साथ वह सीता कुण्ड में नहाने गया था, इस क्रम में पानी का अंदाज न मिलने के कारण वह डूबने लगा, दोस्तों ने बचाने की कोशिश की, परंतु वह तेज धार में बह गया। तब दोस्तों ने अंशु के परिजनों को मोबाइल पर सूचना दी तो पिता,अन्य परिजन गुप्ताधाम पहुंचे। जानें कि सावन माह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। श्रद्धालु यहां सीता कुण्ड में स्नान भी करते हैं इसलिए वहां के स्थानीय लोगों ने कहा कि स्नान में सावधानी आगे भी जरूरी है, नहीं तो दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है।

# तीसरी सोमवारी पर हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा रुपौली का डुमरी गांव

रूपौली, प्रात: किरण संवाददाता



**(पूर्णिया)।** रूपौली प्रखण्ड क्षेत्र में कोयली सिमड़ा पश्चिम पंचायत के डुमरी गांव वार्ड नम्बर 11 में नए शिव मंदिर का निर्माण और स्थापना के उपलक्ष्य में भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर कोयली सिमड़ा पश्चिम पंचायत के उपमुखिया प्रतिनिधि विनोद कुमार यादव ने फीता काट कर शुरूआत किया।

वहीं उपमुखिया प्रतिनिधि विनोद कुमार यादव ने कहा कि नए शिव मंदिर निर्माण के साथ शिवलिंग का स्थापना किया गया। उन्होंने कहा कि शिव भक्तों ने अपने गांजे बाजे के साथ डुमरी गांव से चल कर मरवा में जल भर कर पुनः डुमरी गांव में नए शिव मंदिर में जलाभिषेक किया। बता दें कि श्री श्री 108 शिव मंदिर सपाहा गांव निषाद टोला में शिव शक्ति युवा एकेडमी सपाहा की तरफ से सावन माह के शुभ अवसर पर तृतीय सोमवारी 01 जुलाई को एक दिवसीय महाशिव जागरण होने जा रहा है।

वहीं शिव शक्ति युवा एकेडमी के डायरेक्टर मिथुन कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य क्षेत्र संख्या 05 प्रतिमा कुमारी उर्फ सुनीता देवी, कोयली सिमड़ा पश्चिम पंचायत के मुखिया चंचल कुमारी के द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत की जाएगी। इस कार्यक्रम में सभी शिव शक्ति युवा एकेडमी सपाहा के युवाओं काफी जोर सोर से तैयारी कर रहे हैं।

इस सावन माह के दूसरी सोमवारी में भी हर हर महादेव गुंज रही पूरी रूपौली प्रखण्ड। इस कार्यक्रम में शिव शक्ति युवा एकेडमी डारेक्टर मिथुन कुमार, बाल्मीकि कुमार, कुन्दन कुमार, मिलन कुमार, मिथुन कुमार, कुलदीप कुमार, बासुकी कुमार, रतन कुमार सहित समस्त कोयली सिमड़ा पश्चिम पंचायत के ग्रामीण शामिल होंगे।

# रोहतास में मिले कोरोना के 13 नए केस, मरीजों की संख्या 46

रोहतास ब्यूरो, प्रात: किरण




सासाराम। कोरोना की चौथी लहर में रोहतास में आज तक कई नए कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। आज आई जांच रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 24 घंटों जिले में 13 नए कोरोना पॉजिटिव मिले है। अब जिले में एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 46 हो गई है। जबकि पिछले 24 घंटों में 04 मरीज रिकवर भी हुए हैं।

जिला अनुश्रवण,मूल्यांकन पदाधिकारी अमित कुमार ने बताया पिछले 24 घंटों में जिले में कुल 1593 लोगों के कोरोना टेस्ट किए गए थे। इसमें एंटीजन टेस्ट की संख्या 1193 एवं 400 लोगों का फ्ळढउफ किया गया। इस तरह कुल 1593 टेस्ट में 1580 का रिजल्ट निगेटिव रहा, जबकि 13 मामले पॉजिटिव आए हैं। सभी 13 पॉजिटिव मामले रोहतास जिले के ही हैं। जिले में कुल एक्टिव मरीजों की संख्या अब 46 हो गई है। सभी एक्टिव मरीज रोहतास जिले के हैं। सभी 46 एक्टिव मरीजों का इलाज होम आइसोलेशन में चल रहा है। पिछले एक सप्ताह में जिले में कोरोना मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। 7 दिन में 56 नए कोरोना पॉजिटिव मिले। किस दिन कितने पॉजिटिव केस मिले ये भी जानें 19 जुलाई - 08, 20 जुलाई - 08, 21 जुलाई - 09, 22 जुलाई - 11, 23 जुलाई - 02, 24 जुलाई - 05, और 25 जुलाई को 13 पॉजिटिव केस मिले हैं।

### गोपालगंज: 360 बोतल शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**गोपालगंज ।** जिले में उत्पाद विभाग व पुलिस के लाख प्रयास के बावजुद षराब का कारोबार रूकने का नाम नही ले रहा है। इसी क्रम में उत्पाद विभाग की टीम ने बलथरी चेकपोस्ट के समीप वाहन जांच के दौरान एक लग्जरी कार से 360 बोतल विदेषी षराब को बरामद कर लिया। इसके साथ ही तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्कर मोतीहारी जिले के केसरिया थाने के सिसवा गांव के अनिकेत सिंह बताए गए है। इसकी जानकारी देते हुए उत्पाद अधीक्षक राकेष कुमार ने बताया कि उत्पाद विभाग की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि यूपी से एक लग्जरी वाहन से शराब की खेप जा रही है। जिसके आधार पर उत्पाद विभाग की टीम ने चेकपोस्ट के पीछे तिवारी टोला के समीप वाहनों की जांच षुरू कर दी। जांच के दौरान एक लग्जरी कार से 360 बोतल विदेषी शराब को बरामद कर वाहन को जप्त कर लिया गया। पुलिस गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ कर रही है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि किसी भी हाल में शराब का करोबार नही होने दिया जाएगा।

# भाकपा का 24वां अंचल सम्मेलन संपन्न, अमर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

रूपौली, प्रात: किरण संवाददाता



**(पूर्णिया) ।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का 24 वां अंचल सम्मेलन कां. उपेन्द्र पासवान सम्मेलन हॉल टीकापट्टी में सम्पन्न हुआ। अंचल सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि राज्य संगठन मंत्री विजय नारायण मिश्र उपस्थित थे। अंचल सम्मेलन का शुभारंभ पार्टी झंडोत्तोलन और झंडा गान से किया गया।

जबकि झंडोत्तोलन पार्टी के वयोवृद्ध नेता कॉ. जनार्दन मंडल के हाथों हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता कॉ. जयमाला देवी, कां. विजय ठाकुर और का. कमलेश्वरी सिंह संयुक्त रूप से तथा मंच संचालन रूपौली अंचल मंत्री कां. शिव कुमार यादव ने किया। उपस्थित सभी पार्टी कार्यकर्ता ने दिवंगत कांमरेड और देश की सीमा पर अपने प्राण न्योछावर करने वाले अमर शहीदों को दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। राज्य संगठन मंत्री विजय नारायण मिश्र ने उद्घाटन सम्बोधन में कहा कि रूपौली ही नहीं अपितु सम्पूर्ण पूर्णियां परिक्षेत्र भाकपा की गढ़ शुरूआती दौर से ही रही है। इस क्रांतिकारी घरती के पार्टी कार्यकर्ता सदैव पार्टी कार्यो के प्रति तत्पर रहा है। वर्तमान समय की पुकार भी सांगठनिक ढांचा को और मजबूत करना है। अंचल मंत्री रूपौली कां. शिव कुमार यादव ने राजनीतिक और सांगठनिक रिपोर्ट पेश किया। पेश रिपोर्ट पर पार्टी प्रतिनिधि साथियों ने जमकर हिस्सा लिया। पार्टी कार्यकताओं ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन, जनता के विभिन्न समस्याओं पर अनवरत संघर्ष करने का एक स्वर में फैसला लिया। जबकि सम्मेलन के समापन उद्बोधन में जिला सचिव कां. विकास चन्द्र मंडल सहित अन्य कई ने अपने विचार व्यक्त किए।

### हर हर महादेव से गुंज उठे शिवालय

**गोपालगंज।** सावन माह में शिवभक्त शिव की साधन में लीन हो जाते है। सावन माह में सोमवार का दिन शिवभक्तो के लिए और ज्यादा महतपूर्ण हो जाता है। बेलपत्र और जल के साथ शिवभक्त आसपास के शिवालयों में जाकर जल अर्पण करते है। सावन माह की दुसरी सोमवारी के अवसर पर शिवालयों में श्रद्वालुओ की भारी भीड देखी गयी। षहर के मनोकामनानाथ शिव मंदिर, मांझा के प्राचीन षिव मंदिर, डुमरिया महुआ टोला स्थित शिव मंदिर सहित सभी प्रमुख शिवालयों में हर हर गंगे बम बम भोले हर हर महादेव के जयकारो से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा। इस अवसर पर स्त्री, पुरूष, युवा, युवतियां और नौजवानो की भारी भीड मंदिरो पर दिन भर लगी रही। मंदिर के आसपास पूजा सामग्री और मिठाइयों की दुकाने भी सजी रही। वही हथुआ संवाददाता के अनुशार मीरगंज स्टेशन चैक, स्थित शिव मंदिर में श्रद्वालुओ की भारी भीड देखी गयी।

# भूगर्भ जल का संरक्षण नही हुआ तो प्यासे तड़पेंगे लोग: रामानुज

चंचल कुमार/ मुरलीगंज( मधेपुरा)



- स्वच्छता अभियान की तरह ही देश भर में घर घर मे जल संरक्षण के लिए सोख्ता जरूरी है

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता रामानुज पाण्डेय ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार तथा आम जनता से बढ़ते जल संकट की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा है कि जिस प्रकार से पर्यावरण परिवर्तन हो रहा है और भूगर्भ जल का पेय जल के अतिरिक्त भी उपयोग बढ़ता जा रहा है

जो पुनः धरती के अंदर जाने के बजाए समुद्र या वायुमण्डल में चला जा रहा है जिस कारण प्रत्येक वर्ष भूजल का स्तर तेजी से गिरता जा रहा है। दुनिया भर मे एवं भारत मे भी कई नगर ऐसे हैं जहाँ भूजल समाप्त हो चुका है अथवा चार चार महीनों तक पीने के पानी का संकट हो जाता है पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि दुनिया के अंदर इकहत्तर प्रतिशत खारा समुद्री जल है शेष जल में नदी तालाब और ग्लेसियर में हैं और कुल दो प्रतिशत से भी कम जल भूगर्भ जल के रूप में उपलब्ध है जिसका उपयोग भी मनुष्य उद्योग धंधो कृषि कार्य मे बेरोकटोक कर रहा है ।

बेहिसाब प्रदूषण के कारण भूगर्भ जल का पहला दूसरा स्तर इतना प्रदूषित हो गया है कि लोग धड़ल्ले से आरओ सिस्टम का उपयोग करने लगे हैं जिसके कारण लगभग पचहत्तर प्रतिशत पानी बेकार में नालियों में बह जाता है। जबतक कुँआ से भूगर्भ जल उपयोग में लिया जाता था तब तक खपत सीमित था चापाकल से कुछ बढ़ा लेकिन घर घर मे मोटर पम्प लग जाने से घर घर मे बेहिसाब पानी का खपत बढ़ा है। एक एक आदमी सैकड़ों लीटर पानी बर्बाद करने लगा है। उद्योगों के विस्तार, खेती में उपयोग, गाड़ियों की सर्विसिंग और फिर सारे पानी के नालियों में बहा दिया जाना इसके कारण लगातार जलस्तर गिर रहा है और दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि हम आने वाले इस भयावह जल संकट से बिल्कुल ही लापरवाह हैं।

समुद्र के जल को पीने योग्य बनाने की तकनीक ढूंढ ली गई है पर उसे घर घर पहुचना क्या आसान है और खचीर्ला नही होगा हम सरकार,एवं समाज सभी से आग्रह करते हैं कि भविष्य में जो भी भवन बने उसमे सोख्ता (शॉकपिट)अवश्य बने और जैसे घर घर शौचालय बनाए गए वैसे ही जो सक्षम हो स्वयं जहाँ सरकार की सहायता की जरूरत हो सरकार सहयोग कर घर घर मे सोख्ता बनाना नियमतः सुनिश्चित करें। ताकि मात्र प्रतिदिन निकले जाने वाले जल की पुनः भूगर्भ में वापसी नही बल्कि वर्षा के भी जल को भूगर्भ जल के स्तर को बढ़ाने के लिए जमीन के अंदर उसे संरक्षित करना सुनिश्चित किया जा सके हम सरकार एवं समाज दोनो को आगाह करते हैं कि यदि इसे अभियान के रूप में लेकर नही किया गया तो उद्योग धंधे खेती तो चौपट होगा ही मनुष्य पेयजल के अभाव में तड़पेंगे आ अभी तो कुछ महीनों का संकट लोग झेल रहे है और शायद कम कीमत में पेयजल खरीद रहे हैं आने वाले दिनों में वह भयावह स्थिति आ सकती है कि शायद लोगों को पानी के लिए तरसना पड़ेगा। अतः समय रहते सरकार और समाज इसके प्रति गम्भीरता से विचार करते हुए व्यवस्था बनाये।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण 

# विचार मंथन

@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
पटना, मंगलवार, 26 जुलाई, 2022

**सम्पादकीय**

## शपथ, विदाई का दस्तूर

एक महामहिम राष्ट्रपति आ रही हैं, तो मौजूदा राष्ट्रपति की सम्मान और गरिमा के साथ विदाई हुई है। विदाई का भाव आते ही मन भरने लगता है। बहुत कुछ छूटने लगता है, यादें उमड़-घुमड़ करने लगती हैं, लेकिन यही प्रकृति और संविधान का दस्तूर है। हमें कत्रत्व्य-पथ पर निरंतर आगे बढा है। जीवन में जड़ता बेमानी है, लिहाजा पुरातन और नवीनता का सिलसिला जारी रखना ही जीवन और संवैधानिक दायित्व हैं। निर्वाचित महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज 25 जुलाई को पद की शपथ लेंगी। देश के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस एनवी रमना उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। एक और नया संवैधानिक अध्याय शुरू हो रहा है। दूसरी तरफ राष्ट्रपति पद से रामनाथ कोविंद की विदाई हुई है। उन्हें कई स्तरों पर भावभीनी विदाई दी गई है। वह पांच साल तक भारत के राष्ट्रपति रहे। उनका कार्यकाल सहज, सरल, ईमानदार, निष्ठापूर्ण, विनम्र, अनुशासित और संविधान के प्रति प्रतिबद्धताओं का दौर रहा। प्रधानमंत्री और कैबिनेट के साथ एक भी विवाद और टकराव सतह पर नहीं आने दिया। राष्ट्रपति कोविंद कई मायनों में जन-राष्ट्रपति थे, न कि प्रोटोकॉल से बंधे राष्ट्राध्यक्ष थे।

उनसे एक बूढ़ी मां ने हेलीकॉप्टर में सवारी कराने की भोली-भावुक इच्छा जताई, तो जब अपने 92 वर्षीय अध्यापक को सामने देखा, तो मंच और प्रोटोकॉल झटक कर नीचे आए और गुरू के पांव छुए। संविधान के सर्वोच्च पद तक पहुंचने की काबीलियत और ज्ञान में उस गुरू ने ही बुनियादी भूमिका निभाई थी। रामनाथ कोविंद देश के दूसरे दलित राष्ट्रपति थे। पहले दलित चेहरे के तौर पर केआर नारायणन ने इस पद को ग्रहण किया और एक वंचित समुदाय को गौरवान्वित होने का मौका दिया। कोविंद राज्यसभा सांसद और बिहार के राज्यपाल भी रहे। अब वह अंतिम राष्ट्रपति हैं, जिन्हें संसद भवन के ऐतिहासिक सेंट्रल हाल में विदाई दी गई। अगली विदाई नए संसद भवन में होगी। बहरहाल राष्ट्रपति के तौर पर रामनाथ कोविंद ने 33 देशों की यात्रा की। उनमें अधिकतर वे देश थे, जो गरीब और पिछड़े थे तथा भारत के महामहिम ने उन देशों में प्रवास नहीं किया था।

उन देशों के साथ उन्होंने भारत के संबंधों की स्थापना की। ऐसा करते हुए राष्ट्रपति कोविंद ने भारत के सांस्कृतिक दूत की भूमिका भी निभाई। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक, सामाजिक, वैचारिक, आध्यात्मिक और वैश्विक परंपराओं को विश्व के सामने रखा। उन्हें कई देशों ने सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान से भी नवाजा। राष्ट्रपति काल के दौरान कोविंद ने अनुच्छेद 370 समाप्त करने, तीन तलाक संबंधी, जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन, ओबीसी संशोधन, साधारण बीमा कारोबार संशोधन सरीखे महत्त्वपूर्ण बिलों पर हस्ताक्षर करके उन्हें कानून का रूप दिया। इतिहास उन्हें सदैव याद रखेगा। राष्ट्रपति कार्यकाल के दो ऐतिहासिक आयोजनों को उन्होंने खास तौर पर याद किया-राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के संदर्भ में समारोह मनाए गए। दूसरे, देश की स्वाधीनता के 75 वर्ष पूरे होने पर अमृत महोत्सव उत्साह से मनाया जा रहा है।

महामहिम के तौर पर कोविंद दोनों ऐतिहासिक आयोजनों के साक्षी रहे हैं। उन्होंने कोरोना वैश्विक महामारी का जिक्र किया, तो 200 करोड़ से ज्यादा टीके की खुराकों का भी उल्लेख किया। उनकी टिप्पणी थी-मानवता न तो प्रकृति से अलग है और न ही उससे ऊपर है। कोरोना ने हमें यह एहसास करा दिया। बहरहाल विदाई के दौर में उन्होंने संसद सदस्यों समेत राष्ट्र को भी संबोधित किया। उन्होंने देशहित में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर काम करने का आह्वान किया और कहा कि लक्ष्यों के लिए गांधीवादी तरीके से विरोध प्रकट किया जाना चाहिए। राष्ट्रपति की विदाई के दौर में कोविंद ने शांति और सद्भाव के मूल्यों पर जोर दिया। बहरहाल कोविंद को हमारी भी शुभकामनाएं हैं कि वह स्वस्थ और सानंद रहें और देश के नागरिक के तौर पर अपनी भूमिका सदैव निभाते रहें।

## किडनी रैकेट के दलालों को पहचानने की जरूरत

सुखदेव सिंह

कारगिल युद्ध में जहां कई वीर सपूतों को हमने खोया, वहीं इसी युद्ध से सीख लेकर भारत ने अपनी सीमाओं पर सुरक्षा और अधिक बढ़ाने पर जोर दिया था। आज हमारी तीनों सेनाएं इतनी मजबूत हैं कि पड़ोसी देशों को करारा जवाब दे सकती हैं। भारत-पाकिस्तान की सेनाओं में सन् 1999 में कारगिल युद्ध हुआ जो करीब 60 दिनों तक चला। भारतीय सैनिकों ने अपने प्राणों की आहुतियां देकर इस युद्ध पर विजय पाई। इसी कारण 26 जुलाई का दिन देश में कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले रणबांकुरों को इस दिन श्रद्धांजलि देकर उनके बलिदान को स्मरण किया जाता है। भारत का लोहा आज विश्व के अन्य देश भी मान रहे हैं जो कि हर्ष का विषय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पूर्व के कार्यकाल में विश्व के कई देशों की यात्राएं करके भारत के अन्य देशों के साथ मित्रता संबंध बनाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी थी। इन देशों के साथ घनिष्ठ संबंध बनने के कारण ही उनके साथ व्यापारिक समझौते भी हुए हैं। किसी भी देश के साथ जब तक मैत्रीपूर्ण संबंध प्रगाढ़ नहीं बनते, तब तक व्यावसायिक बन पाना मुश्किल होता है। आज वही देश भारत की विदेश नीति से फलीभूत होकर कंधे से कंधा मिलाकर चलने को तैयार हैं। हमारे देश की जनता अपने वीर सैनिकों पर अत्यधिक विश्वास करती है। अटूट विश्वास क्यों न किया जाए, जब आम जनमानस अपने घरों में सुकून की नींद सोते हैं, तब ये वीर पुरुष सरहदों पर पहरा दे रहे होते हैं। यही वजह है कि कुछ ग्रामीण मंदिरों में भगवान की भांति शहीदों की तस्वीरें लगाकर उनकी भी पूजा की जाती है। लोग ऐसे गांवों को शहीदों का गांव कहकर भी पुकारते हैं। देश का कुल 16500 किलोमीटर का एरिया पड़ोसी देशों की सीमाओं के साथ लगता है। सीमा प्रबंधन के अभाव में हमेशा ही सावधानी हटी और दुर्घटना घटी जैसी स्थिति बनी रहती थी। देश की सीमाएं पाकिस्तान, चीन, बांग्लादेश, नेपाल, म्यांमार आदि देशों के साथ लगती हैं। दुश्मन हमेशा ही अपने देश की सीमाओं को लांघकर घुसपैठ करने की फिराक में रहता आया है। भारत भौगोलिक दृष्टि से भी बड़ा होने के कारण अक्सर सीमाओं की सुरक्षा बढ़ाने में कई चुनौतियों का सामना करता रहा है। अब देश ने भौगोलिक, हवाई और समुद्री सीमाओं पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम कर रखे हैं। 3141 किलोमीटर का एरिया पाकिस्तान के साथ लगता है जिसमें कश्मीर के हिस्से में हमेशा ही तनाव की स्थिति रहती आई है। केंद्र सरकार ने देश की सरहदों की सुरक्षा अत्यधिक बढ़ाए जाने को लेकर कारगिल युद्ध के बाद एक सुरक्षा कमेटी का भी गठन करके रखा हुआ है। भारत का अधिकांश बजट सुरक्षा के नाम पर खर्च किया जा रहा है। अपने देश में पड़ोसी देश अब घुसपैठ करने के लिए अपना अंजाम सौ बार सोचकर ही कोई कदम उठाएगा। केंद्र सरकार को अपनी सीमाओं पर चौकसी और बढ़ाकर सीमापार से आ रहे ड्रग्ज पर भी नकेल कसने की जरूरत है। दक्षिण एशिया के आठ देश अगर एकजुट हो जाएं तो बड़ी आसानी से हर समस्या पर नकेल कस सकते हैं। सार्क अधिवेशनों में वैसे हर साल आपसी मेल-मिलाप और भाईचारा बढ़ाए जाने की सिर्फ चर्चाएं की जाती हैं। भारत ने अफगानिस्तान, श्रीलंका, नेपाल और बांग्लादेश की मदद करके हमेशा ही बेहतरीन पड़ोसी देश होने का अपना दायित्व निभाया है। द्वितीय विश्व युद्ध में हुए नरसंहार ने विश्व को कई भागों में बांट दिया। दक्षिण एशिया के देशों में पड़ोसी देश पाकिस्तान हमेशा ही अपने मन की करता आया है। यही एकमात्र वजह है कि आज दक्षिण एशिया के देश महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और आतंकवाद जैसी कई समस्याओं से घिरे हुए हैं। उधर पश्चिमी साम्राज्यवाद की नीति ने खलल डाला कि एक अमीर पश्चिमी और दूसरा उत्तरी गरीब पश्चिमी देश बन गया। विश्व देश अब अपनी जनता की सुरक्षा को लेकर चिंतित रहकर बजट आंखें बंद करके खर्च करने लग पड़े। जो बजट जनता के विकास पर खर्च किया जाना चाहिए था, अब वही आधुनिक तकनीक के हथियारों को खरीदने और दूसरे सुरक्षा के इंतजाम किए जाने पर खर्च किया जा रहा है। वर्तमान समय में पड़ोसी देश चीन के सहारे भारत की सीमाओं पर घुसपैठ बढ़ाने की फिराक में मशगूल है। भारत और चीन सीमा विवाद की वजह से चीन की मोबाइल एप्लिकेशन को केंद्र सरकार ने बंद कर दिया था। भारत की इस पहल पर अन्य देश भी अमल कर रहे हैं। यह भी एक तरह भारत-चीन की अर्थव्यवस्था को कमजोर बनाकर अपनी कूटनीति का सबूत दे रहा है। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को हटाकर भी भारत ने आतंकवाद के खिलाफ बिगुल फूंका है। केंद्र सरकार प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण जम्मू-कश्मीर को पर्यटन का बेहतरीन स्थल बनाने के लिए प्रयासरत है। इस राज्य के विकसित होने के बाद इसका सम्पूर्ण विकास संभव है। जम्मू-कश्मीर के मॉडल राज्य बनते ही आतंकवादी गतिविधियों में भी कमी आएगी।

## पूर्णिका साहित्य जगत में पूर्णिमा की चांदनी सी छटा बिखेर रही है

धारा सतत प्रवाहित होते हुए कवियों की लेखनी में समाहित हो पूर्णिका बन गई है और जिसकी गूंज सर्वत्र फैल रही है .....जिसे कलमकारों ने इस प्रकार कहा डॉ सलपनाथ यादव प्रेम जी का पूर्णिका के प्रति समर्पण भाव प्रतीक है इस बात का की पूरे देश के कलमकार एक से बढ़कर एक पूर्णिका का सृजन कर रहे हैं मुझ जैसे न जाने कितने काव्य रसिकों को रसपान करा रहे है . पूर्णिका साहित्य की वह विधा है जिसके अंग गजल से बहुत कुछ मिलते है किंतु गजल में जहां नायक नायिका के प्रेम संवाद का वर्णन होता है वही पूर्णिका का वर्ण्य विषय वृहद विस्तृत रूप में है यदि यू कहू तो की गजल और पूर्णिका में भेद भी यही है कि गजल नायक नायिका के प्रेमालाप का वर्णन है जबकि पूर्णिका जीवन,समाज व देश के प्रत्येक विषय व समस्या को अपने अंदर समाहित करती है आदरणीय भाई सलपनाथ जी का तर्क भी यही हैं कि जब कोई विधा सम्पूर्ण विषयो का वर्णन करे तो हम उसे क्यो न पूर्णिका कहे





**संगम त्रिपाठी**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

मां नर्मदा की कल-कल स्वरों के बीच कलमकार डॉ सलपनाथ यादव जी ने साहित्य में नव विधा का सृजन किया है जिसकी धारा सतत प्रवाहित होते हुए कवियों की लेखनी में समाहित हो पूर्णिका बन गई है और जिसकी गूंज सर्वत्र फैल रही है.....जिसे कलमकारों ने इस प्रकार कहा डॉ सलपनाथ यादव प्रेम जी का पूर्णिका के प्रति समर्पण भाव प्रतीक है इस बात का की पूरे देश के कलमकार एक से बढ़कर एक पूर्णिका का सृजन कर रहे हैं मुझ जैसे न जाने कितने काव्य रसिकों को रसपान करा रहे है........पूर्णिका साहित्य की वह विधा है जिसके अंग गजल से बहुत कुछ मिलते है किंतु गजल में जहां नायक नायिका के प्रेम संवाद का वर्णन होता है वही पूर्णिका का वर्ण्य विषय वृहद विस्तृत रूप में है

यदि यू कहू तो की गजल और पूर्णिका में भेद भी यही है कि गजल नायक नायिका के प्रेमालाप का वर्णन है जबकि पूर्णिका जीवन,समाज व देश के प्रत्येक विषय व समस्या को अपने अंदर समाहित करती है.......

आदरणीय भाई सलपनाथ जी का तर्क भी यही हैं कि जब कोई विधा सम्पूर्ण विषयो का वर्णन करे तो हम उसे क्यो न पूर्णिका कहे 'आपके इस तर्क का सत्यापन गजल के जन्मदाता के इस कथन से हो जाता हैं कि गजल प्रेमी प्रेमिका के कथोपकथन गायन है.....ये बातें टी के सिंह परिहार ने अभिव्यक्त की। आदरणीय सलपनाथ यादव जो कि एडवोकेट और महान विचारक तथा स्वतंत्र लेखक कवि है जो अपना उत्तम विचार देकर कवियों गजलकारों को अनुग्रहित करते हैं आपने अपने कठिन परिश्रम और चिंतन से जो गजल के बिगड़े हुए स्वरुप पूर्णिका नाम दिया और उर्दू वालों के लिए कामिल नाम दिया है वह सर्वथा ग्रा है आप के इस प्रयत्न से स्वयं को गजलकार कहकर गजल की रीति बिगाड़ने वालों तथा अन्य उभरते अंकुरो के लिए एक सुन्दर शिक्षा है जिसे उन्हें अपनाना चाहिए और इसका प्रयोग करना चाहिए श्रृंगार से भिन्न गजल में यदि कोई भी रस प्रयुक्त हो तो उसे पूर्णिका या कामिल कहना ही उचित है। गजल एक ऐसा नाम जिसका अर्थ प्रेमी और प्रेमिका के प्रेम को दशार्ता है यह एक ऐसी विधा है जिसमें प्रेमी और प्रेमिका के प्रेम का सुन्दर ढंग से वर्णन किया जाता है किन्तु आज इसे हास्यादि रस में प्रयोग किया जा रहा जिसे उचित कहना भी अनुचित है जिसे गजल कहकर लोग हर रस में प्रयोग करते हुए गजल कह रहें हैं उसे पूर्णिका या कामिल कहना ही उचित है जिसे सलपनाथ जी एक सुन्दर और उचित नाम दिए है हर रस में इसका प्रयोग करने वालों को सदैव गजल न कहकर पूर्णिका या कामिल कहना ही उचित है क्योंकि अब गजल गजल नहीं रह गयी है गजल वर्णित कहानी मात्र प्रेमी और प्रेमिका पर ही शोभित होती है इसलिए मेरा मानना है जो आदरणीय सलपनाथ जी ने नया नाम पूर्णिका या कामिल दिया है वह सर्वथा उचित ही है जिसका जो नियम है उसका उसी नियम में प्रयोग करना चाहिए जिसका उनुलंघन खुद को गजलकार कहने वाले ही कर रहें हैं गजल मात्र श्रृंगार रस से ही शोभित होती है इससे अलग रस यदि गजलकार प्रयोग कर रहें हैं तो उसे सलपनाथ जी के द्वारा दिए गये पूर्णिका या कामिल नाम से सम्बोधित करना उचित है। आदरणीय सलपनाथ के इस प्रयास के लिए मैं उन्हें साधुवाद देता हूं। वो गजल का स्वरुप समझाते हुए जो अपनी पुस्तक के द्वारा नयी चेतना और ज्ञान प्रदान कर रहें उससे गजलकारों का अत्यंत भला होगा और गजल गजल का स्वरुप पकड़ेगी।मैं आचार्य आशीष पांडेय पराशर बधाई देता हूं। पूर्णिका की आंधी.....डॉ सलपनाथ यादव के प्रयासों से साहित्य में पूर्णिका की आंधी चल पड़ी है..... सरल भाव से सरल शब्दों के संयोजन से पूर्णिका जन-जन को भाने लगी है।पूर्णिका के जनक सलपनाथ जी की मेहनत धीरे-धीरे अनूठा रंग लाने लगी है।भारतीय साहित्य में स्थान बनाने लगी है.....विनोद कुमार सीताराम दुबे शिक्षक भांडुप मुंबई महाराष्ट्र। पूर्ण सत्य है डॉ सलपनाथ यादव प्रेम जी पूर्णिका शब्द को यथोचित स्थान दिलाने के लिए कठिन तप कर रहे है जोअत्यंत प्रशंसनीय .मदन श्रीवास्तव

आगत संस्कारधानी का स्वागत पूर्णिका के साथ करे, तो यह बड़े ही गौरव की बात होगी .....एम पी कोर गजल मूलतः इश्क ए हबीबी और मोहब्बत की बातों का ही ख्याल तसव्वुर है। लेकिन आज के परिप्रेक्ष्य में सभी विषयों में कलमकार अपनी बात कह रहे हैं तो हमारे जबलपुर की शान कवि सलपनाथ जी प्रेम ने साहित्य की इस *सद्य विधा को *पूर्णिका नाम दिया है जो यथोचित ही जान पड़ता है मैं तो इसके व्यापक वैश्विक स्तर पर अंगीकार करने की बात मानता हूं।

पूर्णिका साहित्य मतलब हिंदी भाषा में देवनागरी लिपि का समग्र साहित्य समाहित है।ऐसे समझे- आप दोहा छंद मुक्तक गजल (कामिल) लिखते हैं तो यह पूर्णिका (समग्र देवनागरी लिपि साहित्य) की इस विधा के अंतर्गत ही आयेगा। साथ ही हम संस्कार धानी के लिए अति गौरव और हर्ष का विषय भी।जब भी पूर्णिका का नाम लिया लिखा जायेगा तो जबलपुर और सलपनाथ प्रेम हम सबके लिए अत्याधिक हर्ष और खुशी का सच्चा गौरव इतिहास ही कहलायेगा ..... अंशुल मिश्र कदम जबलपुरी साहित्य जगत में एक नया अध्याय साहित्यकारों के अध्ययन एवं शोध का नया विषय पूर्णिका निश्चित रूप से समाज के सभी वर्गों के जीवन का दर्पण साबित होगा । डॉ.श्री सलपनाथ जी यादव को इस उपलब्धि के लिए बधाई देता हूँ ..... एड. एन डी निम्बावत सागर जोधपुर सलपनाथ यादव गजल के मुकाबले पूर्णिका रूपी नया छंद विधान स्थापित किया, साहित्य अकादमी मध्य प्रदेश ने लगाई मुहर सुरेंद्र दुबे, जबलपुर। संस्कारधानी जबलपुर के सृजनधर्मी अधिवक्ता डा. सलपनाथ यादव प्रेम ने उर्दू की विधा गजल के मुकाबले हिंदी में पूर्णिका रूपी नया छंद विधान स्थापित किया है। साहित्य अकादमी मध्य प्रदेश के निदेशक डा.विकास दवे ने इस पर मुहर लगा दी है। हालांकि इससे पूर्व ही देश के अनेक वरेण्य रचनाकार इस तपोसिद्ध कार्य को मान्यता दे चुके थे। सलपनाथ जी शब्दों को अपने रचना संसार के अनुकूल ढ़ाल लेते हैं। उन्होंने उर्दू विधा गजल को हिंदी में पूर्णिका नाम दिया है। लिहाजा, अब मैं भी गजलों को पूर्णिका ही कहूंगा। इन पूर्णिकाओं में मोहब्बत की चाशनी, मिट्टी की महक, एहसास की चांदनी, रिश्तों के बिखरने का एहसास, श्रम के सूरज की गर्मी, संस्कृति का संरक्षण, राजनीति की गिरावट, खूनी रिश्तों की सजावट, ममता की लोरी, बच्चों का स्नेह, गांव का परिवेश, आधुनिक भारत की तस्वीर, वह सब कुछ देखने को मिलता है, जो हम सब देखते और सोचते हैं.....इनफान झांस्वी, वरिष्ठ शायर अब मैं भी गजल के लिए सुझाए गए शब्द पूर्णिका का उपयोग करने लगा हूं। साथ ही देश-दुनिया के अन्य कवियों-शायरों से भी ऐसा ही अनुरोध करता हूं।

## रुपए में लेन-देन से बढ़ेगा विदेश व्यापार

एक, 11 जुलाई को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के द्वारा भारत और अन्य देशों के बीच व्यापारिक सौदों का निपटान रुपए में किए जाने संबंधी महत्त्वपूर्ण निर्णय से जहां डॉलर संकट का सामना कर रहे रूस, संयुक्त अरब अमीरात, इंडोनेशिया, श्रीलंका, ईरान, एशिया और अफ्रीका सहित कई छोटे-छोटे देशों के साथ भारत का विदेश व्यापार तेजी से बढ़ेगा, वहीं भारतीय रुपया मजबूत होगा, भारत का व्यापार घाटा कम होगा और विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ेगा। दो, इस समय जब दुनिया रूस और अमेरिकी-यूरोपीय कैम्प में बंटती हुई दिखाई दे रही है, तब भारत दोनों ही कैम्पों के विभिन्न देशों में विदेश व्यापार बढ़ाने की संभावनाओं को मुट्ठियों में लेने के लिए तेजी से आगे भी बढ़ रहा है। उल्लेखनीय है कि इस समय यूक्रेन पर हमले के मद्देनजर पश्चिमी देशों के द्वारा रूस पर लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों के कारण अमेरिकी





**डा. जयंतीलाल भंडारी**
**लेखक वरिष्ठ स्तंभकार है**

यकीनन इस समय यूक्रेन संकट की आपदा के बीच भारत के लिए दुनिया के विभिन्न देशों में व्यापार-कारोबार और निर्यात बढ़ाने के दो तरह के अभूतपूर्व मौके निर्मित हुए हैं। एक, 11 जुलाई को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के द्वारा भारत और अन्य देशों के बीच व्यापारिक सौदों का निपटान रुपए में किए जाने संबंधी महत्त्वपूर्ण निर्णय से जहां डॉलर संकट का सामना कर रहे रूस, संयुक्त अरब अमीरात, इंडोनेशिया, श्रीलंका, ईरान, एशिया और अफ्रीका सहित कई छोटे-छोटे देशों के साथ भारत का विदेश व्यापार तेजी से बढ़ेगा, वहीं भारतीय रुपया मजबूत होगा, भारत का व्यापार घाटा कम होगा और विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ेगा। दो, इस समय जब दुनिया रूस और अमेरिकी-यूरोपीय कैम्प में बंटती हुई दिखाई दे रही है, तब भारत दोनों ही कैम्पों के विभिन्न देशों में विदेश व्यापार बढ़ाने की संभावनाओं को मुट्ठियों में लेने के लिए तेजी से आगे भी बढ़ रहा है। उल्लेखनीय है कि इस समय यूक्रेन पर हमले के मद्देनजर पश्चिमी देशों के द्वारा रूस पर लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों के कारण अमेरिकी, यूरोपीय और जापानी कंपनियों सहित कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों के द्वारा रूस में अपना कारोबार बंद कर दिया गया है। ऐसे में भारतीय कंपनियों के लिए रूस में तमाम मौके दिख रहे हैं। रूस में भारत की उपभोक्ता कंपनियों से लेकर दवा निर्माण कंपनियों के द्वारा तेजी से अपना कामकाज बढ़ाया जा रहा है। भारतीय कंपनियां मौजूदा रूसी बाजार का एक बड़ा हिस्सा अपनी मुट्ठियों में लेने के लिए सुनियोजित रूप से आगे बढ़ रही हैं। भारत के निर्यातकों के द्वारा भी रूस की सरकारी कंपनियों को विभिन्न उत्पादों के निर्यात बढ़ाए जा रहे है। ऐसे में रूस के साथ रुपए में लेनदेन भारत के लिए अत्यधिक लाभप्रद है। वस्तुतः अब दुनियाभर में तेजी से बदलती हुई यह धारणा भी लाभप्रद है कि भारत गुणवत्तापूर्ण और किफायती उत्पादों के निर्यात के लिहाज से एक बढिा लेटफॉर्म है। कोविड-19 के कारण दुनियाभर में चीन के प्रति बढ़ती नकारात्मकता के बीच भारत ने कोरोना से लड़ाई में सबके प्रति सहयोगपूर्ण रवैया अपना कर पूरी दुनिया में अपनी प्रतिष्ठा बढ़ाई है। दुनियाभर में चीनी कंपनियों की जगह भारतीय कंपनियों को प्राथमिकता दी जा रही है। इससे भी भारत के विदेश व्यापार के नए मौके बढ़े हैं। गौरतलब है कि विगत 27-28 जून को दुनिया के सात विकसित देशों के संगठन जी-7 के शिखर सम्मेलन में भारत को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। जी-7 के द्वारा चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के जवाब में विकासशील देशों में ढांचागत परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए वर्ष 2027 तक 600 अरब डॉलर के निवेश की महत्त्वाकांक्षी योजना का ऐलान किया गया है। ऐसी परियोजनाओं के क्रियान्वयन में भारत की अहम भूमिका उभरकर दिखाई दे रही है। यह भी उल्लेखनीय है। 26 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जर्मनी के म्युनिख में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते जिस तरह बड़े ही प्रभावी तरीके से बढ़ती हुई भारतीय अर्थव्यवस्था के तहत चौथी औद्योगिक क्रांति की अगुवाई, सूचना प्रौद्योगिकी और स्टार्टअप के बढ़ते कदमों भारत के विदेश व्यापार की संभावनाओं को रेखांकित किया, उससे जर्मनी सहित दुनिया के विभिन्न देशों में भारत के लिए विदेश व्यापार के मौके बढ़ेंगे। यह कोई छोटी बात नहीं है कि कोविड-19 और यूक्रेन संकट के बीच भी दुनिया के प्रमुख देशों के साथ भारत के विदेश व्यापार बढे का नया दौर आगे बढ़ रहा है। विगत 24 मई को अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के रणनीतिक मंच क्वाड के दूसरे शिखर सम्मेलन में चारों देशों ने जिस समन्वित शक्ति का शंखनाद किया है और बुनियादी ढांचे पर 50 अरब डॉलर से अधिक रकम लगाने का वादा किया है, उससे क्वाड देशों में भारत के उद्योग-कारोबार के लिए नए मौके निर्मित होंगे। यह भी महत्त्वपूर्ण है कि अमेरिका की अगुवाई में 24 मई को बनाए गए संगठन हिंद-प्रशांत आर्थिक फ्रेमवर्क (आईपीईएफ) के सदस्य देशों की 11 जून को पेरिस में आयोजित हुई अनौपचारिक बैठक के बाद इसके सदस्य देशों के साथ भारत के विदेश व्यापार को नई गतिशीलता मिलने की संभावनाएं उभरकर दिखाई दी हैं। वस्तुतः आईपीईएफ पहला बहुपक्षीय करार है जिसमें भारत शामिल हुआ है। इसमें अमेरिका, भारत, जापान, ऑस्ट्रेलिया, ब्रूनेई, इंडोनेशिया, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, न्यूजीलैंड, फिलिपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम शामिल हैं। निःसंदेह भारत के द्वारा तेजी से मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) को मूर्तरूप दिए जाने से विदेश व्यापार तेजी से बढ़ेगा। ज्ञातव्य है कि कम समय में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) तथा ऑस्ट्रेलिया के साथ एफटीए को मूर्तरूप दिया गया है। उल्लेखनीय है कि एक मई 2022 को भारत और यूएई के बीच एफटीए लागू हो गया है। इस एफटीए से भारत और यूएई के बीच वस्तुओं का कारोबार 5 साल में दोगुना बढ़ाकर 100 अरब डॉलर किए जाने का लक्ष्य रखा गया है, जोकि इस समय करीब 60 अरब डॉलर है। इस समय यूएई भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और अमेरिका के बाद दूसरा बड़ा निर्यात केंद्र है। इसी तरह विगत 2 अप्रैल को भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते पर भी हस्ताक्षर किए गए है। वस्तुतः भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच हुए नए मुक्त व्यापार समझौते से दोनों देशों के बीच वर्तमान द्विपक्षीय व्यापार को करीब 27 अरब डॉलर से बढ़ाकर अगले पांच वर्षों में 45 से 50 अरब डॉलर तक पहुंचाए जाने में मदद मिलेगी। निःसंदेह भारत के द्वारा यूएई और ऑस्ट्रेलिया के साथ एफटीए को मूर्तरूप दिए जाने के बाद अब यूरोपीय संघ, ब्रिटेन, कनाडा, खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के छह देशों, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका और इजराइल के साथ शीघ्रतापूर्वक एफटीए पूरे होने पर इन देशों के बाजारों के दरवाजे भारत के उत्पादों के लिए तेजी से खुलते हुए दिखाई देंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के मुताबिक मुक्त व्यापार समझौतों से भारतीय कृषि उत्पादों की पहुंच दुनिया के एक बहुत बड़े बाजार तक विस्तृत हो जाएगी और कृषि उत्पाद विदेशी मुद्रा की अधिक कमाई का आधार भी बन सकेंगे।

## कारगिल युद्ध के बाद सशक्त भारतीय सेनाएं

सुखदेव सिंह-

कारगिल युद्ध में जहां कई वीर सपूतों को हमने खोया, वहीं इसी युद्ध से सीख लेकर भारत ने अपनी सीमाओं पर सुरक्षा और अधिक बढ़ाने पर जोर दिया था। आज हमारी तीनों सेनाएं इतनी मजबूत हैं कि पड़ोसी देशों को करारा जवाब दे सकती हैं। भारत-पाकिस्तान की सेनाओं में सन् 1999 में कारगिल युद्ध हुआ जो करीब 60 दिनों तक चला। भारतीय सैनिकों ने अपने प्राणों की आहुतियां देकर इस युद्ध पर विजय पाई। इसी कारण 26 जुलाई का दिन देश में कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले रणबांकुरों को इस दिन श्रद्धांजलि देकर उनके बलिदान को स्मरण किया जाता है। भारत का लोहा आज विश्व के अन्य देश भी मान रहे हैं जो कि हर्ष का विषय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पूर्व के कार्यकाल में विश्व के कई देशों की यात्राएं करके भारत के अन्य देशों के साथ मित्रता संबंध बनाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी थी। इन देशों के साथ घनिष्ठ संबंध बनने के कारण ही उनके साथ व्यापारिक समझौते भी हुए हैं। किसी भी देश के साथ जब तक मैत्रीपूर्ण संबंध प्रगाढ़ नहीं बनते, तब तक व्यावसायिक बन पाना मुश्किल होता है। आज वही देश भारत की विदेश नीति से फलीभूत होकर कंधे से कंधा मिलाकर चलने को तैयार हैं। हमारे देश की जनता अपने वीर सैनिकों पर अत्यधिक विश्वास करती है। अटूट विश्वास क्यों न किया जाए, जब आम जनमानस अपने घरों में सुकून की नींद सोते हैं, तब ये वीर पुरुष सरहदों पर पहरा दे रहे होते हैं। यही वजह है कि कुछ ग्रामीण मंदिरों में भगवान की भांति शहीदों की तस्वीरें लगाकर उनकी भी पूजा की जाती है। लोग ऐसे गांवों को शहीदों का गांव कहकर भी पुकारते हैं। देश का कुल 16500 किलोमीटर का एरिया पड़ोसी देशों की सीमाओं के साथ लगता है। सीमा प्रबंधन के अभाव में हमेशा ही सावधानी हटी और दुर्घटना घटी जैसी स्थिति बनी रहती थी। देश की सीमाएं पाकिस्तान, चीन, बांग्लादेश, नेपाल, म्यांमार आदि देशों के साथ लगती हैं। दुश्मन हमेशा ही अपने देश की सीमाओं को लांघकर घुसपैठ करने की फिराक में रहता आया है। भारत भौगोलिक दृष्टि से भी बड़ा होने के कारण अक्सर सीमाओं की सुरक्षा बढ़ाने में कई चुनौतियों का सामना करता रहा है। अब देश ने भौगोलिक, हवाई और समुद्री सीमाओं पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम कर रखे हैं। 3141 किलोमीटर का एरिया पाकिस्तान के साथ लगता है जिसमें कश्मीर के हिस्से में हमेशा ही तनाव की स्थिति रहती आई है। केंद्र सरकार ने देश की सरहदों की सुरक्षा अत्यधिक बढ़ाए जाने को लेकर कारगिल युद्ध के बाद एक सुरक्षा कमेटी का भी गठन करके रखा हुआ है। भारत का अधिकांश बजट सुरक्षा के नाम पर खर्च किया जा रहा है। अपने देश में पड़ोसी देश अब घुसपैठ करने के लिए अपना अंजाम सौ बार सोचकर ही कोई कदम उठाएगा। केंद्र सरकार को अपनी सीमाओं पर चौकसी और बढ़ाकर सीमापार से आ रहे ड्रग्ज पर भी नकेल कसने की जरूरत है। दक्षिण एशिया के आठ देश अगर एकजुट हो जाएं तो बड़ी आसानी से हर समस्या पर नकेल कस सकते हैं। सार्क अधिवेशनों में वैसे हर साल आपसी मेल-मिलाप और भाईचारा बढ़ाए जाने की सिर्फ चर्चाएं की जाती हैं। भारत ने अफगानिस्तान, श्रीलंका, नेपाल और बांग्लादेश की मदद करके हमेशा ही बेहतरीन पड़ोसी देश होने का अपना दायित्व निभाया है। द्वितीय विश्व युद्ध में हुए नरसंहार ने विश्व को कई भागों में बांट दिया। दक्षिण एशिया के देशों में पड़ोसी देश पाकिस्तान हमेशा ही अपने मन की करता आया है। यही एकमात्र वजह है कि आज दक्षिण एशिया के देश महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और आतंकवाद जैसी कई समस्याओं से घिरे हुए हैं। उधर पश्चिमी साम्राज्यवाद की नीति ने खलल डाला कि एक अमीर पश्चिमी और दूसरा उत्तरी गरीब पश्चिमी देश बन गया। विश्व देश अब अपनी जनता की सुरक्षा को लेकर चिंतित रहकर बजट आंखें बंद करके खर्च करने लग पड़े। जो बजट जनता के विकास पर खर्च किया जाना चाहिए था, अब वही आधुनिक तकनीक के हथियारों को खरीदने और दूसरे सुरक्षा के इंतजाम किए जाने पर खर्च किया जा रहा है। वर्तमान समय में पड़ोसी देश चीन के सहारे भारत की सीमाओं पर घुसपैठ बढ़ाने की फिराक में मशगूल है। भारत और चीन सीमा विवाद की वजह से चीन की मोबाइल एप्लिकेशन को केंद्र सरकार ने बंद कर दिया था। भारत की इस पहल पर अन्य देश भी अमल कर रहे हैं। यह भी एक तरह भारत-चीन की अर्थव्यवस्था को कमजोर बनाकर अपनी कूटनीति का सबूत दे रहा है। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को हटाकर भी भारत ने आतंकवाद के खिलाफ बिगुल फूंका है। केंद्र सरकार प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण जम्मू-कश्मीर को पर्यटन का बेहतरीन स्थल बनाने के लिए प्रयासरत है। इस राज्य के विकसित होने के बाद इसका सम्पूर्ण विकास संभव है। जम्मू-कश्मीर के मॉडल राज्य बनते ही आतंकवादी गतिविधियों में भी कमी आएगी।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रात:किरण
पटना, मंगलवार, 26 जुलाई, 2022

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### नगर परिषद द्वारा जेसीबी की खरीद

फतुहा। शहर में साफ-सफाई को लेकर नगर परिषद द्वारा जेसीबी की खरीद की गई है। इस संबंध में मुख्य पार्षद रूपा कुमारी ने बताया कि नगर परिषद फतुहा में साफ-सफाई को लेकर 36 लाख की लागत से एक जेसीबी की खरीद की गई है। साथ ही मुख्य पार्षद रूपा कुमारी ने कहा कि हम फतुहा के विकास हेतु प्रतिबद्ध हैं। नगरवासियों के हित में हमेशा कार्य किया और करते हैं। मौके पर मुख्य पार्षद प्रतिनिधि टुनटुन यादव, पूर्व उपाध्यक्ष संजय गोप, समाजसेवी सुधीर कुमार यादव, पार्षद दीपक कुमार, मो. बबलू, ज्ञान प्रकाश, सिटी मैनेजर साकेत कुमार सिन्हा उपस्थित रहे।

### जरूरतमंदों के बीच किया राशन वितरित

पटना सिटी। शंकर चौधरी समृद्धि योजना के तहत जरूरतमंदों के बीच राशन का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सुजीत कसेरा, शंकर चंद्रवंशी, खाजेकलां मंडल अध्यक्ष अमित सिंह, मन्नी बाबा, सुरेश मिश्रा, सुजीत कुमार चौधरी आदि ने जरूरतमंदों के बीच राशन का वितरण किया। इस दौरान मौजूद लोगों ने कहा कि समाजसेवी व शिक्षाविद शंकर चौधरी के द्वारा जनहित में अनेक कार्य किए गए। इसमें अशोक राजपथ व अन्य स्थान पर पौधरोपण, कोरोना काल में अनाज का वितरण, स्लम के बच्चों को एक साथ बिठा का खाना खिलानानौर उन सबों का काउंसिलिंग करना, स्लम के गरीब महिला-पुरुषों को गर्म कपड़ा देना, शिक्षा को प्रेरित करना और मदद करना आदि है। इन्होंने कभी भी मदद लेने वालों की तस्वीर खींच प्रसारित-प्रचारित नहीं कराया, बल्कि उनका चेहरा छिपाए रखा।

### सीबीएसई दसवीं परीक्षा में उत्कर्ष राज को मिला 96.8 प्रतिशत अंक, परिवार में हर्ष का माहौल

फतुहा। रायपुरा निवासी किराना दुकानदार चलाने वाले मनोज कुमार गुप्ता (नेता जी) के पुत्र उत्कर्ष राज ने सीबीएसई में बेहतर प्रदर्शन कर घर-परिवार वालों का मान बढ़ाया है और टॉप कर फतुहा का नाम रौशन किया। उत्कर्ष राज ने सीबीएसई दसवीं की परीक्षा 96.8 फीसदी अंक के साथ उत्तीर्ण की है। डी पॉल स्कूल के छात्र उत्कर्ष राज को कुल 484 अंक प्राप्त हुए हैं। जहां उत्कर्ष राज की मां प्रियंका देवी और बहन प्रिया मानसी और परिवार में हर्ष का माहौल है, वहीं उसके घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। अपनी इस सफलता का श्रेय वह अपने माता-पिता, शिक्षक और अपने स्वाध्याय को देता है।

# संगठन जिला बाढ़ भाजपा के जिला कार्यसमिति की हुई बैठक




बाढ़, प्रात : किरण संवाददाता

संगठन जिला बाढ़ भाजपा के जिला कार्यसमिति की बैठक बाढ़ डाकबंगला स्थित हॉल में जिला अध्यक्ष डॉ सियाराम सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बैकुंठपुर के पूर्व विधायक प्रदेश उपाध्यक्ष मिथिलेश कुमार तिवारी उपस्थित हुए उन्होंने अपने संबोधन में संगठन को मजबूत करने का निर्देश दिया 28 एवं 29 जुलाई को प्रवासी कार्यकर्ताओं के बाढ़ बख्तियारपुर एवं फतवा विधानसभाओं में होने वाले प्रवास एवं कार्यक्रम के बारे में युवा मोर्चा महिला मोर्चा एवं किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं प्रभारी से जानकारी लिया ज्ञात हो कि पूरे बिहार के 200 विधानसभा में 28 एवं 29 जुलाई को पटना आने वाले सभी मोर्चो के राष्ट्रीय कार्यसमिति में भाग लेने वाले दो दो पदाधिकारियों को प्रवास पर भेजा जा रहा है इसी के तहत बाढ़ विधानसभा में युवा मोर्चा को बख्तियारपुर विधानसभा में किसान मोर्चा को तथा महिला मोर्चा को फतवा विधानसभा में कार्यक्रम दिया गया है मिथलेश तिवारी ने सभी मंडल अध्यक्षों एवं जिला के सभी पदाधिकारियों से पन्ना प्रमुख यथाशीघ्र बनाने का भी आग्रह किया उन्होंने31 जुलाई को राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी के द्वारा नवनिर्मित जिला कार्यालय का पटना से रिमोट के द्वारा उद्घाटन के अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया उन्होंने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि केंद्र की सरकार के किए हुए कार्यों को जन जन तक बताने एवं पहुंचाने की जरूरत है बहुत सारे उदाहरण लेकर उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन किया उन्होंने बताया कि 15 अगस्त को अमृत महोत्सव के समाप्त होने के बाद भारत किस प्रकार अमृत काल में प्रवेश करेगा एवं आने वाले समय में भारत किस प्रकार विश्व गुरु की ओर अग्रसर होगा बैठक में बख्तियारपुर के पूर्व विधायक रणविजय कुमार सिंह उर्फ लल्लू मुखिया जिला प्रभारी सीताराम पांडे प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुकेश सिंह नरेश महतो मनोज कुमार पप्पू कुंवर विजय पासवान धर्मवीर सिंह प्रियरंजन कुमार सत्यनारायण प्रसाद अरविंद यादव हेमंत सिंह निलेश रंजन दिलीप टुनटुन आकाश यादव रोशन भारद्वाज किरण गुप्ता प्रीति रानी सुषमा गुप्ता संजीव कुमार मुन्ना राजू कुमार मुन्ना अवधेश सिंह प्रमोद कुमार सिंह उमेश सिंह बैकुंठ नारायण झा संजय कुमार शाह राधे विश्वकर्मा केशव कांत प्रसाद संजय गिरी सहित काफी संख्या में जिला के पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष महामंत्री कार्यसमिति सदस्य उपस्थित थे।

## बच्चों, बड़ों व कन्याओं में समन्वय बना व्यावहारिक ज्ञान दें



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में संगठन शक्ति के संवर्धन हेतु बिहार क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती शशि जी बोहरा, श्रीमती सीमा जी बैद तथा पूर्व कार्यसमिति सदस्य प्रवक्ता उपासिका जी, श्रीमती संतोष जी श्रीमाल का आगमन हुआ। सज्जन दुग्गड़ के आवास पर कार्यक्रम का आगाज नमस्कार महामंत्र एवं कार्यसमिति के सदस्य बहनों ने प्रेरणा गीत के संगान से किया।

मंडल की अध्यक्षा श्रीमती सुनीता बरमेचा व मंत्री श्रीमती श्रद्धा जैन ने बहनों का तिलक व पचरंगी दुपट्टे से सम्मान किया। क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती शशि जी बोहरा के द्वारा साध्वी प्रमुख श्री विशुद्ध विभा जी के संदेश का वाचन एवं संगठन यात्रा के उद्देश्य जैसे आपसी तालमेल बिठाना एवं कार्यों का निरीक्षण करना, प्रत्येक शाखा को मजबूत करना, सौहार्द की भावना प्रेषित करना आदि था। राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा ऊर्जा संप्रेषण में उपहारस्वरूप जिज्ञासाओं का समाधान, शाखाओं के चहुमुखी विकास की ओर कदम मिलाकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उसका वाचन हमारी अध्यक्ष श्रीमती सुनीता बरमेचा ने किया। उपाध्यक्ष श्रीमती प्रभा गोलछा ने शाखा मंडल में हुए कार्य की गति प्रगति की विस्तृत जानकारी दी। संतोष जी श्री माल के द्वारा दो योजना आचार्य तुलसी शिक्षा परियोजना एवं कन्या सुरक्षा योजना का विस्तृत रूप से बताया गया।

उन्होंने जीव की सूक्ष्मता का विवेचन किया कि कैसे बच्चों एवं बड़ों में समन्वय लाना, कन्याओं में व्यावहारिक ज्ञान सिखाना एवं तत्व ज्ञान परीक्षा की उन्होंने प्रेरणा दी। सीमा जी बैद के द्वारा दो अन्य योजनाएं स्वस्थ परिवार स्वस्थ समाज व समृद्ध राष्ट्र योजना को विस्तृत रूप से समझाया और संविधान की जानकारी दी। सही समय पर अपनी शक्ति को पहचानो, आगे बढ़ो एवं सभी सदस्यों के साथ जुड़ाव का अनुभव करो। संचालन श्रीमती अनुभव छाजेड़ व आभार ज्ञापन श्रीमती श्रद्धा जैन ने किया। भावना चौके में 5100 रुपए मंडल की ओर से प्रदान किए गए।

## तख्तश्री में मत्था टेक मन की बात कंगन घाट में सुनेंगे जेपी नड्डा

### नितीन, नंदकिशोर, दिलीप ने जायजा लिया, पुलिस प्रशासन को निदेश



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पटना साहिब के कंगन घाट स्थित पर्यटक भवन में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह 31 जुलाई को होगा। इस निमित्त पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक नंदकिशोर यादव और विधान पार्षद दिलीप जायसवाल ने आयोजन स्थल का जायजा लिया। अनुमंडलाधिकारी मुकेश रंजन, डीएसपी अमित शरण, ट्रैफिक डीएसपी अनिल कुमार, पथ निर्माण के अभियंतागण ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही आवागमन मार्ग से संबंधित कार्य पर चर्चा हुई।

इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश मंत्री रूपनारायण मेहता, पूर्व उपमहापौर संतोष मेहता, मीडिया प्रभारी पटना महानगर भाजपा के प्रदीप काश, तख्तश्री हरिमंदिर प्रबंधक कमेटी के उपाध्यक्ष लखबिंदर सिंह, सदस्य गुरुबिंदर सिंह, महाराजा सिंह सोनू, रंजीत सिन्हा, विनय केसरी, संजीव यादव, अमित कनोडिया, राजेश साह, सरोज जायसवाल, कांति केसरी, त्रिलोक सिंह, शेर सिंह, नितेंद्र अवस्थी, सुरेश सिंह पटेल, सन्नी यादव, ललित अग्रवाल, सुजीत कुशवाहा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## द ग्रैंड स्टडी किंग स्टडी कैफे लाइब्रेरी का उदघाटन

**फतुहा।** शहर के स्टेशन रोड नलबंधवा गली में सोमवार को द ग्रैंड स्टडी किंग स्टडी कैफे लाइब्रेरी का उद्घाटन समाजसेवी रेखा देवी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर द ग्रैंड स्टडी किंग स्टडी कैफे लाइब्रेरी के डायरेक्टर अभिषेक कुमार ने बताया कि मेरे लाइब्रेरी में जो सुविधाएं उपलब्ध है वो पूरे फतुहा ही नहीं पूरे बिहार में कहीं नहीं मिलेगा। हमारे इस लाइब्रेरी में छात्रों के लिए हाई स्पीड इंटरनेट, आर ओ का पानी, पत्रिका, अखबार, फोटो कॉपी, फॉर्म आनलाईन की सुविधा, चाय-काफी, सीसीटीवी कैमरा, लॉकर, मोबाइल -लैपटॉप चार्जिंग सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं। वहीं पूरे विधि-विधान से पूजा -पाठ होने के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर फिटीन साव, दिनेश प्रसाद, जिला पार्षद अमित राज (बबलू यादव), डॉ रंजन यादव, पार्षद जीतेन्द्र सिंह, सुनील साव, अजय कुमार गुप्ता, शिव नारायण प्रसाद, प्रमोद कुमार, मंजीत आनंद साहू, शिक्षक आर के दत्ता सहित सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

## आरपीएम कॉलेज का भवन छोटा, खेल मैदान नहीं

### बीबीए, बी लाइब्रेरी में पढ़ाई शुरू, सेफ्टी प्रबंधन की होगी शुरू



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

शहर का पुराना और प्रतिष्ठित कालेज में एक रामेश्वर दास पन्ना लाल महिला महाविद्यालय का भवन छोटा है। इससे पर्याप्त क्लास रूम की व्यवस्था भी नहीं है। छात्रों का एक साथ सभी क्लास का चलना भी मुश्किल होता है। खेल का मैदान का अभाव है। कालेज के स्थापना दिवस या अन्य आयोजन या गतिविधियां करने के लिए किसी स्थान को बुक करना होता है या अनुमति लेनी होती है या फिर छोटे जगह में आयोजन करना होता है। यह बात प्राचार्य प्रो सीता सिन्हा ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। प्राचार्य ने बताया कि कॉलेज में बीबीए और बी लाइब्रेरी की पढ़ाई शुरू हो रही है। एडमिशन भी शुरू हो चुका है। एक और पाठ्यक्रम सेफ्टी मैनेजमेंट का प्रस्ताव भेजा गया है। विश्वविद्यालय से अनुमति मिलने की पूरी संभावना है। कालेज के नैक प्रत्यायन प्राथमिकता में है। इसके लिए अनेक काम हुआ है और प्रयास किया जा रहा है। छात्राओं के सर्वांगींण विकास को भी अनेक कार्य किए जा रहे हैं। नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी से भी छात्राएं लाभान्वित हो रही हैं। सबसे बड़ी दूसरी समस्या टीचर और स्टाफ की कमी है। फिर भी टीचर्स अपना पूरा एफर्ट छात्राओं को दे रही हैं। प्रेस वार्ता के दौरान मीडिया प्रभारी डॉ अंजू जैन, बर्सर डॉ नीलम, नैक कॉर्डिनेटर डॉ रजिया नसरीन और पूर्व प्रभारी प्राचार्य प्रोडॉ शिवचंद्र सिंह मौजूद रहे।

## राष्ट्रपति पद की शपथ व छात्रों का मनमोहक प्रस्तुति




पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को देश के राष्ट्रपति बनने पर छात्र-छात्राओं में खुशी देखी गई और उन सबों ने नृत्य-संगीत से समा बांधने का काम किया। आयोजन किड्स एन किड्स प्ले ग्रुप, किसलय इंटरनेशनल स्कूल जीतू लाल लेन चौकशिकारपुर में किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ उड़िया नृत्य-गीत पेश कर उनका अभिनंदन किया गया। इस संबंध में निदेशक प्रमुख, लेखक एवं कथाकार बिनोद किसलय ने बताया कि महामहिम राष्ट्रपति का अभिनंदन लिख कर गर्व महसूस करता हूं। इससे पूर्व भी राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के लिए भी अभिनंदन पत्र लिखा था। इस मौके पर प्राचार्य सरोज जयसवाल, आनंद मोहन झा, ऋतु राज, नितिका सिन्हा, बंटी कुमार, स्वाति, सोनाली, अपर्णा, मीनाक्षी, छात्रा-छात्राओं में अनिका कुमारी, अनाया सिंह, आयांश सिंह, एकता पंडित, प्रिंस राज, आर्यन राज, मो फहद, परिद्धि ,देवांशु, अंश, प्रिया, हिमांशु, रिया, आयुषी, श्रेया, मानस, आयु, आयुष, मयंक, सौरवी, आदित्य, अनन्या, कामाक्षी, एकलव्य, कामाक आदि उपस्थित थे।

## पेट्रोल पंप कर्मचारी से रुपया के बैग लेकर हुआ फरार

**दानापुर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोला रोड स्थित राजधानी फ्युल स्टेशन पेट्रोल पंप के कर्मचारी कृष्णा कुमार सिंह व मुनी लाल राय रोज की तरह पेट्रोल पंप के रुपए सगुना स्थित एसबीआई में जमा कराने जा रहे थे। कृष्णा बाइक चला रहे थे व मुनी लाल बैग में 15, 8,620/- लाख रुपए रख पीछे बैठे हुए थे। उन लोगों की सुरक्षा हेतु पेट्रॉल पंप का एक औक और कर्मी सोनू कुमार पीछे अपने सहयोगी के साथ बाइक पर रेकी करते हुए चल रहे थे। पेट्रोल पंप के करीब सौ मीटर दूर लिंक रोड पर पहुंचने पर पीछे से एक पल्सर बाइक पर सवार दो बदमाश आकर चलती हुई बाइक से मुनी लाल के हाथ से रुपए से भरा बैग झपट्टा मारकर छीन लिया और तेज गति से भागने लगे। पीछे सुरक्षा हेतु मौजूद कर्मी सोनू व उसका साथी आरपीएस मोड़ तक पीछा किया मगर बदमाथ बाइक की गति काफी तेज करते हुए आंख से ओझल हो गये।

## श्री व पंगुड़ा साहिब में सोना-चांदी की कमी के बाद प्रत्यारोप

### तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष को रिपोर्ट सौंपे बिना मामला मीडिया में

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



तख्तश्री हरीमंदिर जी पटना साहिब के दरबार साहिब में पंजाब के जालंधर के करतारपुर के गुरुबिंदर सिंह के द्वारा प्रदान किया गया भेंटा विवाद में आ गया है। सदस्य महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन के द्वारा पत्र लिखे जाने के बाद अध्यक्ष ने तीन सदस्यीय जांच समिति श्री ढिल्लन के नेतृत्व में बनाई। इसमें उनके अलावा गुरुशरण सिंह चावला और रविन्द्र सिंह शामिल किया गया। इस जांच में सहिग को जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह को लिखा गया। जत्थेदार की गैरमौजूदगी में बड़ी कलगी, श्री साहिब और पंगुड़ा साहिब की जांच कराई गई। इसमें दाता डॉ सामरा के द्वारा बताए गए अनुसार सोना, पत्थर व नग नहीं मिला। इस सामान की जांच में कमेटी के महासचिव इंद्रजीत सिंह, अधीक्षक दलजीत सिंह और पंज प्यारों की ओर से कथावाचक सुखदेव सिंह भी मौजूद रहे और जांच पर सबों में हस्ताक्षर भी हैं। हालांकि तीसरे सदस्य गुरुशरण सिंह के बाहर रहने से रिपोर्ट पर उनका हस्ताक्षर नहीं हो पाया। फिर जांच समिति ने कमेटी के अध्यक्ष को रिपोर्ट सौंपे बिना उसे मीडिया के समक्ष पेश कर दिया। इसमें तीन सामान की जांच में खासकर श्री साहिब व पंगुड़ा साहिब में बताए गए सोना-चांदी काफी कम है। सवाल है कि जब दरबार साहिब में सोना-चांदी की अंगूठी, हार, चंवर आदि की जांच स्वर्णकार से कराने के बाद दानदाता को रसीद दी जाती है।वहीं डॉ गुरुबिन्दर सिंह सामरा में द्वारा अनेक किलो सोना, चांदी, कीमती नग, पत्थर दिए जाने की बात कही गयी तो कमेटी के द्वारा क्यों नहीं सामान की जांच कराई गई। यह आवाज न उठती तो शायद जांच न होती और मामला उजागर न होता। दूसरी ओर जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह ने कहा कि उन्हें कोई लेटर जांच में सहयोग को नहीं मिला। जब श्री ढिल्लन को जांच समिति का नेतृत्वकर्ता बनाया गया, तब वे अध्यक्ष से आपत्ति जताई थी। उन्हें जांच में सहयोग का कोई पत्र नहीं मिला है और न ही उनके पटना साहिब जे बाहर रहने पर गर्भगृह से सामान जांच को बाहर ले जाने के बाबत बताने का काम किया गया। इधर कमेटी के अध्यक्ष अवतार सिंह हित ने कहा कि पांच अगस्त को मीटिंग में उस पर फैसला लिया जाएगा।

## नताशा बनीं सावन क्वीन



पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

अब के सावन ऐसे बरसे, आया सावन झूम के, सावन में लग गयी आग, सावन के झूले, लगी आज सावन की जैसे गीतों पर सावन की मस्ती में महिलाएँ झूम उठीं।।

मौका था पटना रोहतगी महासभा के द्वारा आयोजित सावन मिलन कार्यक्रम का। हरे परिधानों में सजी महिलाएं मोरनी की तरह सावन गीतों पर थिरक रही थीं। उन सबों ने रैंप पर कैटवॉक, वन मिनट गेम, म्यूजिकल चेयर, हाउजी जैसे मनमोहक गेम खेले और लजीज व्यंजनों का लुफ्त उठाया। कजरी पर ठुमका लगाया। मंच संचालन शीला रोहतगी ने किया एवं निर्णायक मंडल में सरिता रोहतगी व डॉ अर्चना रोहतगी थीं। सावन क्वीन का खिताब नताशा रोहतगी को मिला।

निर्णायक मंडल ने क्राउन पहनाकर विजेता घोषित किया। मौके पर कविता, इति, नताशा, प्रज्ञा, पायल, कृति, अलका, प्रियंका एवं शिल्पी समेत रोहतगी परिवार मौजूद थीं।

# चंद्रिका बाबू बाढ़ की शिक्षा जगत के चंद्रमा थे: सत्येंद्र प्रसाद सिंह

बाढ़, प्रात : किरण संवाददाता



स्थानीय जगन्नाथन प्लस टू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पूर्व प्राध्यापक भूगोल के ज्ञाता एवं मनसा वाचा कर्मणा एक संपूर्ण शिक्षक तथा सरल मना समाजसेवी के रूप में अपनी बेदाग जिंदगी व्यतीत करने वाले चंद्रिका प्रसाद साहू के निधन पर एक शोक सभा पूर्व प्राध्यापक जगदीश प्रसाद साहू की अध्यक्षता में विद्यालय के प्रांगण में हुई। जिसमें बतौर विशिष्ट अतिथि एसबीआर कॉलेज बाढ़ के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसरसाधु शरण सिंह सुमन उपस्थित थे। संचालन कर रहे थे विद्यालय के विद्वान शिक्षक अनुराग कुमार। इस श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य तथा बाढ़शिक्षक संघ के अध्यक्ष सतेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि चंद्रिका बाबू बाढ़ अनुमंडल के शिक्षा जगत के चंद्रमा थे ।अपने वाणी और विचार में सदैव शीतलता रखने वाले चंद्रिका बाबू गगन मंडल के चांद की तरह अमर रहेंगे क्योंकि उन्होंने अपने जीवन में केवल और केवल पढ़ाया चाहे शिक्षक रहे हो या प्रधानाध्यापक। जगन्नाथ उच्च विद्यालय में वर्षों भूगोल के शिक्षक रहे ।हजारों विद्यार्थी आज उनके देश के उच्च पदों पर पदस्थापित हैं। नौकरी के अंतिम 4 साल फौजदार सिंह उच्च विद्यालय अथमलगोला में प्रधानाध्यापक रहे और वहां पर भी अपनी विद्वता विनम्रता और शिक्षकीय गरिमा को प्रतिष्ठित किया। सत्येंद्र प्रसाद सिंहा अपने भावपूर्ण संबोधन में उस कालखंड की विद्यालय की उच्च शैक्षणिक दक्षता और साहित्यिक वातावरण पर विस्तार से प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि के रुप में बोलते हुए प्रोफेसर साधु शरण सिंह सुमन ने अपने कई संस्मरणो के माध्यम से चंद्रिकाबाबू को श्रद्धा सुमन समर्पित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपनी विद्वता और समता बोधक स्वभाव से कंकर को भी शंकर बना देता है। वास्तव में वे अपने कालखंड में हजारों शंकर तैयार किए हैं। इसलिए आज उनकी श्रद्धांजलि सभा में भावनाएं हैं संस्मरण है और आंसू है जोउमरघूमर कर आंखों से निकल रही है। श्रद्धांजलि सभा को विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार भाजपा नेता अवधेश सिंह शिक्षिका श्रीमती आत्मजा शिक्षिका शोभा, रोशनी ,पूर्व प्रधान सहायक गुरुदेव कुमार शिक्षक अशोक कुमार ,आनंद कुमार, अविनाश कुमार प्रमोद कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय गिरी आदि ने अपने विचार रखें। विद्यालय के हिंदी के विद्वान शिक्षक नवीन कुमार ने स्वर्गीय चंद्रिका प्रसाद साहू के पठन-पाठन की प्रभावी शैली तथा जगन्नाथन उच्च विद्यालय के उच्च मानक वाले इतिहास पर प्रकाश डाला ।संचालन करते हुए अनुराग कुमार ने वर्तमान समय में घटते शिक्षण मूल्य और शिक्षकों के कर्तव्य और दायित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर चंद्रिका बाबू के पेशे से इंजीनियर नाती ने भी अपना भावुक उद्बोधन द्वारा सबके हृदय को मर्माहत किया। अंत में 2 मिनट के मौन के साथ श्रद्धांजलि सभा संपन्न हुई। विद्यार्थियों ने चंद्रिका बाबू अमर रहे के घोष के साथ उन्हें खूब-खूब याद किया ।आज यह एक यादगार श्रद्धांजलि सभा बन गई।

## महंगाई भत्ता, सर्विस रूल लागू करने को तख्तश्री कमेटी को पत्र सौंपा

**पटना सिटी।** सेवादार समाज कल्याण समिति ने अपनी मांगों को लेकर सोमवार को तख्तश्री कमेटी के कार्यालय में मांग पत्र सौंपा। इसमें महंगाई भत्ता दो हजार किए जाने और सर्विस रूल लागू करने के संबंध में गुहार लगाई गई है। कार्यालय में पत्र सौंपने के दौरान सेवादार समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष बलराम सिंह, अवधेश सिंह, तेजेंद्र सिंह बंटी, हरप्रीत सिंह, दीपक सिंह आदि थे। इन सबने कहा कि कर्मचारियों का महंगाई भत्ता और सर्विस रूल को हर हाल में 5 अगस्त को कमेटी की होने वाली बैठक में रखकर उसे पास कराया जाए। वहीं कहा गया कि अधीक्षक के पद पर कार्यरत दलजीत सिंह को रिटायरमेंट का पांच लाख भी दे दिया गया और गुरु घर में सरोपा भी ले लिया, मगर अभी तक उन्हें हटाया नहीं गया है। आए दिन वे स्टाफ के साथ दुर्व्यवहार और अपशब्द का इस्तेमाल करते हैं।

## डीआरएम व डीसीएम ने गंगा स्नान कर किया रुद्राभिषेक



पटना सिटी, प्रात : किरणसंवाददाता

श्रावण मास की दूसरी सोमवारी पर गंगा सेवा दल समन्वय समिति द्वारा श्री गुरु गोविन्द सिंह घाट (कंगन घाट) पर सर्वार्थ अमृत सिद्धि योग में शशांक शेखर, भगवान आशुतोष का महारुद्राभिषेक समिति के संस्थापक अध्यक्ष डॉ राजीव गंगौल के नेतृत्व में किया गया। महासचिव पं राजेश शुक्ला टिल्लू ने बताया कि आज के आयोजन के मुख्य यजमान दानापुर रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक प्रभात कुमार, वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक सरस्वती चंद्र, सौरभ मिश्रा, मनीष कुमार आदि रेलवे के पदाधिकारियों ने गंगा स्नान कर पूजा विधान में शामिल हुए। नगर के कर्मकाण्ड महारथी आचार्य पं गणेश जी महाराज के सानिध्य में 11 पंडितों के माध्यम से पूजन और आरती किया गया। लगातार दो घंटे तक गंगा का पावन तट वैदिक मंत्रों से गुंजायमान रहा। हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर जलाभिषेक किया। आयोजन समिति के दिलीप बागला, भोला गुप्ता, डॉ विनोद अवस्थी, राकेश यादव, हिमांशु गिरी, शशि मिश्रा, सुजीत कसेरा आदि ने बढ़ चढ़ कर सहयोग किया।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

## संक्षिप्त खबरें

### जदयू प्रदेश महासचिव ने किया दवा दुकान का उद्घाटन



आरा। भोजपुर जिले के सन्देश बाजार में बाबा कम्पलेश मंदिर मोड़ के पास सोमवार को शंकर मेडिकल अंग्रेजी थोक दवा दुकान का उद्धाटन जदयू प्रदेश महासचिव किसान प्रकोष्ठ बिहार जागा कुशवाहा के द्वारा फीता काटकर किया गया।इस अवसर पर श्री कुशवाहा ने कहा कि इस दुकान पर सभी प्रकार की दवा उपलब्ध होगी ,जो खुदरा दवा दुकान को बाहर की रेट में लेने की जरूरत नही पड़ेगी इसी दुकान पर उस रेट में उपलब्ध होगी। इस होलसेल दवा के विक्रेता रवि शंकर जी बोले कि हम सभी प्रकार की दवा इस क्षेत्र के लिये उपलब्ध रखेगे ताकि लोगो को बाहर दवा खरीदने के लिये नही जाना पड़ेगा। उद्धाटन कार्यक्रम में उप मुखिया अखिलेश प्रभाकर, सरपंच पति कन्हैया जी, श्यामनन्दन कुशवाहा, कृष्णा जी, पंकज कुशवाहा, सहित अन्य कई सम्मानित जनता उपस्थित थे।

# मादक पदार्थों के धंधे में चिन्हित आठ जिलों में वैशाली भी शामिल

## डीएम का नशा के विरुद्ध व्यापक छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश

**हाजीपुर, प्रात : किरण संवाददाता**



**बैठक**

● रेलवे स्टेशनो, होटलों, केला बगान आदि में नियमित रूप से होगा रेड

जिलाधिकारी यशपाल मीणा ने अपने कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय नार्को समन्वय समिति की बैठक में जिले में रेलवे स्टेशनों के आसपास, रेलवे ट्रैक के आसपास वाले क्षेत्र, आवासीय होटलों, रोड साइड स्थित गुमटियों, केले के बगान, टूरिस्ट प्लेस, स्कूल-कालेज के आसपास तथा अन्य संभावित स्थलों पर नशापान के खिलाफ नियमित रूप से छापेमारी करने का निर्देश दिया।

उन्होंने बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को नशा के धंधे में जुडे. लोगों तक पहुंचने तथा गांजा, अफीम, चरस, स्मैक आदि के बड़े धंधेबाजों को पकड़ने के लिए लगातार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि आजकल स्कूली बच्चों में इसकी गलत प्रवृति बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि नशा ना केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य और परिवार को बर्बाद करता है, बल्कि पूरे समाज को खोखला बनाता है। यह गंभीर विषय है, जिस पर आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की जरूरत है। बैठक में उपस्थित पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय देवेंद्र प्रसाद ने बताया कि जिले में नार्कोटिक्स के 109 मामले अभी लंबित हैं, जिसमें चार्जशीट दाखिल किया जाना बाकी है। इस मामलों में पकड़े गए प्रदर्श जांच के लिए मुजफ्फरपुर भेजा गया है, जिसकी रिपोर्ट आना बाकी है।

वहीं वर्तमान में 25 लोगों के विरुद्ध स्पीडी ट्रायल चल रही है। उन्होंने बताया कि जिले में अभी गांजे की खेती नही हो रही और इसकी कहीं से शिकायत प्राप्त नही है। इस पर डीएम ने कहा कि यहां राघोपुर और बिदुपुर सहित अन्य सस्पेक्टेड क्षेत्रों में चौकीदारों के माध्यम से जांच कराकर जानकारी प्राप्त करें। जिलाधिकारी ने थानों में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारियों को एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी के लिए प्रशिक्षण देने का निदेश दिया। वहीं ड्रग्स की पहचान के लिए नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को वैशाली जिले के तीनों अनुमंडल पदाधिकारियों को नारकोटिक किट उपलब्ध करा देने की बात कही। बैठक में वीडियो कांफ्रेंसिंग माध्यम से जुडे नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के पदाधिकारी ने बताया कि बिहार के आठ जिले मादक पदार्थो के अवैध धंधे के लिए चिन्हित किए गए हैं, जिसमें वैशाली जिला भी सम्मिलित है। राघोपुर क्षेत्र एवं गंगा नदी की दोनों तरफ ड्रग्स की अवैध तस्करी होने की सूचना है। डीएम ने इन क्षेत्रों के अतिरिक्त गंगा ब्रिज थाना, औद्योगिक क्षेत्र थाना, सदर थाना सहित हाजीपुर शहरी क्षेत्र में चौकसी बरतने का निदेश दिया। बैठक में डीएम ने सहायक औषधि नियंत्रक को मेडिकल स्टोर में प्रतिबंधित कफ सीरप की जांच कर कानूनी कार्रवाई का निदेश दिया। बैठक में जिलाधिकारी के साथ एसडीओ महनार सुमित कुमार, हाजीपुर एसडीपीओ राघव दयाल, एसडीपीओ महुआ पूनम केसरी, डीएसपी विशेष शाखा मुजफ्फरपुर, अधीक्षक सीजीएसटी वैशाली, अधीक्षक मद्य निषेध, सहायक औषधि नियंत्रक आदि उपस्थित थे।

# सुरक्षित जीवन के लिए पेड़ों को सुरक्षित रखना आवश्यक: बीडीओ

**चांद(कैमूर), प्रात : किरण संवाददाता**



जीवन के लिए वनों का काफी महत्व होता है वन सुरक्षित रहेंगे तभी जीवन सुरक्षित रह सकता है। इसके लिए सभी लोगों को आगे आना होगा। जब हम वन काटते हैं तो चिड़ियों के और कई जीव जंतुओं के आश्रय को उजाड़ देते हैं यदि कोई हमारा घर उजाड़े तो कितना बुरा लगेगा सभी लोगों का फर्ज है कि वनों को सुरक्षित रखें तभी जीवन सुरक्षित रह सकता है। उक्त बातें प्रखंड विकास पदाधिकारी चांद शशि भूषण साहू ने वन महोत्सव पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मानव भारती हेरिटेज स्कूल चांद में कही।

उन्होंने कहा की अधिकाधिक पौधा लगाने की आवश्यकता है चैनपुर रेंज के फॉरेस्ट अजीत कुमार ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सभी लोगों को अपने जीवन में एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखरेख भी करना चाहिए ताकि पर्यावरण संतुलन बना रहे। सोमवार को मानव भारती स्कूल में वन महोत्सव के अवसर पर समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के सचिव धनंजय पांडे एवं संचालन महिमा ,अंजली ने किया।

विद्यालय के प्राचार्य विकास कुमार पांडे ने कहा कि 25 जुलाई 1941 को मानव भारती के संस्था मसूरी में पहली बार वन महोत्सव मनाया गया उसके बाद जहां विद्यालय के संस्थापक डॉ दुर्गा प्रसाद पांडे और महात्मा गांधी ने एक बरगद का पेड़ लगाया उसके बाद से प्रति वर्ष 25 जुलाई को वन महोत्सव के अवसर पर मानव भारती हेरीटेज स्कूल की सभी शाखाओं में पौधरोपण किया जाता है।

# विस की निवेदन उप समिति ने की विकास योजनाओं की समीक्षा

**गडहनी, प्रात : किरण संवाददाता**



● विगत तीन वर्षो की अद्यतन प्रगति उपलब्ध कराने को कहा

स्थानीय परिसदन में आज विधानसभा के निवेदन समिति की उप समिति-02, द्वारा जिला स्तरीय विभागों की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक की अध्यक्षता विधायक छोटेलाल राय ने की। बैठक में विभिन्न विभागों में चल रहे सरकार के योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की गयी।

विधायक राय ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। उन्होंने अधिकारियों को हर व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में योगदान देने की बात कही। उन्होंने समीक्षा के दौरान शिक्षा,स्वास्थ्य,ग्रामीण विकास, आपूर्ति, कृषि, पथ निर्माण से संबंधित मामलों का निष्पादन शीघ्र करने का निर्देश दिया। इस क्रम में सभापति ने संबंधित पदाधिकारियों को जांच कर की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन निवेदन समिति को उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने संबंधित सभी विभागों कि विगत 3 वर्षों की अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। समिति द्वारा जानकारी दी गई कि विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का स्थल निरीक्षण भी किया जाएगा। बैठक में सदस्य माननीय विधायक शशि भूषण सिंह और बेलदौर(खगड़िया) के माननीय विधायक पन्नालाल पटेल, उप विकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी, निदेशक डीआरडीए चंदन चौहान सहित जिले के सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### बाढ़ में तैनात बड़हरा के दरोगा के हृदय गति रुकने से मौत



**बड़हरा।** बाढ़ थाना में तैनात बड़हरा के एक दरोगा की हृदय गति रुकने से मौत हो गई। इस दौरान स्वजनों में चीख-पुकार मच गई। बता दें कि बड़हरा थाना क्षेत्र के छपरापर गांव निवासी स्वर्गीय भोला सिंह के 54 वर्षीय पुत्र योगेंद्र सिंह बाढ़ थाना में दरोगा के पद पर तैनात थे। योगेंद्र सिंह को रविवार की रात्रि करीब 9 बजे अचानक सीने में दर्द हुआ। इस दौरान आनन-फानन में दरोगा को बाढ़ सदर अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया। जहां थाना में तैनात दरोगा योगेंद्र सिंह की मौत हो गई। इस दौरान मौत की समाचार मिलते ही घर में चीख-पुकार मच गई। मृतक दरोगा की पत्नी त्रिलोतमा देवी का रो रो कर बुरा हाल हो रहा था। इस दौरान पूरे घर में मातमी सन्नाटा फैल हुई थी। मृत दरोगा का अंतिम संस्कार केशवपुर गंगा घाट पर किया गया।

# भजन -कीर्तन से बही भक्ति रस की धारा

**पूर्णिया, प्रात :किरण संवाददाता**



आनंद मार्ग का अष्टाक्षरी महामंत्र बाबा नाम केवलम महामंत्र की गूंज, भजन और कीर्तन से पूरा माहौल भक्तिमय हो रहा था। स्त्री और पुरुष सभी भाव विभोर हो कर मार्ग गुरु श्री श्रीआनन्दमूर्ति जी के चित्र के चारों तरफ परिक्रमा कर रहे थे। उनके मुख से बारम्बार बाबा नाम केवलम का महामंत्र गूंज रहा था । यह मौका था राज्य के प्रमुख रियल स्टेट व्यवसाई ई0 मनोज कुमार भारती के शहर के झुन्नी कला स्थित नवनिर्मित कार्यालय सह आवास आनंद कॉटेज के उद्धाटन समारोह का। इस समारोह में पूर्णिया सहित राज्य के प्रमुख व्यवसाई, बुद्धिजीवी ,शिक्षाविद और धर्मगुरु सम्मिलित हुए। व्यवसाई ई मनोज कुमार भारती ने इस अवसर पर सभी अतिथियों का स्वागत किया। बता दें भारती इंजीनियर हैं और इन्होंने मुंबई विश्वविद्यालय में पढ़ाई की है। विदेशों में वर्षों का अनुभव लेने के बाद अब अपने देश व राज्य के लोगों की सेवा करने की ठानी है। उन्होंने सेवा के मकसद से वर्ष 2001 में रियल इस्टेट के क्षेत्र में काम करना शुरू किया है । उन्होंने क्विक एण्ड क्वालिटी कन्स्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना की है। अब यह भारती मेरतिया ग्रुप का हिस्सा है। इसके बाद उन्होंने गेस्ट हाउस निर्माण के क्षेत्र में भी काम शुरू किया है। वे राज्य के सामाजिक और आर्थिक विकास के क्षेत्र में भी विभिन्न सामाजिक संगठनों के माध्यम से अपना बहुमूल्य योगदान दे रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने अपने आगामी परियोजनाओं पर भी विस्तार से बात की। मौके पर उपस्थित धर्मगुरुओं ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा सबसे बड़ा धर्म है ।

# चिकित्सकों ने नए आविष्कार एवं इलाज के तरीकों पर की गहन चर्चा

**सुपौल, प्रात : किरण संवाददाता**




सदर अस्पताल, सुपौल के ऑडिटोरियम में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कोसी डिवीजन के द्वारा साइंटिफिक व्याख्यान एवं एसोसिएशन से संबंधित कार्य के लिए सम्मेलन आयोजित किया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि डॉक्टर (कैप्टन) विजय शंकर सिंह, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर सहजानंद सिंह स्टेट इंडियन मेडिकल एसोसिएशन बिहार के अध्यक्ष डॉ डी एस सिंह, स्टेट इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सेक्रेटरी डॉ अशोक कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया गया।

जहाँ साइंटिफिक व्याख्यानमाला में चर्चा एवं भाग लेने के लिए डॉक्टर सुबोध पी शिरूर मुंबई से, डॉ राहुल चौधरी, डॉक्टर नंदेश सिंह एवं डॉ अरविंद कुमार पटना से आमंत्रित किए गए और उन्होंने अपने व्याख्यान दिए। साइंटिफिक सेशन एवम् कांफ्रेंस का मंच संचालन डॉक्टर रविंद्र कुमार शर्मा द्वारा किया गया। इस कांफ्रेंस का मुख्य उद्देश्य चिकित्सकों के बीच में वैज्ञानिक चिकित्सा विधि जिसमें चिकित्सा से संबंधित नए-नए आयामों के बारे में जानकारी को साझा करना था। चिकित्सा विज्ञान में होने वाले नए-नए आविष्कार एवं इलाज के नए-नए तरीकों पर विचार विमर्श किया गया। इस सम्मेलन के आयोजन करने का मकसद कोशी क्षेत्र के सभी चिकित्सक का आपस में वर्तमान समय में होने वाले दिक्कतों का आपस में साझा करना और समाज में चिकित्सक के योगदान को और बढ़ाने में सहयोग करना तथा इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कोसी डिवीजन के संगठन को और सुगठित करना और किसी भी तरह की कठिनाई आने पर आपस में इसका समाधान करना, इन सब पर विचार विमर्श किया गया । वर्तमान समय में समाज में चिकित्सक और समाज को आपस में और जोड़ना और समाज में चिकित्सकों के प्रति संवेदनशील होना, इन सब बातों पर चर्चा किया गया।

कार्यक्रम में आईएमए कोशी डिवीजन के अध्यक्ष डॉक्टर एसएन यादव, डॉक्टर एके मंडल डॉ अशोक कुमार सिंह एवं कोसी क्षेत्र के सभी गणमान्य चिकित्सक इस कॉन्फ्रेंस में आमंत्रित किए गए एवम् इसमे भाग लिए।

### अश्लील पोस्ट करने वाले युवक को गिरफ्तार नहीं करने को लेकर बीजेपी करेगी बैठक

**चांद(कैमूर)।** हिंदू लड़कियों पर फेसबुक पर अश्लील पोस्ट करने का मामला तुल पकड़ता जा रहा है। भाजपा मण्डल अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने आरोपी युवक को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की है। शुक्रवार को युवक के द्वारा हिंदू लड़कियों पर फेसबुक आईडी से बहुत घटिया एवं अश्लील पोस्ट करने का मामला सामने आने के बाद हिंदू वादी संगठन ने जबरदस्त विरोध शुरू कर दिया। पुलिस के टाल मटोल करने के बाद संगठन एवं हिंदुओं के दबाव में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर लिया। पुलिस के प्राथमिकी दर्ज करने के दो दिन बाद भी युवक की गिरफ्तारी नहीं होने से भाजपा की प्रखंड इकाई ने नाराजगी है। पुलिस के युवक को गिरफ्तार करने के प्रति उदासीनता को देखते हुए भाजपा ने आगे की रणनीति के लिए 11 बजे दिन में चांद बाजार में बैठक करने वाली है।इसकी जानकारी भाजपा मण्डल अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने दी। बात चीत करते हुए भाजपा मण्डल अध्यक्ष ने कहा आरोपित युवक को गिरफ्तार नहीं किया गया तो प्रदर्शन धरना आदि आंदोलन पर बिचार भाजपा प्रखंड इकाई कर सकती है।

# प्रख्यात बहुजन चिंतक की पुण्यतिथि आज

**छपरा, प्रात : किरण संवाददाता**



प्रख्यात बहुजन, सामाजिक चिंतक, गरीब, असहाय, दबे कुचले, बेजुबानों की आवाज एवं नेतृत्वकर्ता धर्मनाथ राम की दूसरी पुण्यतिथि अंबेडकर स्मारक स्थल पर मंगलवार को मनाई जाएगी। डॉ बी आर अम्बेडकर परिगणित जाति कल्याण संघ, बामसेफ एवं अन्य सहयोगी संगठनों के तत्वावधान में होने वाले इस पुण्यतिथि समारोह के अवसर पर एक व्यख्यानमाला का भी आयोजन किया जाएगा।

इस स्मृति व्याख्यानमाला का विषय आजादी की 75 वीं वर्षगांठ एवं भारत का वंचित समाज होगा। समारोह का उद्घाटन विधान पार्षद प्रो। वीरेंद्र नारायण यादव करेंगे जबकि विषय प्रवेश डॉ लाल बाबू यादव के द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिगणित जाति संघ के अध्यक्ष अजीत माँझी करेंगे, तो वहीं ई। डी एन दत्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद होंगे। स्मृति वातार्कार के रूप में बहुजन चिंतक चंद्रभूषण सिंह यादव अपनी उपस्थिति दर्ज करेंगे। इस अवसर पर जिला एवं प्रदेश के बहुजन एकत्रित हो अपने चहेते शुभचिंतक और बहुजन नायक को श्रद्धांजलि देंगे तथा श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे, साथ ही स्मृति व्याख्यान से लाभ उठा अपनी सामाजिक राजनीतिक चेतना जागृत करने का प्रयास करेंगे।

# माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला स्तरीय चुनाव को लेकर नियोजित शिक्षकों की बैठक संपन्न

**गरखा, प्रात :किरण संवाददाता**



● नियोजित शिक्षकों में पुराने अभिभावक के प्रति आक्रोश

माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला स्तरीय चुनाव को लेकर नियोजित शिक्षकों की एक बैठक गरखा में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता उत्तम कुमार ने की।बैठक में मुख्य रूप से नियोजित शिक्षकों ने बताया की हमारे अभिभावक एवं नियमित शिक्षक नियोजित शिक्षकों के बारे में तरह-तरह के उल्टी-सीधी बातें प्रखंडों में घूम कर समझा रहे हैं जो कहीं न कहीं नियोजित शिक्षकों के मान सम्मान के साथ खिलवाड़ है। प्रखंड के नियोजित शिक्षकों ने यह भी बताया कि विगत 2 दिन पहले नियमित शिक्षकों की एक जत्था विद्यालय में आ कर बताया कि नियमित शिक्षकों के बदौलतआप सभी नियोजित शिक्षक चुनाव जीते हैं जो सरासर अनुचित है। एक सेवानिवृत्त अभिभावक के द्वारा बताया गया कि आप का वेतन हम लोगों के रहमों करम पर राज्य से आता है अन्यथा आपका वेतन राज्य से सारण जिला में नहीं आ पाता। इस बात को सुनकर प्रखंड के सारे नियोजित शिक्षक गोलबंद हो गए हैं और उन्होंने तय कर लिया है कि ऐसे बड़बोले पन वाले अभिभावकों को चुनाव के दिन निश्चित रूप से सबक सिखाएंगे। अपनी चट्टानी एकता का परिचय देते हुए समय पर इनको करारी जवाब वोट के माध्यम से देंगे कि आने वाले समय में यह नियोजित शिक्षकों के बारे में ऐसी बातें नहीं करें ।इस बैठक में प्रखंड के भिन्न-भिन्न स्थानों से आए शिक्षकों ने पूरे जोशो खरोश के साथ अपनी तन्मयता दिखाते हुए नियोजित शिक्षक एक है इसकी बात कही गई और एक नारा लगाया गया कि इस बार जय नियोजित नियोजित के तर्ज पर हम सभी चुनाव में अपना मतदान करेंगे ।सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि नियोजित शिक्षक सुजीत कुमार के समर्थित पैनल को हम सभी एकमुश्त वोट देकर जिले के चुनाव में प्रचंड बहुमत से जीत दर्ज कराते हुए अपने अभिभावक को दिखाएंगे कि अब यह समय हमारा है आपका समय घर पर रहने के लिए है ।

# मुखिया ने ग्राहक सेवा केंद्र का किया उद्घाटन

**हाजीपुर , प्रात :किरण संवाददाता**



● केंद्र के खुलने से व्यापारी ,दुकानदारों एवं ग्रामीण में हर्ष का माहौल

बिदुपुर प्रखण्ड क्षेत्र के जुड़ावनपुर हाट, चकौसन बाजार में पंजाब नेशनल बैंक के ग्राहक सेवा केन्द्र का उद्घाटन स्थानीय मुखिया ममता कुमारी, सरपंच धर्मेन्द्र कुमार चौरसिया, कॉमन सर्विस सेंटर के जिला प्रबन्धक दीपक कुमार एवं जिला समन्वयक गौरव कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों का स्वागत केन्द्र संचालक रविकांत कुमार चौरसिया ने किया।

विदित हो कि चकौसन बाजार में लगभग सैकड़ों छोटी बड़ी दुकान है। यहां लगभग एक करोड़ रूपए से भी ज्यादा का प्रति दिन कारोबार होता है, उसके बाद भी इस बाजार में एक भी राष्ट्रीयकृत बैंक नहीं है। ऐसी स्थिति में ग्राहक सेवा केन्द्र के विशेष महत्ता के तहत पंजाब नेशनल बैंक अपना केन्द्र स्थापित कर लोगों को सेवा प्रदान करने का अवसर दिया है। इस केन्द्र के खुलने से चकौसन बाजार के व्यापारी ,दुकानदारों एवं ग्रामीण में हर्ष का माहौल है।

उद्धघाटन समारोह के मौके पर समाज सेवी गजेंद्र भगत चौरसिया,महेश भगत, सुजीत झा,स्वेता कुमारी,संजय मेहता सोनी चौरसिया, डॉ दिलीप कुमार,शिक्षक उपेंद्र राय आदि गणमान्य व्यक्ति प्रमुख रूप में मौजूद थे।

# मुज्जफरपुर में अपना क्लब वेयरहाउस का उद्घाटन

**मुजफ्फरपुर, प्रात :किरण संवाददाता**




**उद्घाटन**


● अपना क्लब अपने वेयरहाउस के माध्यम से पूरे भारत में 15000 से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है

फास्ट- मूविंग कंज्यूमर गुड्स का बी2बी होलेसेल प्लेटफॉर्म अपना क्लब ने सोमवार को अपने नए वेयरहाउस का मुजफ्फरपुर में उद्घाटन किया। यह इस स्टार्टअप का बारहवां लोकल वेयरहाउस है। इसके अलावा अपनाक्लब के तीन बड़े मदर वेयरहाउसेस दिल्ली, कोलकाता और पटना में स्थित हैं। इस सुविधा की स्थापना के साथ कंपनी अब मुजफ्फरपुर शहर में अपने मौजूदा और नए ग्राहकों के ऑर्डर्स को 24 घंटे में डिलीवर करेगी।

स्टार्टअप का कहना है कि इनका मिशन अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में व्यवसाइयों को बेहतर मार्जिन, लोकप्रिय ब्रांड्स और विस्तृत सिलेक्शन मुहैया कराने के मकसद से हाइपर लोकल माइक्रो-डिस्ट्रीब्यूशन व्यवसाय स्थापित करना है। कंपनी का उद्देश्य छोटे और मझौले विक्रेताओं का सशक्तिकरण करना है। अपना क्लब की ऐक फाउंडर श्रुति मुज्जफरपुर से ही है और उन्होंने अपने सफर की शुरूआत भी बिहार से ही की थी तो यह ब्रांड के लिए घर वापिस आने जैसा है। अपना क्लब अपने वेयरहाउस के माध्यम से पूरे भारत में 15000 से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है और अब तेजी से उत्तर और पूर्वी भारत में अपने चाइल्ड हब नेटवर्क का विस्तार कर रहा है। कम्पनी के फाउंडर्स श्रुति और मनीष ने अपना सफर बिहार से ही शुरू किया था और इसलिए बिहार उनके दिल के बहुत करीब है। अब वे अपना क्लब के माध्यम से बिहार और बिहार वासियों की उन्नति में अपना योगदान दे रहे हैं। वे अपने राज्य में डिजिटल क्रांति की लहर ला रहे हैं जिससे वो लोकल होलसेल विक्रेताओं की सहायता करेंगे।

श्रुति ने कहा कि मुझे अपने शहर मुजफ्फरपुर में वापस आकर बहुत अच्छा लग रहा है। अपनाक्लब के माध्यम से हम भारत के टियर // और टियर /// शहरों में रिटेल विक्रेताओं और व्यापारियों को उनकी सामूहिक माँग और भौगोलिक उपस्थिति का लाभ उठाने के लिए, एक समृद्ध होलसेल व्यापार में मदद करना चाहते हैं। सह-संस्थापक और सीओओ मनीष कुमार ने कहा कि पटना के बाद हम मुजफ्फरपुर में अपना क्लब लॉन्च करके खुश हैं। अपना क्लब के माध्यम से, हमारा लक्ष्य डिजिटल थोक आपूर्ति की सुविधा लाना है। हम स्थानीय ब्रांडों के लिए अपने उत्पादों को सूचीबद्ध करने और पूरे भारत में व्यापक दर्शकों तक पहुंचकर बेहतर कमाई करने के अवसर भी पैदा करेंगे। हार्वर्ड से पढ़ी श्रुति और मेट्रो व वालमार्ट जैसे बड़े नामों के साथ काम कर चुके मनीष कुमार द्वारा 2020 में स्थापित बैंगलोर स्थित स्टार्टअप, हाल ही में टाइगर ग्लोबल से अपनी सीरीज ए फंडिंग में 10 मिलियन अमरीकी डॉलर जुटाने के लिए चर्चा में था। अपना क्लब ने अतीत में सिकोइया इंडियाः सर्ज, ब्लूम वेंचर्स, व्हाइटबोर्ड कैपिटल और फ्लोरिश वेंचर्स से अपने निवेशकों के रूप में सीड फंडिंग जुटाई है।

### समाजसेवी ने की आर्थिक मदद



**माँझी सारण।** पिछ्ले 20 जुलाई को पश्चिम बंगाल के हावड़ा के मालिक पचघडा. थाना क्षेत्र में नशीला शराब पीने से हुई मौत मामले में छपरा शहर के जोगिनीया कोठी निवासी रंग लाल पंडित के पुत्र त्रिभुवन पंडित की भी मृत्यु हो गई थी। सोमवार को पश्चिम बंगाल भाजपा प्रदेश के सचिव श्री उमेश राय के आग्रह पर मांझी के पूर्व जिला पार्षद सह भाजपा किसान मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक कुमार सिंह उर्फ पंकज सिंह ने भाजपा सारण जिला उपाध्यक्ष श्री रंजीत सिंह भाजपा आईटी सेल संयोजक सह श्री राम दरबार सेवा समिति ट्रस्ट के सचिव कमल कुमार एवं संजीव कुमार पटेल के साथ पहुंचकर शोक सन्तप्त परिवार से मिलकर सांत्वना दी तथा 10 हजार रूपया की आर्थिक मदद उनके पुत्र विकास कुमार एवं पत्नी मनीषा पंडित को सौंपा। नेताओं ने आश्वासन दिया कि पश्चिमी बंगाल के भाजपा के शीर्ष नेता पश्चिम बंगाल सरकार से मुवावजा दिलाने का प्रयास कर रहे है।

# महागठबंधन ने 11 सूत्री मांगों को ले समाहरणालय के समक्ष दिया धरना

**जहानाबाद, प्रात : किरण संवाददाता**

● जहानाबाद जिला को सुखाड़ ग्रस्त क्षेत्र घोषित करें सरकार: विधायक

जिला को सुखाड़ ग्रस्त क्षेत्र घोषित करने सहित 11 सूत्री मांगों को लेकर महागठबंधन के नेताओं एवं कार्यकताओं सोमवार को समाहरणालय स्थित कारगिल चौक के समीप धरना दिया। तत्पश्चात, महागठबंधन के षिष्टमंडल ने जिलाधिकारी के माध्यम से बिहार के राज्यपाल को एक पत्र भेजकर स्थिति से अवगत कराया। धरना में जहानाबाद विधायक कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव, घोसी विधायक रामबली सिंह यादव, विधान पार्षद कुमार नागेन्द्र उर्फ रिंकू यादव, पूर्व विधायक डॉ मुनीलाल यादव, डॉ सच्चितानंद यादव, सूबेदार दास सहित महागठबंधन के कई नेता शामिल हुए। नेताओं ने अपने संबोधन में कहा कि जिले में इस साल कहीं भी पर्याप्त वर्षा नहीं हुई है। सूखे की मार से पूरा जिला कराह रहा है। पेयजल पर आफत है, लेकिन नीतीष सरकार को इससे कोई मतलब नही है। नेताओं ने कहा कि जिले में धान की रोपणी न के बराबर हुई है। जो किसान पम्प सेट के सहारे रोपनी किए भी हैं वे उसे बचाने में जुटे हैं। नेताओं ने सरकार पर निषाना साधते हुए कहा कि सरकार किसानों के साथ छल कर रही है। किसान अपने खेतों में सिंचाई करने के लिए काफी परेषान हैं लेकिन सरकार द्वारा सिंचाई प्रणाली को दुरूस्त नही किया जा रहा है। मौसम की मार से खेती-किसानी भी चौपट हो रही है। नेताओं ने कहा कि सरकार तत्काल जिले में सभी बंद पड़े नलकूपों को चालू कराएं। साथ ही साथ किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली प्रदान करने, हमीद नगर पुनपुन परियोजना को अविलम्ब चालू कराएं, किसानों को उचित मूल्य पर खाद-बीज उपलब्ध कराएं, उदेरा स्थान बराज से छरियारी सुलिसगेट तक नाला की उड़ाही, बगवार-एरकी पईन पक्कीकरण के शेष कार्य को पूरा कराने, जिले में उत्पन्न भीषय पेय जल संकट को अविलम्ब दूर करने, सरकारी कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार और नौकरषाही पर रोक लगाने, पुलिसिया दमन पर रोक लगाने, मनरेगा को कृषि कार्य से जोड़ा तमाम मजदूरों को काम उपलब्ध कराने की मांग किया। धरना की अध्यक्षता राजद जिलाध्यक्ष महेष ठाकुर ने किया। इस मौके पर राजद के प्रधान महासचिव परमहंस राय, डॉ शषिरंजन, माले के जिला सचिव कॉ. श्रीनिवास शर्मा, कॉ. रामाधार प्रसाद, वसी अहमद, सीपीआई नेता रफीक आलम अंसारी, सीपीएम नेता रामप्रसाद पासवान, राजद नेता संजय लालसे, कारू पंडित, फतो खॉ, पैक्स अध्यक्ष सुरेष यादव, विधान पार्षद प्रतिनिधि सूर्यदेव यादव, धर्मपाल यादव, बैकुण्ठ यादव, मरछु रविदास, अनिल पासवान, अरविंद चन्द्रवंषी, अरमान मल्लिक, पप्पू दास सहित बड़ी संख्या में महागठबंधन के नेताओं ने संबोधित किया।

## संक्षिप्त खबरें

### अनियंत्रित कार ने बाइक सवार युवकों को मारी टक्कर

गोपालगंज। नगर थाना क्षेत्र के मुकेरी टोला गांव के समीप एसएच 531 पर एक अनियंत्रित कार ने बाइक सवार दो युवको को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर मारकर कार सवार फरार हो गया। आसपास के लोगो की मदद से घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जंहा उनकी हालत गंभीर बनी हुयी है। सूचना पाकर पंहुची पुलिस ने मामले की जांच पडताल शुरू कर दी है।

### अवैध हथियार रखने के खिलाफ पिता-पुत्र पर प्राथमिकी दर्ज, पिता को भेजा जेल

हाजीपुर। पातेपुर थाना क्षेत्र में घर में अवैध रूप से घर में रखे हथियार एवम जिंदा कारतूस रखने को लेकर पुलिस ने दो लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की। इस मामले में एक आरोपी को पकड़ कर जेल भेजा दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पातेपुर थाना क्षेत्र के नीरपुर गांव से गुप्त सूचना के आधार पर घर में अवैध देशी रायफल और जिंदा कारतूस रखने को लेकर दो लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। इस संदर्भ में अजय कुमार उर्फ भोला, पिता महेंद्र राय और महेंद्र राय पिता स्वर्गीय खेलावन राय को शस्त्र अधिनियम के तहत समुचित धाराओं के साथ प्राथमिकी दर्ज किया है। घर से गिरफ्तार किए गए महेंद्र राय पिता स्वर्गीय खेलावन राय को जेल भेज दिया है।

# पुलिस की पिटाई से महिला की मौत, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**रक्सौल, प्रात:किरण संवाददाता**

जिस पुलिस पर सुरक्षा की जिम्मेवारी रहती है अब उसी पुलिस पर मारपीट कर एक महिला की हत्या करने का आरोप मृतक के परिजन व ग्रामीणों ने लगाया है। उक्त आरोप लगाते हुए सोमवार को परिजनों और ग्रामीणों ने शव के साथ अनुमंडल कार्यालय का घेराव कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन को देख एसडीपीओ चंद्र प्रकाश और एसडीओ आरती के द्वारा आक्रोशित ग्रामीणों को आवेदन देने और उसके खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद पीड़ित व आक्रोशित ग्रामीण शांत हुए उसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेजा गया।

उधर पीड़ितों और ग्रामीणों द्वारा शव के साथ सैकड़ों की संख्या में अनुमंडल कार्यालय में विरोध प्रदर्शन करने पहुंचने की सूचना पर प्रशासन के निर्देश पर रामगढ़वा सीओ मणिभूषण प्रसाद, रामगढ़वा थाना, आदापुर थाना, हरैया थाना प्रभारी विवेक जायसवाल और नगर थाना निरीक्षक शशिभूषण ठाकुर दल बल के साथ अनुमंडल कार्यालय पहुंच कर स्थिति को नियंत्रण में लिया। बताया जा रहा है कि एक



**आरोप**

● परिजनों और ग्रामीणों ने पुलिस पर मारपीट कर महिला की हत्या करने का आरोप लगाया

पुराने मामले को लेकर रविवार को वारंटी को गिरफ्तार करने पुलिस पहुंची थी। दरअसल घटना रक्सौल के पलनवा थाना क्षेत्र के हरनाही पंचायत के खरकटवा दूगार्पुर गांव का है। जहां कल रविवार को रात्री में दूगार्पुर निवासी वारंटी रामानंद पंडीत को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस और उन्हें गिरफ्तार किया। परिजनों ने आरोप लगाते हुए बताया कि इस दौरान उनकी 45 वर्षीय पत्नी जंगिया देवी ने इसका विरोध करते हुए अपने पत्नी को पकड़ ली, जिसके बाद पुलिस जगीया देवी को धक्का देकर नीचे गिरा दिया और उसके पति रामानंद पंडीत को गिरफ्तार करके चल दिये। जाने के बाद जंगिया देवी बेहोश होकर गिर गयी। जिन्हें उपचार के लिए परिजनों द्वारा डंकन अस्पताल रक्सौल में ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस के खिलाफ आक्रोश भड़क गया और इस घटना के आक्रोश में पीड़ित परिजनों और ग्रामीणों ने सोमवार को मृतक के शव को अनुमंडल कार्यालय में रखकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। मृतक के पुत्र करमचंद ने अनुमण्डल कार्यालय में इस घटना के संबंध में उपरोक्त बातों का उल्लेख करते हुए आवेदन दिया। उधर इस घटना के संबंध में एसडीपीओ चन्द्र प्रकाश ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस घटना में मृतक के परिजनों से आवेदन मिला है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले की जांच कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि पता चला है महिला पहले से इलाजरत थी, इसकी भी जांच कराई जा रही है और जो आवेदन मिला है उसकी भी जांच कराई जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, कोशिश की जा रही है कि मेडिकल बोर्ड द्वारा पोस्टमार्टम की जाए।

### पंचायत तकनीकी सहायक को बर्खास्त करने की मांग

**अरवल।** करपी प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत समिति सभाकक्ष में मुखिया संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचायत तकनीकी सहायकों के द्वारा कार्य में बरती जा रही लापरवाही पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि पंचायत तकनीकी सहायक के द्वारा पूर्व के नल जल योजना का एमबी बुक नहीं किया जा रहा है। जिसके फलस्वरूप कार्य करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अतिरिक्त 15 वी वित्त आयोग तथा छठी वित्त आयोग से अनुशंसित कार्यों को करने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रत्येक पंचायतों में काफी राशि पड़ी हुई है। लेकिन तकनीकी सहायक के असहयोगात्मक रवैया के कारण कार्य को पूरा नहीं किया जा रहा है। सर्वसम्मति से तकनीकी सहायक को बर्खास्त करने की मांग की गई इसके उपरांत मुखिया संघ ने प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव कुमार सिन्हा के कार्यालय में जाकर तकनीकी सहायक को बर्खास्त करने की मांग से संबंधित ज्ञापन सौंपा तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी से अनुरोध किया कि पंचायत मे विकास के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए यह जरूरी है कि तकनीकी सहायकों को बर्खास्त करते हुए इनके स्थान पर मनरेगा तथा अन्य विभागों में कार्यरत कनीय अभियंताओं को इसकी जिम्मेवारी दिया जाए। बैठक में खजूरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राम आशीष रंजन, संघ के करपी प्रखंड अध्यक्ष प्रतिनिधि रविंद्र गोप, संघ के सचिव सूरजमल प्रसाद, कोषाध्यक्ष कुंदन शर्मा समेत सभी पंचायतों के मुखिया उपस्थित थे।

# रोजगार को लेकर वेबिनार आयोजित

**रोहतास ब्यूरो, अ ई अंजुम**

**सासाराम।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के कला संकाय अंतर्गत आने वाले पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के द्वारा अपने सपनों के रोजगार को लेकर वेबिनार का आयोजन किया गया। इस वेबिनार में पे टीएम के पूर्व सहायक वाइस प्रेसीडेंट अतुल कुमार और ओयो के पूर्व सहायक वाइस प्रेसीडेंट रोहन अग्रवाल ने पत्रकारिता व जनसंचार विभाग के छात्रों से रोजगार उन्मुख उत्कृष्ट व्यवहार और अपने रिज्यूमे के आकर्षक प्रस्तुति के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। वेबिनार के शुरूआत में कला संकाय के अध्यक्ष प्रो डॉ सुरेश चंद्र नायक ने विषय प्रवेश कराते हुए आगत दोनों मुख्य वक्ताओं से गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय और पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग से अवगत कराया। जिसके बाद उन्होंने विषय प्रवेश कराते हुए वर्तमान प्रतिस्पर्धी दौर में आकर्षक व्यक्तित्व और छवि के प्रस्तुतिकरण पर विस्तार से बताया। पे टीएम के पूर्व सहायक वाइस प्रेसीडेंट अतुल कुमार ने कहा कि वर्तमान दौर में उत्कृष्ट शैक्षणिक सफलताओं से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण उनकी सफल प्रस्तुति हो चुकी है क्योंकि जब रोजगार की तलाश में युवा जाते हैं तो सबसे पहले उनके रिज्यूमे से रोजगार देने वाले का साक्षात्कार होता



● गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के छात्रों ने सीखा रोजगारपरक प्रस्तुति का महत्व

है फिर उसके बाद उस अमुक छात्र-छात्रा से तो ऐसे समय में अपने प्रस्तुति को आकर्षक बनाना प्रत्येक विद्यार्थी की जरूरत है। ओयो के पूर्व सहायक वाइस प्रेसीडेंट रोहन अग्रवाल ने कहा कि सभी छात्रों की यह मंशा होती है कि वें शिक्षा ग्रहण करने के बाद रोजगार तलाशे और अच्छी जॉब प्राप्त करें। ऐसे में यह बेहद जरुरी हो जाता है कि वें अपने व्यक्तित्व के साथ अपने रिज्यूमे पर भी मेहनत करें। वेबिनार के संयोजक सहायक प्राध्यापक डॉ स्नेहाशीष वर्धन ने बताया कि ऐसे वेबिनार के माध्यम से हमारे विभाग के छात्रों सहित विश्वविद्यालय के छात्रों को रोजगारोन्मुखी व्यवहार की सीख मिलती है। कार्यक्रम का संचालन विभाग के प्रथम वर्ष के छात्र विश्वजीत सिंह ने किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापक फहमीना हुसैन ने किया।

# लूट की योजना बनाते पिस्टल के साथ चार युवक गिरफ्तार

**गायघाट, प्रात:किरण संवाददाता**

गायघाट पुलिस ने दरभंगा एनएच 57 के रेला ढाला बेरूआ पुल के पास राहगीरों से लूटपाट की साजिश रचते चार लुटेरों को दबोचा है। रविवार की रात उसकी गिरफ्तारी हुई। इनके पास से एक लोडेड कट्टा और सभी के पास गांजा बरामद किया गया है। पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार गायघाट के मैठी निवासी सन्नी कुमार, दीपक कुमार, अमोल कुमार और टोनी कुमार और को कोर्ट में पेश किया जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

चारो पर आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज किया गया। थानाध्यक्ष अनूप कुमार ने बताया कि गायघाट पुलिस गुप्त सूचना के आधार पर इनकी गिरफ्तारी की है। पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया हैं। ये चारो दरभंगा मुजफ्फरपुर एनएच पर लूट-पाट करने वाला एक गिरोह हैं। फोरलेन मार्ग राहगीरों से ये सब लूटपाट करते हैं। आसपास के थाने में भी इन सभी के बारे में पता लगाया जा रहा है। इसके अलावा अन्य थानों से अपराधिक कुंडली खंगाली जा रही है।

**बीते दो दिन पहले बाईक सवार युवक को एनएच पर ही मारी थी गोली**

बता दें कि गायघाट में बीते दो दिन पहले बाईक सवार युवक को एनएच पर ही गोली मारी गई थीं। लूटपाट की मशकद से बदमाशो ने दरभंगा मॉल से वैशाली जिला लौट रहे टेक्नीशियन को गोली मार दी थीं। बदमाशो की गिरफ्तारी के लिए थानाध्यक्ष अनूप कुमार लगातार इस मामले में अब भी छापेमारी कर रही है।

### जिला युवा कांग्रेस की बैठक संपन्न

**मुंगेर।** जिला युवा कांग्रेस की प्रथम कार्यकारिणी की बैठक तिलक मैदान के सभागार में संपन्न हुई इसकी अध्यक्षता रवि कुमार ने की। नवनिर्वाचित राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय संयुक्त सचिव के पद पर राजबाला रश्मि का नियुक्ति किए जाने पर भव अभिनंदन किया गया कांग्रेस के वरीय नेता प्रोफेसर तारकेश्वर प्रसाद यादव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि झूठ बोलकर सत्ता में आई भाजपा अच्छे दिनों का वादा करती थी पर अच्छे दिन नहीं आए विदेशों से काला धन नहीं आया युवाओं को रोजगार देने का वादा पूरा नहीं किया इस कारण देश में बेरोजगार युवाओं का फौज खड़ा हो गया है भाजपा सरकार युवाओं को अग्निपथ योजना के माध्यम से परेशान कर रहा है इसलिए युवक कांग्रेस अधिक से अधिक युवाओं को कांग्रेस के नीति व सिद्धांतों से अवगत कराते हुए पार्टी से जोड़ने का काम करें युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रवि कुमार ने कहा कि युवाओं को कांग्रेस युवा जोड़ो अभियान चलाकर युवा को मजबूती प्रदान किया जाएगा।

# जले हुए युवती के शव बरामदगी मामले की फोरेंसिक जांच शुरू

**रक्सौल, प्रात:किरण संवाददाता**

स्थानीय शहर के हरैया ओपी थाना क्षेत्र के आईसीपी बाईपास के समीप से आधा जले हुए बरामद किये गये युवती के शव मामले में पुलिस के द्वारा अब आधुनिक तरीके से अनुसंधान शुरू कर दी गई है।अब मामले की तफ्तीश होनी शुरू कर दी गई है, जिसमें रविवार को फॉरेंसिंक टीम घटनास्थल पर पहुंच साक्ष्य को जुटाने में लग गई है।

बता दें कि रविवार को एफएसएसएल मुजफ्फरपुर से आयी मोबाइल टीम के द्वारा रक्सौल इंस्पेक्टर शशिभूषण ठाकुर एवं हरैया ओपी थानाध्यक्ष विवेक कुमार जायसवाल की मौजदूगी में घटनास्थल पर पहुंच कर सैंपल इकठ्ठा किया गया। जिसको जांच के लिए फॉरेंसिंक जांच लैब ले जाया जायेगा। इसकी जानकारी देते हुए हरैया ओपी थानाध्यक्ष विवेक कुमार



जायसवाल ने बताया कि हत्या के कारणों का सटीक पता लगाने के वरीय अधिकारियों के निर्देश पर टीम के द्वारा सैंपल लिया गया है। अब वैज्ञानिक तरीके से अनुसंधान शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अब तक शव का शिनाख्त नहीं हो पाया है, अगर कोई दावा करता है तो शव के साथ डीएनए टेस्ट किया जा सकता है, परंतु अब तक कोई आगे नही आया है। फिल्हाल शव को पोस्टमार्टम के बाद सुरक्षित रखा गया है। नियमानुसार 72 घंटे तक शव को रखा जाता है, अगर कोई दावेदार नहीं हुआ तो उसका डिस्पोजल कर दिया जाएगा।

# जिला स्तरीय सप्ताहिक बैठक में जिला धिकारी ने दिये कई निर्देश

**गोपालगंज, प्रात:किरण संवाददाता**

समाहरणालय के सभा कक्ष में जिला पदाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चैधरी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जेई एईएस के नोडल पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि दो माह पूर्व प्राप्त जेई के केस से सम्बंधित क्षेत्र का सेनेटाइजेशन करा दिया गया है।

पीड़ित परिवार को सरकारी लाभ को उपलब्ध कराने का प्रस्ताव नगर परिषद को भेजा दिया गया है। बैठक में सर्वाधिक गम्भीरता से सिडब्ल्यूजेसी, एमजेसी, एलपीए के लम्बित मामलों पर डीएम द्वारा सभी विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि बुधवार तक अपने विभाग से सम्बंधित सभी सिडब्ल्यूजेसी, एमजेसी, एलपीए मामलों में प्रति शपथ दाखिल कर ओथ संख्या हर हाल में प्राप्त कर उपलब्ध



● लंबित कार्यो को शिघ्र करें पुराः डीएम

कराएं। समीक्षा में लोक शिकायत में प्राप्त परिवादों से सम्बधित विभागों को निदेश दिया गया कि सभी लम्बित वादो में विभागीय पक्ष प्रस्तुत करें। गोपालगंज अनुमण्डल अंतर्गत अतिक्रमण के 155 तथा हथुआ में 109 मामले लम्बित पाए गए। दन मामलों को त्वरित निष्पादन करने का निर्देष दिया गया। नगर परिषद गोपालगंज क्षेत्र अंतर्गत नल जल योजना में मिल रही षिकायत को लेकर डीएम ने डीडीसी को जाँच हेतु संयुक्त टीम गठित कर जाँच कराने का आदेष दिया। इसके साथ ही डीएम ने बैठक में उपस्थित पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय ज्योति कुमारी तथा हथुआ एसडीपीओं को निर्देश दिया कि गत सप्ताह उचकागांव थाने के औचक जाँच में थाना स्तर पर 107 के वारंटियों की पंजी अलग से संधारित नही किया गया था। साथ ही नीलाम पत्र वाद 107, 144 के वारंटियों को वारंट का तामिला नही कराया गया था। जो खेदजनक है। बैठक में डीडीसी अभिषेक रंजन सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

### थाना पुलिस की नरम पड़ने से चोरों के हौसले बुलंद

**मुंगेर।** मुंगेर के हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र में लगातार चोरी की घटना होने से आम आवाम की नींद उड़ गई है वहीं चोरों के हौसले बुलंद है अपराधियों के जेहन से पुलिस का खौफ निकल चुका है और चोर आसानी से आम जनता के घरों में चोरी कर भाग जाता है क्षेत्र में चोरी की घटना से आम जनता की नींद उड़ गई है बताया जाता है कि हवेली खड़कपुर थाना क्षेत्र के गांव से लेकर नगर परिषद के क्षेत्रों में चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही है शनिवार की रात भी चोरों ने नगर क्षेत्र के सूर्य मंदिर के समीप एक केबिन का ताला तोड़कर एक नलकूप के मोटर समरसेबल पंप तथा कृषि कार्य में उपयोग होने वाले उपकरण की चोरी चोरों ने कर ली यूं कहा जाए कि विगत एक माह के अंदर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देते आ रहे हैं लेकिन पुलिस प्रशासन हाथ पर हाथ धरकर बैठे रह जाते हैं घटना पर पुलिस कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति ही किया जाता हैं लोगों का कहना है कि वाहन चेकिंग के नाम पर पुलिस जहां-तहां वाहन चेकिंग के नाम पर वसूली अभियान तो चलाती है किंतु रात में कहीं भी गश्ती करते नजर नहीं आती है इसके चलते चोरों का मन काफी बढ़ गया है।

# गोपालगंज: विद्यालय मे अचानक छः छात्रा बेहोश

**गोपालगंज, प्रात:किरण संवाददाता**

जिले के कटेया प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय रुद्रपुर की क्लास 9 एवं 10 की आधा दर्जन छात्राएं सोमवार को क्लास में अचानक बेहोश हो गई। जिससे विद्यालय में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बताया जाता है कि प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय रूद्रपुर में सोमवार को स्कूल चल रहा था।

उस दौरान अचानक 9 नौवीं और दसवीं क्लास की छात्राएं क्रमशः अमृता कुमारी, बबली यादव, निशा भारती, वंदना गुप्ता, रागिनी कुमारी एवं शिवानी कुमारी अचानक गिरकर बेहोश हो गई। आनन-फानन में सभी छात्राओं को कटेया रेफरल अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज में ऑक्सीजन लेवल एवं पल्स में कुछ दिक्कते आई थी। इस संबंध में चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर भगवान लाल सिंह ने बताया कि दो



बच्चियों की इलाज काफी लंबे समय से चल रहा था। उसके गिरने के बाद अचानक एक के बाद एक गिरती चली गई।

सूत्रों के अनुसार विद्यालय मे पूर्व मे भी एक छात्रा बेहोश होकर गिर पड़ी थी। जिसको तत्काल प्राथमिक उपाचार कर घर भेज दिया गया था। अभी सभी बच्चियों का स्थिति सामान्य है। इस घटना के बाद बिद्यालय के सभी छात्र सहमें हुए है वही अभिभावकों मे जितनी मुह उतनी बाते हो रही है। कटेया रेफरल अस्पताल मे इलाज के दौरान शिक्षकों और अभिभावकों के साथ भारी संख्या मे लोग बच्चियों की स्थिति जानने के लिए जुटे हुए थे।

# दहेज के लिए हत्या मामले में पति काट रहा जेल की सजा और पत्नी मिली जिंदा

**सुगौली, प्रात: किरण संवाददाता**

एक पति को ऐसे जुर्म की सजा मिल गई, जिस जुर्म को उसने किया ही नहीं। बिना जुर्म के वह जेल में बंद है, परंतु ये सबकुछ शक के आधार पर हो गया। पति दहेज हत्या के मामले में सजा काट रहा है और इधर पत्नी जिंदा निकल गई। पुलिस ने सोमवार को मोतिहारी के अगरवां स्थित तुरकौलिया के माधोपुर निवासी अहमद अली के किराए के घर से पत्नी को जिंदा बरामद किया।

इस मामले में पकड़ीदयाल थाना के इटावा गांव निवासी सफी अहमद ने अपनी बेटी की हत्या कर शव को छुपाने के नियत से गायब कर देने को लेकर ससुराल वालों पर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। बताते चलें कि नगर के निमुई वार्ड नंबर 11 गांव निवासी मोहम्मद सद्दाम की शादी इटवां गांव निवासी सफी अहमद की पुत्री नाजनी खातुन से 5 अगस्त 2014 को शादी हुई थी, जिससे दो लडके भी है। घटना के बाबत जानकारी के अनुसार



2 जुलाई को नाजनी खातुन अपने ससुराल से गायब हो गई, जिसकी सूचना पर उसके पिता ने सुगौली थाना को आवेदन देकर दहेज नहीं मिलने पर हत्या कर दिए जाने की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें अपने दामाद शेख सद्दाम जिसके पिता शेख शौहेल, सास नूरजहां खातुन, ननद जुगनू व अफसाना खातुन तथा देयादीन शबाना खातुन पर हत्या कर शव गायब करने का आरोप लगाया था। इस मामले में पुलिस ने हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करते हुए गायब हुई महिला के पति शेख सद्दाम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वही इस बीच गायब हुई महिला के ससुराल वालों को उसके मोतिहारी में रहने की सुचना प्राप्त हुई, जिस पर जानकारी इकट्ठा कर मोतिहारी के अगरवां मोहल्ले में उसके होने की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे बरामद किया। इस बाबत थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि ससुराल वालों द्वारा दी गई सूचना पर छापेमारी कर गायब हुई महिला को बरामद किया गया है, जिसे फर्द बयान के लिए मोतिहारी न्यायालय में भेजा गया है।

# रक्सौल में 28 व 29 को बीजेपी के कई कार्यक्रम होंगे आयोजित

**रक्सौल, प्रात:किरण संवाददाता**

भारतीय जनता युवा मोर्चा संगठन जिला रक्सौल के जिला अध्यक्ष प्रो. मनीष दुबे ने एक प्रेस रिलीज जारी कर बताया कि आगामी 28 और 29 जुलाई को भारतीय जनता पार्टी संयुक्त मोर्चा कार्यकारिणी के तहत कई कार्यक्रमों का आयोजन रक्सौल विधानसभा में किया जाएगा। इस कार्यक्रम के निमित्त भारतीय जनता पार्टी के दो राष्ट्रीय पदाधिकारी श्री राम सातपुते राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा सह विधायक महाराष्ट्र विधानसभा एवं अमित साहू प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ का प्रवास तय हुआ है। इस कार्यक्रम को सफल करने के लिए भाजपा बिहार प्रदेश के द्वारा दो कार्यक्रम पदाधिकारी गुड्डू सिंह एवं इंजीनियर जितेंद्र कुमार को दायित्व दिया गया है। 28 और 29 जुलाई को रक्सौल विधानसभा के सभी मंडलों के सभी मोर्चों के साथ बैठक करेंगे। नोनेयाडीह पंचायत में भारत सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं के तहत लाभ लिए हुए व्यक्तियों का लाभार्थी जन सम्मेलन का आयोजन होगा। कोइरिया टोला में द टेस्ट ऑफ इंडिया रेस्टोरेंट में सोशल मीडिया के पदाधिकारियों के साथ बैठक, भावना हरि बेलवा आदापुर में जनप्रतिनिधि संपर्क, शांति देवी वासुदेव मस्करा महिला महाविद्यालय में युवा संवाद का आयोजन कर रक्सौल विधानसभा में सभी प्रभावी मतदाता संपर्क स्थापित किया जाएगा। सभी बूथ अध्यक्षों के साथ बूथ स्तरीय बैठक हरनाही पंचायत में किया जाएगा। भारत सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों को देखने के लिए विकास तीर्थ यात्रा निकाला जाएगा। उसके बाद वृक्षारोपण, स्थानीय महत्वपूर्ण स्थलों का निरीक्षण एवं भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान श्यामपुर पंचायत में आयोजित किया जाएगा। इन सभी कार्यक्रमों को को सफल करने के लिए जिला अध्यक्ष वरुण कुमार सिंह एवं प्रदेश पदाधिकारियों द्वारा कार्यक्रम प्रभारी नियुक्त किए गए हैं।

# नियमित नहरों मे पानी आपूर्ति के लिए माले विधायक ने जिला पदाधिकारी को लिखा पत्र

**बगहा, प्रात:किरण संवाददाता**

● जलसंसाधन विभाग के भ्रष्ट अधिकिरीयो व दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग

भाकपा माले केन्द्रीय कमेटी सदस्य सह सिकटा विधायक बीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने सिकटा,मैनाटाड़,रक्सौल, आदापुर आदि प्रखंडों में त्रिवेणी नहर और दुसरी शाखा नहर में पानी आपूर्ति नहीं होने और त्रिवेणी नहर की 182 आरडी से 472 आरडी तक सफाई व मरम्मती कार्य में हुई अनियमितता के विरोध में जिला पदाधिकारी को पत्र लिखा है।

माले विधायक ने अपने पत्र में कहा है कि उपयुक्त मामला जलसंसाधन विभाग के पदाधिकारियों और गैरजिम्मेदार भ्रष्ट आचरण से जुड़ा हुआ है।आगे विधायक ने कहा है कि सुखे की मौसम में त्रिवेणी नहर के मुख्य शाखा में ही पानी नहीं है। जबकि हाल ही में 182 आरडी से 472 आरडी तक सफाई और मरम्मती का कार्य हुआ है। त्रिवेणी शाखा के कार्यपालक अभियंता के कथनानुसार वाल्मीकिनगर बराज से उचित मात्रा में पानी नहीं मिल रहा है। वहां के अधीक्षण अभियंता के कथनानुसार सेरहवा-भूसकी में 218 आरडी पर नहर पर पुल बनने के कारण पानी आपूर्ति बाधित है।जबकि सर्वविदित है कि 15 जून के बाद कार्य नही करना है। जिससे पानी कि आपूर्ति वाधीत न हो, लेकिन भाजपा से जुड़े ठेकेदार होने के कारण पुल को अभीतक बनाया जा रहा है, जिससे लाखो किसानो की खेती नष्ट हो रही है।इसके साथ ही नहर की सफाई और मरम्मती कार्य को भी 15 जून के बाद भी मशीन से कराया गया, जबकि उसके बहुत छोटे अंश को मशीन से कराना था और 26 दिनो तक 1750 मजदुरों को प्रतिदिन काम देना था।

दोनो कार्य जलसंसाधन विभाग के पदाधिकारीयो के गैर जिम्मेदाराना और भ्रष्ट आचरण से जुड़ा हुआ है। आगे माले विधायक गुप्ता ने पुरे मामले की जांच पड़ताल कर दोषी लोगो पर कार्रवाई करने की करने और नहर में पानी आपूर्ति की गारंटी के साथ 182 आरडी के बाद भी पानी की नियमीत आपूर्ति करने की मांग किया है।

# नारी सशक्तिकरण हेतु अलीसा फाऊंडेशन का भव्य शुभारंभ

**औरंगाबाद, प्रात:किरण संवाददाता**

शहर के वार्ड सं05 निवासी निशक्त बालिका अलीसा के द्वारा, नारी सशक्तिकरण हेतु अलीसा केयर फॉर नीही फाऊंडेशन का शुभारंभ किया गया। यह नारी सशक्तिकरण की दिशा में इस शहर में किया गया अनूठा पहल है।

कि सी. डब्ल्यूसी कमेटी की सदस्या श्रीमती डॉब जुलाब देवी के द्वारा इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसके तहत भोग, एक्यूप्रेशर तथा मेहदी मूला मूलदर महिलाओं के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया एवं नारी सशक्तिकरण के विविध पहलुओं पर चर्चा की गई। यह संस्था महीन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु




प्रशिक्षण एवं अवसर प्रदान करेगी। इस संख्या के कार्यप्रणाली के पांच सूत्र है संपर्क, सहयोग, सेवा, समर्पण और समृद्धि इस कार्यक्रम में पूर्व नगर अध्यक्षा श्रीमती संगीता सिंह आ.ज.पा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री श्रीमती उषा सिंह, मंदिता सिंह, अमृता सिंह, सुप्रिया बुलाई श्रुति 18 श्रीमती शिल्पी देवी भीती अर्चना देवी एवं विभिन्न भयो नही महिलाओं ने भाग लिया।

# गोपालगंज में सॉफ्टवेयर इंजीनियर की गोली मारकर हत्या

**गोपालगंज, प्रात:किरण संवाददाता**

जिले के सिधवलिया थाने के रामपुर गांव में एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत हो गई। इंजीनियर को संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगी जिसके बाद इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई। मृतक सॉफ्टवेयर इंजीनियर रोहित कुमार ठाकुर बताया गया है। गोली किसने मारी, इसका खुलासा नहीं हो सका है।

पुलिस इस घटना के पीछे सुसाइड के बिंदु पर भी जांच कर रही है। बताया जाता है कि रोहित दिल्ली से हाल ही में घर आया था। सोमवार की दोपहर में वो बथान में बैठा था तभी बाइक से पहुंचे अपराधियों ने



● सुसाइड और मर्डर के बीच फंसा केस

● मामले की जांच में जुटी पुलिस

सिर में गोली मार दी। घटना के बाद आनन-फानन में परिजनों ने घायल रोहित को स्थानीय अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया जहां से सदर अस्पताल और फिर सदर अस्पताल से गोरखपुर रेफर कर दिया। रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी।

इस मामले में एसडीपीओं संजीव कुमार ने बताया कि घटना की वजह साफ नहीं हो सकी है। गोली किन परिस्थितियों में चली। किनके द्वारा चलाई गयी पुलिस जांच कर रही है। हालांकि परिजनों का आरोप है कि अपराधियों ने बथान में आकर रोहित कुमार को गोली मारी। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। घटना के पीछे पुलिस प्रेम-प्रसंग, आपसी रंजिश, पुरानी दुश्मनी और सुसाइड के एंगल पर जांच कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें



### वाहन वित्तपोषण स्टार्टअप मूव ने भारतीय बाजार में रखा कदम

नई दिल्ली। वाहन वित्तपोषण स्टार्टअप मूव ने भारतीय बाजार में उतरने की घोषणा की है। कंपनी ने मुंबई, हैदराबाद और बेंगलुरु में अपने परिचालन की शुरूआत की है। मूव ऐप आधारित कैब सेवाएं देने कंपनी उबर की यूरोप, पश्चिम एशिया और अफ्रीका में सबसे बड़ी वाहन आपूर्ति भागीदार है। कंपनी ने वैश्विक स्तर पर विस्तार की रणनीति के तहत भारत में परिचालन शुरू किया है। नाइजीरिया से शुरूआत करने वाली वैश्विक स्टार्टअप कंपनी परिवहन क्षेत्र के उद्यमियों को राजस्व आधारित वित्त की सुविधा प्रदान करती है। यह स्टार्टअप विशेष रूप से उबर के ड्राइवरों के लिए सुलभ वाहन वित्तपोषण उपलब्ध कराती है।

### अशोक लेलैंड ने एवीटीआर श्रृंखला का विस्तार किया

नई दिल्ली। हिंदुजा समूह की प्रमुख कंपनी अशोक लेलैंड ने घरेलू बाजार में दो ट्रैक्टर उतारे हैं। वाणिज्यिक वाहन विनिमार्ता ने सोमवार को कहा कि उसने ट्रैक्टर खंड में एवीटीआर4220 को 41.5ळ जीसीडब्ल्यू और एवीटीआर 4420 को 43.5ळ जीसीडब्ल्यू के साथ पेश किया है। कंपनी ने बयान में कहा कि इस पेशकश के साथ अशोक लेलैंड 41.5 टन सकल संयोजन भार (जीसीडब्ल्यू) और 43.5 टन जीसीडब्ल्यू के साथ दो-एक्सल विन्यास में ट्रैक्टर पेश करने वाली पहली भारतीय कंपनी बन गई है। अशोक लेलैंड के प्रमुख-एमएचसीवी संजीव कुमार ने कहा, कंपनी ग्राहकों की मांग को पूरा करने के लिए नए मॉडलों के साथ अपनी यात्रा जारी रखेगी।

### चांदी में 1,331 रुपये की गिरावट, सोना भी कमजोर

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को सोना मामूली गिरावट के साथ 51,145 रुपये प्रति 10 ग्राम आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 51,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,331 रुपये की गिरावट लेकर 54,351 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 55,682 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना 1,726.80 डॉलर प्रति औंस पर स्थिर रहा। वहीं चांदी बिना किसी घटबढ़ के 18.62 डॉलर प्रति औंस पर रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक (जिंस) दिलीप परमार ने कहा, अंतराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतों में मामूली गिरावट के साथ घरेलू बाजार में पीली धातु की कीमतों में नरमी आई।

### बेटर ओपिनियन्स ने मेटाप्लानेट वीसी समेत कई निवेशकों से 25 लाख डॉलर जुटाएं

नई दिल्ली। वाईकॉम्बिनेटर के समर्थन वाली कंपनी बेटर ओपिनियन्स ने मेटाप्लानेट वीसी और गोल्डवाटर कैपिटल समेत कई निवेशकों से 25 लाख डॉलर (करीब 20 करोड़ रुपये) जुटाए हैं। कंपनी के अनुसार, निवेश के शुरुआती दौर में वाईकॉम्बिनेटर, टॉरस वीसी, ओरिजिनल कैपिटल, ट्रेमिस कैपिटल, सुपर कैपिटल और एंजेल निवेशक समेत अन्य निवेशकों ने हिस्सा लिया। कंपनी ने बयान में कहा, बेटर ओपिनियन्स ने मेटाप्लानेट वीसी और गोल्डवाटर कैपिटल समेत अन्य निवेशकों से 25 लाख डॉलर जुटाए हैं।

# ओप्पो के रेनो8 5जी, एन्को एक्स2, पैड एयर टैब अब भारत में बिक्री के लिए उपलब्ध

नई दिल्ली, एजेंसी



वैश्विक स्मार्टफोन ब्रांड ने घोषणा की है कि नया ओप्पो रेनो8 5जी, जिसकी कीमत 29,999 रुपये है, एन्को एक्स2 और पैड एयर टैबलेट के साथ सोमवार को फ्लिपकार्ट, ओप्पो स्टोर और भारत में मेनलाइन रिटेल आउटलेट्स पर बिक्री के लिए उपलब्ध हो गया है। रेनो8 5जी एक यूनिबॉडी डिजाइन में है और यह दो रंगों शिमर गोल्ड और शिमर ब्लैक में उपलब्ध होगा। डिवाइस में 4500 एमएएच की बैटरी है जो एक बार चार्ज करने पर डेढ़ दिन तक इस्तेमाल करने की सुविधा देती है। इसका 80 वॉट सूपरवूक टीएम अडैप्टर केवल 11 मिनट चार्ज करने पर 50 प्रतिशत रिचार्ज हो जाता है।

कंपनी ने कहा कि इसके अतिरिक्त, इस स्मार्टफोन पर ओप्पो की बीएचई (बैटरी हेल्थ इंजन) तकनीक बैटरी को 1,600 चार्ज साइकिल (औद्योगिक औसत 800 चार्ज साइकिल से दोगुना) के बाद अपनी मूल क्षमता का 80 प्रतिशत बनाए रखने की अनुमति देती है। कंपनी ने कहा, इसका बैटरी 4 सालों तक सुरक्षित रूप से काम करता है। फोटोग्राफी के लिए, रेनो8 5जी आरजीबीडब्ल्यू सोनी आईएमएक्स709 सेल्फी सेंसर और सोनी के आईएमएक्स766 रियर स्नैपर के साथ आता है, जो इसे अतिरिक्त लाइट कैप्चर करने और इमेजेज की स्पष्टता में सुधार करने देता है। डीओएल-एचडीआर तकनीक वीडियो में ब्राइटनेस और शैडो के सही संतुलन के साथ डायनेमिक रेंज है। यह स्मार्टफोन ओप्पो के एआई-एन्हांस्ड इमेजिंग फीचर्स जैसे अल्ट्रा नाइट वीडियो, नाइट पोर्ट्रेट और बोकेह फ्लेयर वीडियो पर भी चलता है। ओप्पो रेनो8 5जी ओप्पो के सुपर-कंडक्टिव वीसी लिक्विड कूलिंग सिस्टम के साथ एक संपूर्ण प्रदर्शन प्रदान करता है, जो पिछली पीढ़ी के हीट पाइप समाधान की तुलना में 1.5 गुना अधिक कुशल है। यह मीडियाटेक डाइमेंशन 1300 एसओसी, 8 जीबी रैम, 128 जीबी स्टोरेज और कलरओएस 12.1 के साथ चलता है।

ओप्पो पैड एयर के 4 जीबी प्लस 64 जीबी वर्जन के लिए 16,999 रुपये और फ्लिपकार्ट पर 4 जीबी प्लस 128 जीबी वर्जन के लिए 19,999 रुपये में बिक्री पर है। पावर-कुशल 6 एनएम ऑक्टा-कोर स्नैपड्रैगन 680 प्रोसेसर के साथ ओप्पो का पहला टैबलेट मनोरंजन और शैक्षिक आवश्यकताओं के लिए डिजाइन किया गया है। यह अपने एआई सिस्टम बूस्टर 2.1 और रैम एक्सपेंशन तकनीक की बदौलत सुचारू मल्टीटास्किंग, ऐप्स के बीच सहज स्विचिंग, हाई-रेज वीडियो स्ट्रीमिंग और 3डी मोबाइल गेम प्रदान करता है। साथ ही, ओप्पो एन्को एक्स2 टीडब्ल्यूएस 10,999 रुपये में उपलब्ध है। ये फ्लैगशिप ईयरबड्स उद्योग में अग्रणी एएनसी और सेगमेंट-फर्स्ट डॉल्बी ऑडियो बिनौरल रिकॉर्डिंग के साथ आते हैं।

यह अगली पीढ़ी के सुपर डायनेमिक बैलेंस एन्हांस्ड इंजन (सुपरडीबीईई) ऑकोस्टिक सिस्टम को नॉर्डिक ऑडियो दिग्गज डायनाडियो के साथ सह-विकसित किया गया है। ग्राहक रेनो8 (8 प्लस 128जीबी) पर कई आकर्षक ऑफर्स जैसे विभिन्न बैंक कार्डों पर 3,000 रुपये तक का 10 प्रतिशत कैशबैक का लाभ उठा सकते हैं। कंपनी ने कहा कि अगर कोई 31 अगस्त से पहले ओप्पो रेनो8 सीरीज, एन्को एक्स 2 और ओप्पो पैड खरीदता है, तो माई ओप्पो ऐप पर रजिस्टर करें और केवल 1 रुपये में 5,999 की ओप्पो वॉच फ्री ले सकते हैं।

### मोटो बिजनेस बिजली चालित दोपहिया, तिपहिया वाहनों के प्रबंधन के क्षेत्र में उतरी

नई दिल्ली। दोपहिया वाहन विनिमार्ता यामाहा मोटर्स की कंपनी मोटो बिजनेस सर्विस इंडिया (एमबीएसआई) ने सोमवार को चेन्नई की ई-वाहन कंपनी फुलफिली के साथ साझेदारी की घोषणा की। एमबीएसआई, इस साझेदारी के तहत फुलफिली के बिजली चालित दोपहिया और तिपहिया वाहनों का प्रबंधन देखेगी। फुलफिली इलेक्ट्रिक वाहन सेवा प्रदाता और सेवा आपूर्ति मंच है। एमबीएसआई के प्रबंध निदेशक शोजी शिरैशी ने एक बयान में कहा, फुलफिली के साथ हुए इस करार के साथ कंपनी ने चेन्नई में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) खंड में परिचालन की शुरूआत की है। उन्होंने कहा, भारत में बिजली चालित वाहनों की बिक्री तेजी से बढ़ रही है। विनिमार्ता और उपयोगकर्ता ईंधन की बढ़ती लागत के कारण ईवी वाहनों को अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि एमबीएसआई की भविष्य में और वाहन कंपनियों के साथ काम करने की योजना है।

## सैमसंग ने सबसे एडवान्स्ड 3 एनएम चिप्स की शिपिंग शुरू की

सोल, एजेंसी

सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने सोमवार को एक समारोह में 3-नैनोमीटर सेमीकंडक्टर्स की पहली शिपमेंट को चिह्नित किया, जो अब तक के सबसे उन्नत और कुशल चिप्स बनाने की दौड़ में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। अगली पीढ़ी के 3 एनएम चिप्स गेट-ऑल-अराउंड (जीएए) तकनीक पर बनाए गए हैं, जिसके बारे में सैमसंग ने कहा है कि यह अंततः 35 प्रतिशत तक के एरिया रिडक्शन की अनुमति देगा, जबकि 30 प्रतिशत उच्च प्रदर्शन और मौजूदा फिनफेट प्रक्रिया की तुलना में 50 प्रतिशत कम बिजली की खपत प्रदान करेगा।

योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, सैमसंग ने कहा कि 3एनएम प्रोसेस नोड की पहली पीढ़ी में 16 प्रतिशत क्षेत्र में कमी, 23 प्रतिशत उच्च प्रदर्शन और 45 प्रतिशत कम बिजली की खपत हासिल हुई है।

परिष्कृत चिपमेकिंग तकनीक में प्रगति से सैमसंग को अधिक शक्तिशाली चिप्स की तलाश में आने की उम्मीद है जो छोटे, तेज और अधिक कुशल प्रौद्योगिकी प्रोडक्टस को सक्षम करते हैं। सैमसंग के डिवाइस सॉल्यूशंस डिवीजन के सीईओ क्यूंग के-ह्यून ने कहा, सैमसंग ने 3 एनएम चिप्स के बड़े पैमाने पर उत्पादन की शुरूआत के साथ आज फाउंड्री व्यवसाय में एक नया अध्याय खोला है। क्यूंग ने कहा, फिनफेट प्रक्रिया के विकल्प के रूप में उम्मीद से पहले जीएए तकनीक का विकास एक अभिनव सफलता है।

सैमसंग ने कहा कि उसने 2000 के दशक की शुरूआत में जीएए तकनीक विकसित करना शुरू किया और 2017 में इसे 3 एनएम नोड पर लागू करने में सफल रहा।

टेक दिग्गज ने कहा कि उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग 3 एनएम जीएए तकनीक पर आधारित पहला प्रोडक्ट है और यह अन्य उत्पाद श्रेणियों में एप्लिकेशन का विस्तार करने की योजना बना रहा है। दुनिया की सबसे बड़ी अनुबंध चिप निमार्ता टीएसएमसी ने कहा कि वह साल की दूसरी छमाही में 3 एनएम चिप्स का बड़े पैमाने पर प्रोडक्शन शुरू करेगी। दुनिया की सबसे बड़ी मेमोरी चिप निमार्ता और दूसरी सबसे बड़ी फाउंड्री कंपनी सैमसंग ने कहा है कि उसका 2 एनएम प्रोसेस नोड विकास के शुरूआती चरण में था, जिसमें बड़े पैमाने पर प्रोडक्शन 2025 के लिए योजना बनाई गई थी।

## सेबी ने आम जनता को पीएसीएल की संपत्तियों में लेनदेन से आगाह किया

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की एक समिति ने सोमवार को जनता को आगाह किया कि वे पीएसीएल समूह और इसकी अनुषंगियों की संपत्तियों के संबंध में किसी तरह का लेनदेन न करें क्योंकि इनकी बिक्री के लिए किसी को अधिकृत नहीं किया गया है।

पर्ल समूह के रूप में चर्चित रही पीएसीएल ने कृषि और रियल एस्टेट कारोबार के नाम पर जनता से पैसे जुटाए थे।

सेबी के मुताबिक, पीएसीएल ने गैरकानूनी सामूहिक निवेश योजनाओं (सीआईएस) के जरिये 18 साल में आम लोगों से 60,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जुटाई।

उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद सेबी ने 2016 में पूर्व प्रधान न्यायाधीश आर एम लोढ़ा की अध्यक्षता में समिति बनाई थी जिसने निवेशकों को चरणबद्ध तरीके से रिफंड देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।सेबी की वेबसाइट पर डाली गई सूचना में कहा गया, यह स्पष्ट किया जाता है कि समिति ने किसी भी व्यक्ति या संस्थान को पीएसीएल लिमिटेड की संपत्तियों की बिक्री के लिए अधिकृत नहीं किया है और पीएसीएल की संपत्तियों को अवैध और अनधिकृत तरीके से कब्जे में लेने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सेबी ने दिसंबर, 2015 में पीएसीएल और इसके नौ प्रवर्तकों तथा निदेशकों की सभी संपत्तियों की कुर्की का आदेश दिया था क्योंकि कंपनी निवेशकों का पैसा नहीं लौटा पाई थी।

## सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का पहली तिमाही का शुद्ध लाभ बढ़कर 234.78 करोड़ रुपये पर

नई दिल्ली, एजेंसी

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का चालू वित्त वर्ष की जून में समाप्त पहली तिमाही का एकल शुद्ध लाभ 14.2 प्रतिशत बढ़कर 234.78 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ने इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 205.58 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। हालांकि, पिछली मार्च तिमाही से तुलना की जाए, तो बैंक के मुनाफे में 24.3 प्रतिशत की गिरावट आई है। मार्च तिमाही में बैंक ने 310.31 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। अप्रैल-जून की तिमाही में बैंक की कुल आय मामूली बढ़कर 6,357.48 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक की आमदनी 6,299.63 करोड़ रुपये रही थी। हालांकि, मार्च तिमाही की तुलना में बैंक की कुल आय में गिरावट आई है। मार्च तिमाही में बैंक की कुल आय 6,419.58 करोड़ रुपये रही थी। जून तिमाही के अंत तक बैंक का कुल ऋण पर डूबे कर्ज के लिए प्रावधान घटकर 14.90 प्रतिशत रह गया, जो एक साल पहले समान अवधि में 15.92 प्रतिशत था। मूल्य के हिसाब से बैंक की कुल गैर निष्पादित आस्तियां (एनपीए) 29,001.63 करोड़ रुपये थीं। जून, 2021 के अंत तक यह 27,891.70 करोड़ रुपये थीं। बैंक का शुद्ध एनपीए घटकर 3.93 प्रतिशत (6,784.70 करोड़ रुपये) पर आ गया। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 5.09 प्रतिशत (7,904.03 करोड़ रुपये) था।

### शुरूआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 9 पैसे चढ़कर 79.81 पर

मुंबई। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के चलते सोमवार को शुरूआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 9 पैसे चढ़कर 79.81 पर आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 79.86 पर खुला। शुरूआती सौदों में रुपया 79.81 के ऊंचे स्तर और 79.87 के निचले स्तर तक गया। पिछले सत्र में, शुक्रवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 79.90 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 106.62 पर आ गया। वैश्विक तेल सूचकांक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.54 प्रतिशत गिरकर 102.62 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 675.45 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे।

## जियो 5जी में मिलेगी फाइबर जैसी तेज इंटरनेट स्पीड

नई दिल्ली, एजेंसी




रिलायंस समूह की दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो अपनी 5जी सेवा में फाइबर केबल जितनी स्पीड उपलब्ध करा सकती है जिसके 4जी सेवा के मुकाबले 20 गुना अधिक होने की उम्मीद है। इस कड़ी में कंपनी ने बड़े पैमाने पर 5जी से जुड़े ऐप्स और सेवाओं के लिए परीक्षणों को पूरा कर लिया है। जियो ने सोमवार को एक बयान में कहा कि कंपनी के एनहांस्ड मोबाइल ब्राडबैंड (ईएमबीबी) के जरिए ग्राहकों को फाइबर जैसी स्पीड मिलेगी। परीक्षणों में स्पीड 1जीबीपीएस तक मापी गयी थी।

कंपनी ने कहा कि ग्राहकों को अपने मोबाइल फोन पर कहीं भी और कभी भी कम से कम 50 से 100 एमबी की स्पीड मिलेगी जो आदर्श स्थिति में इससे अधिक हो सकती है। इससे ग्राहक यूजर्स 8के वीडियो स्ट्रीमिंग, क्लाउड गेमिंग, जियो ग्लास, हेल्थकेयर सेगमेंट में 5जी रोबोटिक्स, रियल टाइम इमर्सिव वर्चुअल रियलिटी मीटिंग, 5जी कनेक्टिड ड्रोन्स, वर्चुअल शॉपिंग और स्मार्ट होम्स सेवा का आनंद ले पाएंगे।

कंपनी ने दिल्ली, मुंबई, कोलकत्ता, हैदराबाद, चेन्नई, बेंगलुरु, लखनऊ, अहमदाबाद और जामनगर में हुए इन परीक्षणों का डेटा दूरसंचार विभाग, टेलीकॉम इंजिनियरिंग सेंटर और वायरलेस प्लानिंग एंड कॉर्डिनेशन जैसी संस्थाओं के साथ साझा किए हैं। जियो ने 26 जुलाई से शुरू होने वाली 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी में सबसे अधिक बयाना राशि जमा कराई है।

## केनरा बैंक का पहली तिमाही का शुद्ध लाभ 72 प्रतिशत बढ़कर 2,022 करोड़ रुपये पर

नई दिल्ली, एजेंसी




फंसे कर्ज में कमी और आमदनी बढ़ने से सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक का एकल आधार पर शुद्ध लाभ जून तिमाही में 72 प्रतिशत बढ़कर 2,022.03 करोड़ रुपये हो गया है। एक साल पहले जून तिमाही में बैंक को 1,177.47 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ था। केनरा बैंक ने शेयर बाजारों को बताया कि अप्रैल-जून 2022-23 में उसकी कुल आय बढ़कर 23,351.96 करोड़ रुपये हो गई जो एक साल पहले समान अवधि में 20,940.28 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही में ब्याज से प्राप्त मूल आय 8.3 प्रतिशत बढ़कर 18,176.64 करोड़ रुपये हो गई। बैंक की परिसंपत्ति की गुणवत्ता के मामले में भी सुधार देखने को मिला है। 30 जून, 2022 के अंत तक बैंक की सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए) कम होकर कुल ऋण का 6.98 प्रतिशत रह गईं। जून, 2021 में यह आंकड़ा 8.50 प्रतिशत था। मूल्य के संदर्भ में देखा जाए तो बैंक का सकल एनपीए या फंसा कर्ज कम होकर 54,733.88 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वर्ष समान अवधि में 58,215.46 करोड़ रुपये था। इसी तरह बैंक का शुद्ध एनपीए भी पिछले वर्ष की समान अवधि के 3.46 प्रतिशत (22,434 करोड़ रुपये) से घटकर 2.48 फीसदी (18,504.93 करोड़ रुपये) रहा है। पहली तिमाही में बैंक का डूबे कर्ज और अन्य आकस्मिक खर्च के लिए प्रावधान (कर के अतिरिक्त) बढ़कर 3,690 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही में 3,458.74 करोड़ रुपये था। एकीकृत आधार पर जून तिमाही में बैंक का शुद्ध मुनाफा 88 फीसदी बढ़कर 2,058.31 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले समान अवधि में यह 1,094.79 करोड़ रुपये था। तिमाही के दौरान बैंक की एकीकृत आय पिछले वर्ष के 23,018.96 करोड़ रुपये से बढ़कर 23,739.27 करोड़ रुपये हो गई।

### पॉलिसीबाजार ने साइबर सुरक्षा घटना को स्वीकारा

नई दिल्ली। अग्रणी इंश्योरटेक प्लेटफॉर्म पॉलिसीबाजार ने स्वीकार किया है कि पिछले हफ्ते साइबर सुरक्षा की घटना से वह प्रभावित हुआ था, लेकिन कोई महत्वपूर्ण ग्राहक डेटा उजागर नहीं हुआ। एक स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कई बीमा योग्य कवरेज बेचने वाले प्लेटफॉर्म ने कहा कि 19 जुलाई को पॉलिसीबाजार आईटी सिस्टम में कुछ कमजोरियों की पहचान की गई थी और वही अवैध और अनधिकृत पहुंच के अधीन थे। 90 लाख से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान करने वाली कंपनी ने कहा कि पहचानी गई कमजोरियों को ठीक कर दिया गया है और सिस्टम का गहन ऑडिट शुरू कर दिया गया है। कंपनी ने कहा, इस मामले की सूचना सुरक्षा टीम द्वारा समीक्षा की जा रही है। हालांकि हम एक विस्तृत समीक्षा करने की प्रक्रिया में हैं, हमारी समीक्षा में पाया गया है कि कोई महत्वपूर्ण ग्राहक डेटा उजागर नहीं हुआ है। पॉलिसीबाजार ने कहा कि वह उपयुक्त अधिकारियों तक पहुंच गया है।

## ज्योति लैब्स का पहली तिमाही में लाभ बढ़कर 47.73 करोड़ रुपये पर

नई दिल्ली, एजेंसी

दैनिक उपयोग का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली ज्योति लैब्स का एकीकृत शुद्ध लाभ 30 जून, 2022 को समाप्त पहली तिमाही में 18.73 प्रतिशत की बढ़त के साथ 47.73 करोड़ रुपये हो गया। ज्योति लैब्स ने सोमवार को शेयर बाजारों को दी सूचना में कहा कि कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 40.20 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। ज्योति लैब्स की वित्त वर्ष 2022-23 की समीक्षाधीन अवधि के दौरान परिचालन आय 13.66 प्रतिशत बढ़कर 597.20 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह 525.40 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने अपने वित्तीय विवरण में कहा, लागत संबंधी मुद्रास्फीति के कारण लाभ प्रभावित हुआ है। बीती तिमाही में कंपनी का कुल खर्च 15.45 प्रतिशत बढ़कर 553.71 करोड़ रुपए पहुंच गया। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का कुल खर्च 479.61 करोड़ रुपए रहा था। कंपनी ने कहा कि मांग-पक्ष और उच्च उत्पादन कीमतों जैसी कई अल्पकालिक चुनौतियों के बावजूद हमारा परिचालन प्रदर्शन स्थिर रहा है। ज्योति लैब्स के एफएमसीजी ब्रांड में उजाला, हेन्को, मिस्टर व्हाइट, एक्सो, प्रिल, मार्गो और नीम हैं।

### टाटा हाउसिंग का पहली तिमाही का राजस्व पांच गुना बढ़कर 623 करोड़ रुपये पर

नई दिल्ली। टाटा हाउसिंग की आवासीय परियोजनाओं की मजबूत मांग के बूते अप्रैल-जून 2022-23 के दौरान बिक्री पांच गुना बढ़कर 623 करोड़ रुपये हो गई। टाटा हाउसिंग, टाटा सन्स प्राइवेट लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी है और यह प्रमुख शहरों में परियोजनाओं का विकास कर रही है। टाटा रियल्टी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय दत्त ने कहा, कोरोना वायरस की पिछली लहर के बाद हालात सामान्य होने से मांग बढ़ी है। पहली तिमाही में टाटा हाउसिंग को 623 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। इसके अलावा मालदीव में लक्सा वन परियोजना भी शुरू की। पिछले वर्ष जून तिमाही में कोविड की दूसरी लहर की वजह से लगभग सभी रियल एस्टेट डेवलपरों की आवास बिक्री बुरी तरह से प्रभावित हुई थी।

## बिकवाली के दबाव में गिरकर बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 535 अंक तक टूटा

नई दिल्ली, एजेंसी



आज शुरू हुए कारोबारी सप्ताह के पहले दिन ही घरेलू शेयर बाजार में बिकवाली के दबाव की वजह से गिरावट दर्ज की गई। लगातार 6 कारोबारी दिन तक मजबूती का प्रदर्शन करने के बाद भारतीय शेयर बाजार आज कमजोर ग्लोबल संकेतों के दबाव के कारण गिरावट के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स आज के कारोबार के दौरान 306 अंक से अधिक टूट कर बंद हुआ। निफ्टी भी फिसल कर 16650 अंक से नीचे चला गया।

पिछले सप्ताह 4 प्रतिशत की तेजी दर्ज करने के बाद आज बाजार में बिकवाली का दबाव बना रहा। दिन भर के कारोबार के दौरान निफ्टी का बैंक इंडेक्स 500 अंक फिसल गया। फार्मा इंडेक्स में भी 1 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। मेटल सेक्टर को छोड़कर बाकी सभी सेक्टर्स में आज कमजोरी दर्ज की गई। ऑटो, एनर्जी, ऑयल एंड गैस तथा रियल्टी सेक्टर के शेयरों में तेज गिरावट दिखी। हालांकि दिन भर के कारोबार के दौरान मेटल के साथ ही कैपिटल गुड्स और शुगर सेक्टर से जुड़े शेयरों में तेजी का रुझान बना रहा।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स आज 194.73 अंक की कमजोरी के साथ 55,877.50 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही कुछ समय के लिए शेयर बाजार में लिवाली का जोर बनता दिखा, जिसके कारण सेंसेक्स उछल कर 56,018.09 अंक के स्तर पर पहुंच गया। उसके बाद बाजार में बिकवाल हावी हो गए और चौतरफा बिकवाली शुरू कर दी, जिसके कारण सेंसेक्स भी तेजी से नीचे गिरने लगा। हालांकि बीच-बीच में खरीदारों ने लिवाली करके बाजार को सहारा देने की कोशिश भी की, लेकिन बिकवाली के दबाव में सेंसेक्स लगातार नीचे गिरता गया।

बाजार में बिकवाली का दबाव शुरूआती 2 घंटे तक लगातार बना रहा, जिसके कारण सेंसेक्स 535.15 अंक टूट कर 55,537.08 अंक तक पहुंच गया। इस गिरावट के बाद बाजार में घरेलू संस्थागत निवेशकों ने एक्टिव होकर खरीदारी शुरू कर दी, जिसके कारण सेंसेक्स में सुधार आना शुरू हुआ। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से दोपहर 2:30 बजे तक सेंसेक्स उछलकर 55,965.49 अंक तक पहुंच गया, लेकिन आखिरी आधे घंटे के कारोबार में एक बार फिर बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण ये सूचकांक तेजी से नीचे लुढ़कने लगा। दिन भर हुई खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स 306.01 अंक यानी 0.55 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 55,766.22 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की तरह ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी ने भी आज 56.90 अंक की कमजोरी के साथ 16,662.55 अंक के स्तर पर कारोबार की शुरूआत की। शुरूआती कारोबार में निफ्टी भी खरीदारी के सपोर्ट से उछलकर 16,706.05 अंक के स्तर तक पहुंचा। इसके बाद बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण निफ्टी भी तेजी से नीचे लुढ़कने लगा।

लगभग 2 घंटे पर बिकवाली का दबाव झेलने के बाद बाजार में शुरू हुई खरीदारी से निफ्टी को भी काफी सहारा मिला और इस सूचकांक ने भी धीरे-धीरे रिकवर करना शुरू कर दिया। घरेलू संस्थागत निवेशकों की खरीदारी के सपोर्ट से निफ्टी बाजार बंद होने के एक घंटा पहले रिकवर करके 16,672.70 अंक के स्तर तक पहुंच गया। इसके बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की ओर से चौतरफा बिकवाली शुरू कर देने के कारण निफ्टी में भी तेज गिरावट आई। दिन भर के कारोबार के बाद इस सूचकांक ने 88.45 अंक यानी 0.53 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 16,631 अंक के स्तर पर आज के कारोबार का अंत किया।

दिन भर के कारोबार के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में आज सबसे अधिक 2,581.47 करोड़ रुपये का सौदा हुआ। कारोबार के लिहाज से 1,684.62 करोड़ रुपये के की खरीद बिक्री के साथ आईसीआईसीआई बैंक दूसरे स्थान पर और 1,181.77 करोड़ रुपये के सौदे के साथ इंफोसिस के शेयर तीसरे स्थान पर रहे। दिन भर हुई खरीद बिक्री के बाद टाटा स्टील 2.63 प्रतिशत, इंडसइंड बैंक 2.08 प्रतिशत, कोल इंडिया 1.93 प्रतिशत, अपोलो हॉस्पिटल 1.57 प्रतिशत और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज 1.52 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर महिंद्रा एंड महिंद्रा 3.83 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज 3.30 प्रतिशत, मारुति सुजुकी 2.37 प्रतिशत, ओएनजीसी 2 प्रतिशत और आयशर मोटर्स 1.93 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

## पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर




नई दिल्ली, एजेंसी

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में दबाव के बीच देश में सोमवार को तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया। देश में करीब दो माह से ईंधन के दामों में स्थिरता आम-आदमी के लिए राहत बनी हुयी है।

सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसीएल) के अनुसार, दिल्ली में आज पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। मुंबई में पेट्रोल और डीजल के दाम क्रमशः 106.31 रुपये प्रति लीटर और 94.27 रुपये प्रति लीटर पर हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में लंदन ब्रेंट क्रूड आज 0.66 प्रतिशत गिरकर 102.52 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 0.76 प्रतिशत की गिरावट के साथ 93.98 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा। देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

देश के चार बड़े महानगरों में आज पेट्रोल और डीजल के दाम इस प्रकार रहेः-

| महानगर | पेट्रोल | डीजल |
|---|---|---|
| | (रुपए प्रति लीटर) | |
| दिल्ली | 96.72 | 89.62 |
| मुंबई | 106.31 | 94.27 |
| कोलकाता | 106.03 | 92.76 |
| चेन्नई | 102.63 | 94.24 |

### ईएसआईसी योजना से मई, 2022 में 14.93 लाख नए सदस्य जुड़े

नई दिल्ली। कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा योजना से मई, 2022 में करीब 14.93 लाख नए सदस्य जुड़े हैं। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की तरफ से सोमवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। इसके मुताबिक, वित्त वर्ष 2021-22 में ईसीआईसी के साथ जुड़ने वाले कुल नए सदस्यों की संख्या 1.49 करोड़ हो गई। वित्त वर्ष 2020-21 में इससे 1.15 करोड़ नए सदस्य जुड़े थे। महामारी से ठीक पहले के वित्त वर्ष 2019-20 में 1.51 करोड़ नए सदस्य ईएसआईसी से जुड़े थे जबकि वर्ष 2018-19 में यह संख्या 1.49 करोड़ रही थी। इसके पहले सितंबर, 2017 से लेकर मार्च, 2018 के बीच करीब 83.55 लाख नए ग्राहक ईएसआईसी की सामाजिक सुरक्षा योजना का हिस्सा बने थे। एनएसओ की भारत में पेरोल आंकड़ों के बारे में जारी रिपोर्ट कहती है कि सेवानिवृत्ति कोष निकाय कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के साथ मई, 2022 में 16.81 लाख नए सदस्य जुड़े।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रमंडल खेलः संदीप मेहता की जगह अनेशा घोष प्रेस अटैची नियुक्त

नई दिल्ली। स्वतंत्र पत्रकार अनेशा घोष को गुरुवार से शुरू हो रहे बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के लिए संदीप मेहता की जगह भारतीय दल का प्रेस अटैची नियुक्त किया गया है। घोष को अन्य चीजों के अलावा सोशल मीडिया को संभालने के लिए नियुक्त किया गया है। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के कार्यवाहक अध्यक्ष अनिल खन्ना ने पीटीआई से कहा, हमें अन्य चीजों के अलावा सोशल मीडिया को संभालने के लिए किसी की जरूरत थी, इसलिए उन्हें (घोष) नियुक्त किया गया। खन्ना ने यह भी बताया कि आईओए बर्मिंघम शहर में प्रवासी भारतीयों के लिए दो कार्यक्रमों की मेजबानी करेगा। उन्होंने कहा, हम 26 जुलाई और सात अगस्त को प्रवासी भारतीयों के लिए दो कार्यक्रम भी आयोजित करेंगे।

### सीएसए टी20 लीगः क्लूजनर डरबन फ्रेंचाइजी के कोच बनें

कोलकाता। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व हरफनमौला लांस क्लूजनर को सीएसए (क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका) टी20 लीग की टीम डरबन फ्रेंचाइजी का सोमवार को मुख्य कोच नियुक्त किया गया। इस लीग का आयोजन अगले साल जनवरी और फरवरी में होगा। डरबन फ्रेंचाइजी का मालिकाना हक रखने वाले आरपीएसजी समूह की ओर से जारी मीडिया विज्ञप्ति में क्लूजनर को कोच बनाने की घोषणा की गयी। दक्षिण अफ्रीका के लिए 49 टेस्ट और 171 एकदिवसीय खेल चुके क्लूजनर ने कहा, मेरे लिये यह नयी चुनौती है। मैं इससे गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। मुझे टीम से मिलने का इंतजार है। क्लूजनर ने अतीत में अफगानिस्तान की राष्ट्रीय टीम को कोचिंग दी है। आरपीएसजी समूह के पास इंडियन प्रीमियर लीग की टीम लखनऊ सुपरजायंट्स का भी स्वामित्व है।

### वेस्टइंडीज के खिलाफ धीमी ओवर गति के कारण भारतीय टीम पर जुमार्ना

दुबई। वेस्टइंडीज के खिलाफ शुक्रवार को खेले गए पहले एकदिवसीय मैच के दौरान धीमी ओवर गति के कारण भारतीय क्रिकेट टीम पर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुमार्ना लगाया है। एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच रेफरी के रिची रिचर्डसन ने भारतीय टीम पर तय समय में लक्ष्य से एक ओवर कम फेंकने पर जुमार्ना लगाया है। खिलाड़ियों और खिलाड़ी समर्थन कर्मियों के लिए आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों पर उनकी मैच फीस का 20 प्रतिशत जुमार्ना लगाया जाता है, जब उनकी टीम तय समय में पूरे ओवर गेंदबाजी करने में विफल रहती है।

### भारतीय क्रिकेट जगत ने क्रुणाल को पिता बनने पर दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली। दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर सहित भारतीय क्रिकेट जगत ने क्रुणाल पांड्या और उनकी पत्नी पंखुड़ी शर्मा को माता-पिता बनने पर शुभकामनाएं दी हैं। भारतीय हरफनमौला खिलाड़ी क्रुणाल पांड्या की पत्नी पंखुड़ी ने रविवार को एक बच्चे को जन्म दिया, जिसका नाम उन्होंने कवि क्रुणाल पांड्या रखा है। क्रुणाल ने रविवार को अपने ट्विटर पर एक तस्वीर के साथ अपने बेटे के नाम की घोषणा की। फोटो में पंखुड़ी के साथ भारतीय ऑलराउंडर अपने बच्चे को अपने हाथों में पकड़े हुए थे। क्रुणाल ने कैप्शन में दिल वाले इमोजी के साथ लिखा, कवीर क्रुणाल पांड्या।

# भारतीय टेबल टेनिस टीम के लिए आसान नहीं होगा बर्मिंघम में गोल्ड

**राष्ट्रमंडल खेलों में 2018 की बराबरी भी कर लेती है तो यह उसके लिए बड़ी उपलब्धि होगी**

लंदन, एजेंसी



पिछली बार गोल्ड कोस्ट में नई ऊंचाइयां हासिल करने वाली भारतीय टेबल टेनिस टीम यदि बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में 2018 की बराबरी भी कर लेती है तो यह उसके लिए बड़ी उपलब्धि होगी। भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट में उम्मीदों से बेहतर प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक जीते थे। इनमें से दो स्वर्ण सहित आधे पदक मनिका बत्रा ने जीते थे जिसके बाद उनकी लोकप्रियता काफी बढ़ गई थी। दिल्ली की रहने वाली इस 27 वर्षीय खिलाड़ी ने सिंगापुर की ओलंपिक पदक विजेता फेंग तियानवेइ को एक बार नहीं बल्कि दो बार हराकर भारत को व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक दिलाया था।

सिंगापुर की 35 वर्षीय खिलाड़ी अब बर्मिंघम में मनिका से बदला लेने के लिए तत्पर होंगी। भारतीय महिला टीम इस समय थोड़ा बदली हुई नजर आएगी। विश्व में 41वीं रैंकिंग की मनिका के साथ श्रीजा अकुला, रीत ऋष्य और दिया चिताले भारतीय चुनौती पेश करेंगी। अपने पांचवें और आखिरी राष्ट्रमंडल खेलों में भाग ले रहे भारत के सर्वश्रेष्ठ टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल, सदाबहार जी साथियान, हरमीत देसाई और सानिल शेट्टी भारतीय पुरुष टीम की चुनौती पेश करेंगे। राष्ट्रमंडल खेलों से पहले भारतीय खिलाड़ियों ने पुर्तगाल में अभ्यास किया और उसके बाद हंगरी में प्रतियोगिता में भाग लिया। भारतीय टेबल टेनिस टीम का गठन करना आसान नहीं रहा क्योंकि तीन खिलाड़ियों ने चयन नहीं होने पर अदालत का दरवाजा खटखटा दिया था। इनमें से केवल चिताले को ही फायदा हुआ जिन्हें अर्चना कामत की जगह टीम में लिया गया।

कामत खेलों में मनिका के साथ युगल जोड़ी बना सकती थी। चार सदस्यीय पुरुष दल में वही खिलाड़ी शामिल हैं जिन्होंने गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा लिया था। इन खिलाड़ियों को काफी अनुभव है और उम्मीद की जा रही है कि वह टीम खिताब का बचाव करने में सफल रहेंगे। भारत को टीम स्पर्धा में इंग्लैंड और नाइजीरिया के बाद तीसरी वरीयता मिली है। एकल में आखिरी बार 2006 में मेलबर्न में स्वर्ण पदक जीतने वाले 40 वर्षीय शरत ने कहा, इंग्लैंड की टीम नाइजीरिया की तुलना में थोड़ा मजबूत है।

**बदलाव**

- भारतीय महिला टीम इस समय थोड़ा बदली हुई नजर आएगी

हमारा लक्ष्य निश्चित तौर पर व्यक्तिगत के अलावा टीम स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीतना है। नाइजीरिया की टीम में विश्व के 12वें नंबर की खिलाड़ी अरुणा कादरी हैं जबकि इंग्लैंड की टीम में लियाम पिचफोर्ड और अनुभवी पाल ड्रिंकहाल हैं। भारतीयों के पास हालांकि सभी स्पधाओं में पदक जीतने के मौके रहेंगे। भारत ने गोल्ड कोस्ट में मिश्रित युगल और युगल में स्वर्ण पदक नहीं लेकिन कुल चार पदक जीते थे और इस बार भी इसी तरह के परिणाम की उम्मीद है। शरत और मनिका के अलावा साथियान भी पुरुष युगल और मिश्रित युगल में स्वर्ण पदक के दावेदार हैं।

## नेक्स्ट जेन कपः प्रीमियर लीग टीमों के खिलाफ खेलेंगे बेंगलुरू एफसी और केरला ब्लास्टर्स

**लंदन।** बेंगलुरू एफसी और केरला ब्लास्टर्स एफसी, रिजर्व स्क्वाड प्रीमियर लीग द्वारा आयोजित नेक्स्ट जेनरेशन कप, 2022 में हिस्सा लेने के लिए यूनाइटेड किंगडम पहुंच गए हैं। यह टूनार्मेंट भारत में फुटबॉल के विकास का समर्थन करने के लिए प्रीमियर लीग और फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड (ऋरऊछ) के बीच लंबे समय से चली आ रही साझेदारी का हिस्सा है। इन दो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) क्लबों की युवा टीमों ने इस साल की शुरूआत में आयोजित रिलायंस फाउंडेशन डेवलपमेंट लीग (आरएफडीएल) में शीर्ष दो में रहने के आधार पर अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंट में प्रतिस्पर्धा करने के लिए क्वालीफाई किया था। आठ-टीम नेक्स्ट जेनरेशन कप में हिस्सा लेंगी, जिनमें पांच टीमें प्रीमियर लीग क्लबों की, दक्षिण अफ्रीका की एक अकादमी और बेंगलुरु एफसी और केरला ब्लास्टर्स एफसी की टीमें शामिल हैं। टीमों को दो ग्रुप में बांटा जाएगा और अपना पहला मैच 27 जुलाई को खेला जाएगा। प्रीमियर लीग के मुख्य कार्यकारी रिचर्ड मास्टर्स ने एक बयान में कहा, प्रीमियर लीग और हमारे क्लब बेंगलुरु एफसी और केरला ब्लास्टर्स एफसी के खिलाड़ियों का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं, पहली बार यूके में युवा विकास टूनार्मेंट आयोजित किया गया है।

# आउट होना मेरी नाराजगी का सबब बना : श्रेयस अय्यर

पोर्ट ऑफ स्पेन, एजेंसी

वेस्टइंडीज के खिलाफ भारतीय टीम एक समय पर 17.2 ओवर पर अपने 3 विकेट गंवा चुकी थी। तभी क्रीज पर आए संजू सैमसन और पहले से मौजूद श्रेयस अय्यर ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने क्रमशः 54 और 63 रन की पारी खेली और टीम को खराब स्थिति से बाहर निकाला। इस दौरान चौथे विकेट के लिए दोनों बल्लेबाजों के बीच 99 रनों की साझेदारी हुई। अय्यर ने मैच समाप्त होने के बाद कहा, मैंने जिस तरह से पारी खेली उससे मैं खुश था, लेकिन जिस तरह से मैं आउट हुआ वह मेरे लिए नाराजगी का सबब बना। मुझे लगा कि मैं आसानी से टीम को जीत दिला सकता हूं। मैं और रन बनाने में सक्षम था, लेकिन आउट होने की वजह से नहीं बना सका। हालांकि दोनों के आउट होने के बाद भारत की पारी एक बार फिर डगमगाती हुई दिख रही थी। तभी अक्षर पटेल के नाबाद 64 रनों ने भारत को एक और मजबूत स्कोर के साथ पारी को आगे बढ़ाया और 2 विकेट से टीम को जीतने में मदद मिली। टीम ने इस जीत के साथ तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है।



उन्होंने आगे कहा, टीम में नंबर तीन सर्वश्रेष्ठ पदों में से एक है क्योंकि अगर सलामी बल्लेबाजों में से कोई भी आउट हो जाता है तो आप टीम के स्कोर को संभाल सके। अगर सलामी बल्लेबाजों के पास अच्छी साझेदारी है, तो आपको उस गति को आगे बढ़ाने और रन रेट को बनाए रखने में मदद करनी होती है। सैमसन के साथ निभाई गई साझेदारी को लेकर श्रेयस अय्यर ने कहा, हमने लगातार दो विकेट गंवाए। टीम एक समय पर 17.2 ओवर में अपने 3 विकेट गंवा चुकी थी। वहां से हमने पारी को संभाला और स्कोर की गति पकड़ी। उसके बाद संजू आए, तब तक मैं 20 गेंदों पर 15 रन पर था। मुझे पता था कि मैं आगे क्या करने जा रहा हूं और तभी संजू ने कुछ गेंदों का सामना किया।

# नंदी राष्ट्रमंडल खेलों के लिए महिला जिम्नास्ट टीम के कोच नियुक्त

नई दिल्ली, एजेंसी



रियो ओलंपिक 2016 में दीपा कर्माकर को ऐतिहासिक चौथे स्थान पर पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने वाले जिम्नास्टिक कोच बिशेश्वर नंदी को विवादास्पद रोहित जायसवाल के स्थान पर बर्मिंघम में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों के लिए भारतीय महिला टीम का कोच नियुक्त किया गया है। जायसवाल को पहले महिला टीम का कोच नियुक्त किया गया था लेकिन जिम्नास्ट अरुणा बुद्धा रेड्डी ने उन पर उनकी अनुमति के बिना वीडियोग्राफी करने का आरोप लगाया था जिसके बाद उन्हें राष्ट्रमंडल खेलों की टीम से हटा दिया गया था।

नंदी ने नयी दिल्ली में राष्ट्रीय शिविर से पीटीआई से कहा, मैंने एक दिन पहले वीजा संबंधी औपचारिकताएं पूरी की और मुझे कल तक वीजा मिलने की उम्मीद है। मैं 29 जुलाई तक टीम से जुड़ जाऊंगा। जायसवाल को हटाए जाने से उनकी शिष्या और भारत की तरफ से पदक की दावेदार प्रणति नायक की संभावनाओं को झटका लगा है लेकिन नंदी ने कहा कि वह टीम के प्रत्येक सदस्य का ध्यान रखेंगे।

नंदी ने कहा, यह कोई मसला नहीं होगा क्योंकि मैं उन्हें कई वर्षों से जानता हूं। इसके अलावा मेरी शिष्या प्रोतिस्ता सामंत भी है जिन्हें मैंने कई वर्षों तक प्रशिक्षण दिया है। इस साल के शुरू में मिस्त्र और अजरबैजान में अच्छे प्रदर्शन के बाद वह भी पदक की दावेदार है। भारतीय जिम्नास्टिक टीम इस प्रकार हैः पुरुषः सत्यजीत मंडल, योगेश्वर सिंह और सैफ तंबोली। महिलाः प्रणति नायक, रुथुजा नटराज, प्रोतिस्ता सामंत, बावलीन कौर।

# धवन ने दूसरे मैच में मिली जीत का श्रेय दिया आईपीएल क्रिकेट को

पोर्ट ऑफ स्पेन, एजेंसी

वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में भारत के कप्तान शिखर धवन ने टीम की सफलता के लिए आईपीएल क्रिकेट को श्रेय दिया है क्योंकि टीम को क्वींस पार्क ओवल में यहां दूसरा हाई स्कोरिंग मैच जीतने में मदद मिली। भारत ने ऑलराउंडर अक्षर पटेल के 64 रनों की धुंआधार पारी की मदद से निकोलस पूरन के नेतृत्व वाली टीम को दो विकेट से हरा दिया। वहीं, टीम ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। धवन ने पटेल की इस दौरान प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी 35 गेंदों की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी ने टीम को जीत दिलाई, जिसमें पांच छक्के और तीन चौके शामिल हैं। उन्होंने कहा कि, मुझे लगता है कि यह टीम का शानदार प्रदर्शन था। हमने गलतियां कीं, हमने चुनौती ली, जिससे हमारा आत्म-विश्वास बढ़ा। एकदिवसीय मैच में 300 से ज्यादा के स्कोर को चेज करना हमेशा से कठिन रहा है। भारत को आखिरी 10 ओवरों में जीत के लिए 100 रन की जरूरत थी। क्रीज पर दीपक हुड्डा और अक्षर पटेल थे। तब टीम के पास पांच विकेट मौजूद थे। साथ ही उन्होंने कहा, जिस तरह से वे बल्लेबाजी कर रहे थे, उसे देखकर वह अचंभित रह गए। उन्होंने आगे कहा, मैं हैरान था जिस तरह से बल्लेबाज लक्ष्य तक पहुंचे। हमारे मध्यक्रम को सलाम। सभी बल्लेबाज लाजवाब रहे, चाहे वे अक्षर हो या अवेश खान हो। अक्षर ने कहा, जब हम भीड़ के सामने खेलते हैं तो हमें आईपीएल क्रिकेट जैसी फिलिंग महसूस होती है। उससे हमारा आत्मविश्वास बढ़ता है। मैंने आईपीएल में सर्वश्रेष्ठ पारियां खेली। यहां भी मेरे पास बहुत समय था, मुझे बल्लेबाजी करने का मौका मिला, जिसे हमने गंवाया नहीं।

# महिला क्रिकेटर मिताली राज ने क्रिकेट में वापसी के दिए संकेत

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय दिग्गज महिला क्रिकेटर मिताली राज ने क्रिकेट में वापसी के संकेत दिए हैं। मिताली ने कहा है कि वह उद्घाटन महिला आईपीएल में खेलने के लिए संन्यास से बाहर आने पर विचार कर सकती हैं। आईसीसी के नए पॉडकास्ट, 100 परसेंट क्रिकेट के पहले एपिसोड में मिताली ने इंग्लैंड की पूर्व क्रिकेटर ईसा गुहा और न्यूजीलैंड की ऑफ स्पिनर फ्रेंकी मैके के साथ एक स्पष्ट और मनोरंजक चैट के दौरान संन्यास से वापस आने के संकेत दिये। बहुप्रतीक्षित महिला आईपीएल का उद्घाटन संस्करण अगले साल शुरू होने की उम्मीद है। मिताली ने कहा,मैं उस विकल्प को खुला रख रही हूं। मैंने अभी तक फैसला नहीं किया है। महिला आईपीएल होने में कुछ और महीने बाकी हैं। महिला आईपीएल के पहले संस्करण का हिस्सा बनना शानदार होगा। राज ने पिछले महीने 23 साल के शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर पर विराम लगा दिया। उन्होंने पॉडकास्ट पर खुलासा किया कि उनका जीवन वास्तव में उतना धीमा नहीं था जितना उन्होंने उम्मीद की थी। उन्होंने कहा, मैंने सोचा था कि संन्यास लेने पर मेरी जीवन शैली धीमी हो जाएगी, इस अर्थ में कि मुझे अपने दिन, सप्ताह या अगली श्रृंखला की योजना बनाने की जरूरत नहीं है। अपने संन्यास की घोषणा के बाद, मैं कोविड संक्रमित हो गई थी, और जब मैं इससे उबर गई हूं। अब मैं अपने जीवन पर बनी फिल्म शाबाश मितू के प्रचार कार्यक्रमों में शामिल हो रही हूं। मिताली ने विस्फोटक बल्लेबाज शैफाली वर्मा की तारीफ करते हुए कहा,मैं उनके खेल की बहुत बड़ी प्रशंसक रही हूं। मैंने देखा है कि वह एक ऐसी खिलाड़ी हैं जो भारत के लिए किसी भी आक्रमण और किसी भी टीम के खिलाफ अकेले दम पर मैच जीताने की क्षमता रखती हैं।

# राष्ट्रमंडल खेलों में आईओए ने निशानेबाजी का नहीं उठाया मुद्दा : विजय कुमार

नई दिल्ली, एजेंसी



सबसे सफल भारतीय निशानेबाजों में से एक विजय कुमार का मानना है कि बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में निशानेबाजी को हिस्सा नहीं बनाया गया है। इससे खिलाड़ियों का भविष्य खराब हो रहा है, क्योंकि ज्यादातर निशानेबाज राष्ट्रमंडल खेलों पर निर्भर रहते हैं। राष्ट्रमंडल खेलों में पांच स्वर्ण पदकों सहित छह पदक हासिल करने के बाद और 2012 लंदन ओलंपिक में 25 मीटर रैपिड-फायर स्पर्धा में रजत जीतकर उस सफलता को याद करते हुए विजय कुमार ने कहा, वह निराश हैं कि भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने भारतीय निशानेबाजी बिरादरी की भलाई के लिए मुद्दा नहीं उठाया।

निशानेबाजी को लेकर राष्ट्रमंडल खेलों में क्या सोच है? यह एक ऐसा आयोजन हुआ करता था, जहां प्रतिस्पर्धा करने के लिए लोग उत्सुक रहते थे और अब वह खेल का हिस्सा नहीं है। इस पर आपके क्या विचार हैं? राष्ट्रमंडल खेल दुनिया के तीन प्रमुख खेलों से एक हैं। पहले ओलंपिक, उसके बाद एशियाई और फिर राष्ट्रमंडल खेल आता है। यह बहुत ही अजीब और आश्चर्यजनक है कि ओलंपिक में अनुशासन होने के बावजूद निशानेबाजी को राष्ट्रमंडल खेलों से हटा दिया गया है। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में कुछ गैर-ओलंपिक खेल शामिल हैं। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि शूटिंग को छोड़ दिया गया है, जिससे शूटिंग के खिलाड़ियों पर अधिक प्रभाव पड़ा है। क्या आपको लगता है कि पिछले कुछ वर्षों में सीजीएफ द्वारा राष्ट्रमंडल खेलों से निशानेबाजी को बाहर करने का ठोस प्रयास किया गया है? यहां बैठकर हम सिर्फ अनुमान लगा सकते हैं। मुझे और इस खेल से जुड़े बहुत से लोगों को लगता है कि सीजीएफ का लक्ष्य निशानेबाजी को राष्ट्रमंडल खेलों से हटाना था। यदि आप इसे तार्किक दृष्टिकोण से देखते हैं, तो घटनाओं का पूरा क्रम, जैसे कि शूटिंग की घटनाओं की संख्या को धीरे-धीरे कम करना और फिर इसे पूरी तरह से हटा देना, उस तथ्य की ओर इशारा करता है। मैंने हाल ही में कहीं पढ़ा है कि निशानेबाजी 2026 राष्ट्रमंडल खेलों का भी हिस्सा नहीं है। ये सभी बातें इस बात की ओर इशारा करती हैं कि यह भारत की पदक की उम्मीदों को कम करने के लिए उठाया गया कदम है। यदि आप हमारे प्रदर्शन को देखें, तो हमने राष्ट्रमंडल खेलों के 2006, 2010, 2014 के सीजनों की शूटिंग में उल्लेखनीय रूप से अच्छा प्रदर्शन किया है। 2006 में मैंने दो स्वर्ण जीते, 2010 में मेरे पास चार पदक थे। राष्ट्रमंडल खेलों में मेरे कुल छह पदक हैं। व्यक्तिगत रूप से, यदि आप बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों का हिस्सा होते तो आप कितने प्रेरित होते? बेहद प्रेरित, मैं कहूंगा। मैं निश्चित रूप से टीम में रहने की पूरी कोशिश करता। अपने देश का प्रतिनिधित्व करना सम्मान और गौरव की बात है।

**आश्चर्यजनक**

- यह बहुत ही अजीब और आश्चर्यजनक है कि ओलंपिक में अनुशासन होने के बावजूद निशानेबाजी को राष्ट्रमंडल खेलों से हटा दिया गया है

# केन विलियमसन, ट्रेंट बोल्ट और टिम साउदी की टीम में वापसी, वेस्टइंडीज से सीरीज

नई दिल्ली, एजेंसी



न्यूजीलैंड की टीम 8 साल बाद वेस्टइंडीज का दौरा करने को तैयार है। दोनों टीमें इस दौरे पर सिर्फ सीमित ओवरों की सीरीज ही खेलेंगी। 10 अगस्त से शुरू होने वाले इस दौरे पर 3 टी20कऔर 3 वनडे मैच खेले जाएंगे। इसके लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट ने आज अपनी टीम का ऐलान कर दिया। कप्तान केन विलियमसन, ट्रेंट बोल्ट और टिम साउदी की टीम में वापसी हुई है। इन दिग्गजों के अलावा टॉम लैथम और डेवोन कॉन्वे भी आराम के ही बाद टीम में वापसी कर रहे हैं।

वेस्टइंडीज का दौरा न्यूजीलैंड के लिए काफी अहम है क्योंकि इससे वह टी20 वर्ल्ड कप के लिए अपनी टीम की तैयारियों का आकलन करना चाहेगा। न्यूजीलैंड ने इससे पहले आखिरी बार 2014 में वेस्टइंडीज का दौरा किया था। इससे पहले कीवी टीम इन दिनों आयरलैंड दौरे पर थी, जहां उसने 3 टी20कऔर इतने ही वनडे मैचों की सीरीज खेली है। कीवी टीम ने यहां भले अपने सभी स्टार खिलाड़ियों को आराम दिया था लेकिन इसके बावजूद वह मेजबान टीम का दोनों सीरीज में क्लीन स्वीप कर चुकी है। कीवी टीम विंडीज के दौरे से पहले अब स्कॉटलैंड का भी दौरा करेगी। यहां उसे 2 टी20क और एकमात्र वनडे सीरीज खेलनी है। यहां कीवी टीम के पास सीनियर खिलाड़ियों के तौर पर मार्टिन गप्टिल, लॉकी फर्ग्यूसन, इश सोढ़ी, जेम्स नीशम और मिशेल सेंटनर का नाम है लेकिन उसकी बाकी टीम युवा खिलाड़ियों से भरी है। न्यूजीलैंड टीम भी इस दौरे पर एक तरह से अपनी बी टीम को टेस्ट कर रही है। इन दिनों क्रिकेट मैचों की संख्या बढ़ने से अब यह ट्रेंड बढ़ने लगा है कि ज्यादातर क्रिकेट बोर्ड खिलाड़ियों की फिटनेस और वर्कलोड मैनेजमेंट का ध्यान रखते हुए स्टार खिलाड़ियों को आराम देकर अपने रिजर्व खिलाड़ियों को भी मौका दे रहे हैं। वेस्टइंडीज दौरे पर कीवी टीम इस प्रकार हैः केन विलियमसन (कप्तान), फिन एलन, ट्रेंट बोल्ट, माइकल ब्रेसवेल, डेवोन कॉन्वे, लॉकी फर्ग्यूसन, मार्टिन गप्टिल, मैट हेनरी, टॉम लैथम, डेरिल मिशेल, जिमी नीशम, ग्लेन फिलिप्स, मिशेल सेंटनर, ईश सोढ़ी, टिम साउदी।

## जमशेदपुर एफसी ने लल्लवमावमा के साथ अपने अनुबंध का किया विस्तार

जमशेदपुर, एजेंसी

जमशेदपुर एफसी ने डिफेंडर रिकी लल्लवमावमा के साथ अपने अनुबंध का विस्तार किया है। रिकी 2024 तक क्लब में बने रहेंगे। डिफेंडर रिकी लल्लवमावमा ने जमशेदपुर के लिए पिछले दो सत्रों में प्रभावशाली आँकड़े दर्ज किए हैं, जिनमें 130 टैकल, 63 इंटरसेप्शन, 84 क्लीयरेंस और 75 ब्लॉक शामिल हैं। उन्होंने पिछले सीजन में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के खिलाफ 3-2 से रोमांचक जीत दर्ज करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिसके लिए उन्हें हीरो ऑफ द मैच का पुरस्कार भी मिला था। विस्तार पर हस्ताक्षर करने पर, रिकी ने कहा,"जमशेदपुर के साथ यह एक स्वप्निल यात्रा रही है, और मैं जमशेदपुर का प्रतिनिधित्व करना जारी रखने के लिए बेहद उत्साहित हूं। हम पिछले दो सत्रों में बड़े हुए हैं और एक साथ बड़ी सफलता हासिल की है। लेकिन हम यहां सिर्फ चैंपियंस ऑफ इंडिया के खिताब की रक्षा करने के लिए नहीं बल्कि इस बार प्रशंसकों के सामने ट्राफियां जीतने के लिए भी होंगे क्योंकि हम जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेलेंगे।"

मिजोरम में जन्मे, लालावमावमा ने अपने करियर की शुरूआत आइजोल से की, जहां उन्हें कप्तान बनाया गया। फिर वह 2014 में स्थानीय प्रतिद्वंद्वियों, चनमारी में चले गए, जिसके बाद उन्होंने जो यूनाइटेड और आइजोल एफसी के साथ काम किया। 17 अगस्त 2017 को, उन्होंने मोहन बागान के साथ आई-लीग में खेलने के लिए करार किया। रिकी ने बाद में 2018-19 सीजन में एटीके कोलकाता के लिए अपने पहले आईएसएल सीजन में 17 मैच खेले।

# तीनों प्रारूपों में खेलना खिलाड़ियों के लिए मुश्किल हो जाएगा : डी कॉक

लीड्स, एजेंसी



दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर-बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक को लगता है कि भविष्य में खिलाड़ियों के लिए तीनों प्रारूपों में खेलना कठिन होगा। साथ ही कई पूर्व क्रिकेटरों द्वारा इसके अस्तित्व पर संदेह करने के बावजूद उन्होंने वनडे के भविष्य को अच्छा बताया है।

हेडिंग्ले में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरा वनडे मैच बारिश से रद्द होने से पहले डी कॉक ने नाबाद 92 रन बनाए थे। उन्होंने पितृत्व अवकाश पर जाने से पहले सेंचुरियन में पिछले साल भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के बाद अपने टेस्ट करियर से संन्यास ले लिया था। बेन स्टोक्स के वनडे संन्यास के बाद से, खिलाड़ियों का कार्यभार और व्यस्त क्रिकेट कार्यक्रम क्रिकेट जगत में बहस का मुद्दा बना हुआ है। मैच के बाद डी कॉक ने कहा, तीन प्रारूपों में खेलना खिलाड़ियों के लिए यह कठिन होना शुरू हो गया है। ऐसा लगता है कि बहुत अधिक मैच हो रहे हैं। खिलाड़ियों को व्यक्तिगत रूप से निर्णय लेने की जरूरत है और अगर उन्हें लगता है कि वे तीनों प्रारूपों में खेल सकते हैं, तो यह बेहतर होगा। लेकिन लोगों को निर्णय अपने हाथों में लेने की जरूरत है। मेरे लिए, मैं जहां हूं वहां खुश हूं। डी कॉक ने यह भी आशा जताई है कि दक्षिण अफ्रीका को 50 ओवर के अधिक क्रिकेट खेलने को मिले और उन्होंने कहा कि वह प्रोटियाज के लिए वनडे विश्व कप जीतना चाहते हैं, जिसके लिए एक मौका अगले साल भारत में आएगा। डी कॉक ने स्वीकार किया कि टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद उनका वनडे और टी20 में खेलना कम नहीं हुआ है, क्योंकि बांग्लादेश के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका की सफेद गेंद की श्रृंखला में खेलने के बाद, डी कॉक आईपीएल 2022 में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए खेलने गए थे। वह भारत में पांच टी20 के लिए प्रोटियाज की ओर से खेलने भी आए थे और अब वनडे और टी20 श्रृंखला के लिए इंग्लैंड में हैं। डी कॉक दक्षिण अफ्रीका के भारत के छोटे दौरे और ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप के लिए वापस आने से पहले द हंड्रेड, कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) में भाग लेने वाले हैं।

## भारतीय दल में मुक्केबाजी सहायक कोच संध्या और मनोचिकित्सक गायत्री शामिल

लंदन, एजेंसी

राष्ट्रमंडल खेलों (सीडब्ल्यूजी) की शुरूआत से कुछ दिन पहले मुक्केबाजी की सहायक कोच संध्या गुरुंग और खेल मनोचिकित्सक गायत्री वर्तक को भारतीय दल में शामिल किया गया है। द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता संध्या राष्ट्रीय शिविर में सहायक कोच हैं और वह तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन का मार्गदर्शन कर रही है। गायत्री मानसिक अनुकूलन कोच हैं जिन्होंने मई में भारतीय टेबल टेनिस टीम के साथ राष्ट्रीय शिविर में काम किया था। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के एक सूत्र ने कहा, संध्या गुरुंग और गायत्री वर्तक को भारतीय दल में शामिल किया गया है। तोक्यो ओलंपिक से पहले लवलीना को मुश्किल मानसिक स्थिति से बाहर निकालने का श्रेय संध्या को जाता है। वह मुक्केबाजी दल के साथ आयरलैंड गयी थी, जहां मुक्केबाजों ने 15 दिवसीय शिविर में हिस्सा लिया था। संध्या को भारतीय दल में आखिरी क्षणों शामिल किया गया था, जिसके कारण उनका एक्रीडेशन नहीं पहुंच सका और बर्मिंघम पहुंचने पर उन्हें हवाई अड्डे पर रोक लिया गया। वह इसके बाद उस होटल में रूकी जहां अतिरिक्त अधिकारी ठहरे हुए हैं। गायत्री को अभी भी अपने वीजा का इंतजार है। सूत्र ने बताया, संध्या पहले ही बर्मिंघम पहुंच चुकी है लेकिन गायत्री अपने वीजा का इंतजार कर रही है जो कल आएगा। पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी गायत्री इन खेलों में मुख्य रूप से टेबल टेनिस खिलाड़ियों की मदद करेंगी।

वन्दे मातरम् वन्दे मातरम् वन्दे मातरम्

आज़ादी का अमृत महोत्सव



निष्ठा धृति: सत्यम्
SALUTE TIRANGA

मिडिया पार्टनर
प्रात: किरण हिंदी दैनिक

राष्ट्रीय अन्तराष्ट्रीय 75 लाख
देश भक्त होंगे शामिल

स्थान: वेस्टर्न कोर्ट एनेक्सी,
जनपथ दिल्ली सायं 4 बजे

26 जुलाई 2022

सैल्यूट तिरंगा द्वारा आयोजित
"राष्ट्रगान"
वन्दे मातरम्
घर-घर तिरंगा

राजेश झा
संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष
Phone No. 9350834252
Website : salutetiranga.org



मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555